सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:40
अधिकतम तापमान : 25.5
न्यूनतम : 10.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-215 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 24 जनवरी 2026
04 शाबान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# तमिलनाडु में पीएम ने फूंका चुनावी बिगुल

■ कहा- डीएमके सरकार को विदाई देने का समय आ गया



**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु में अगले कुछ महीनों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य में भ्रष्ट द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार को विदाई देने का समय आ गया है।

उनकी टिप्पणियों पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु राजग के धोखे को भूला नहीं है। तमिलनाडु में राजग के चुनाव प्रचार की शुरुआत के लिए चेन्नई के नजदीक मदुरांतकम जाने से पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग के शासन का रिकॉर्ड और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को लेकर उसकी प्रतिबद्धता राज्य की जनता के दिलों को छू रही है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, तमिलनाडु राजग के साथ है। राजग के शासन का रिकॉर्ड और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को लेकर उसकी प्रतिबद्धता राज्य की जनता के दिलों को छू रही है। भाजपा के तमिलनाडु के चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल ने एक्स पर लिखा, यह पीएम मोदी और तिरु ई. के. पलानीस्वामी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में तमिलनाडु में राजग के चुनाव अभियान की शुरुआत है।

### तमिलनाडु में एनडीए सरकार तय

पीएम मोदी ने कहा कि तमिलनाडु में भाजपा-एनडीए की डबल इंजन सरकार का गठन होना पक्का है। डीएमके सरकार का लोकतंत्र और जवाबदेही से कोई लेना-देना नहीं; यह केवल एक परिवार के लिए काम करती है। यहां का बच्चा भी जानता है कि वहां कितना भ्रष्टाचार हो रहा है और पैसा किसकी जेब में जा रहा है।

## केरल में पहली बार दौड़ी अमृत भारत, मोदी ने तीन ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शक्रवार को यहां आयोजित कार्यक्रम में केरल से चलने वाली तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहला मौका है जब केरल में कोई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन चली। इसके साथ ही मोदी ने इसी त्रिशूर-गुरुवायुर यात्री ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन के चलने से रोजमर्रा के कामों के लिए यात्रा करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) ने बताया कि दक्षिण भारत में रेल यात्रा में आज नये युग की शुरुआत हुई है।

# देश के लिए नेता जी का योगदान अविस्मरणीय

■ सुभाष चंद्र बोस जयंती पर सीएम योगी ने पुष्पार्पित कर किया नमन



**लखनऊ।** शुक्रवार को लखनऊ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर हजरतगंज स्थित नेताजी सुभाष चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए। उन्होंने नेता जी के चित्र पर पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया।

इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि क्रांतिकारियों के सिरमौर के रूप में नेता जी ने भारत की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने भारतवासियों से आह्वान किया... तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। दिल्ली चलो... के नारे ने हर किसी के अंदर जोश भरा। नेता जी ने देश में रहते हुए, देश के बाहर रहकर जो योगदान दिया, वह अविस्मरणीय है। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जन्म सन् 1897 में कटक में एक प्रतिष्ठित अधिवक्ता परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा ब्रिटेन से प्राप्त की। नेताजी ने उस समय की सबसे प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त होने के बावजूद, ब्रिटिश हुकूमत के अधीन कार्य करने से मना कर दिया और भारत के स्वाधीनता आन्दोलन में कूद पड़े।

## सीएम ने मेदांता अस्पताल जाकर महंत नृत्य गोपाल दास का जाना हाल

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित मेदांता हॉस्पिटल पहुंचकर श्री मणिरामदास छावनी के महंत एवं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास जी महाराज से भेंट की। मुख्यमंत्री ने उनका कुशल-क्षेम जाना और चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

योगी ने चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने प्रभु श्री राम से महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।


# सिटी मोन्टेसरी स्कूल

CMS CITY MONTESSORI SCHOOL

द्वारा गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी 2026 को प्रदर्शित की जाने वाली झाँकी

## 'सारे जग में गूँज उठे जय-जगत का नारा है'




### झाँकी की विशेषतायें

1. झाँकी के प्रथम भाग में सबसे आगे एक सी.एम.एस. छात्रा को ग्लोब उठाये हुए दिखाया गया है जो सारे विश्व को 'वसुधैव कुटुम्बकम्' अर्थात यह सारी वसुधा हमारा कुटुम्ब है तथा हम उसके विश्व नागरिक हैं, की शिक्षा दे रही है।
2. इसी भाग में आगे ग्लोब के ऊपर 'सर्वधर्म समभाव' की महान भावना के साथ एक विशाल गुलाबी कमल के फूल की पंखुड़ियों के ऊपर एक ही परमपिता परमात्मा की ओर से युग–युग में भेजे गये विभिन्न अवतारों एवं उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं को दिखाया गया है। यह दृश्य यह संदेश देता है कि सभी धर्मो की शिक्षायें समस्त मानवजाति के लिए हैं।
3. झाँकी के मध्य भाग में मानवता रूपी विशाल कल्पवृक्ष की शाखाओं पर अंकित विभिन्न उपासना स्थल एकता का संदेश दे रहे हैं। इस विशाल वृक्ष के नीचे 'सारे जग में गूँज उठे 'जय जगत' का नारा है' गीत पर नृत्य करते हुए बच्चे इस भाव को जीवंत कर रहे हैं कि ईश्वर एक है, ईश्वर का धर्म एक है तथा समस्त मानव जाति एक ही परमात्मा की संतान हैं।
4. इसके अगले भाग में विद्यालय मॉडल के समीप सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक–प्रबंधक स्व डॉ. जगदीश गाँधी की प्रतिमा के साथ विद्यालय का एक छात्र खड़ा है, जो ग्लोब की ओर संकेत कर रहा है। इसी विचार की सजीव अभिव्यक्ति हैं– सी.एम.एस. में 15 वर्षो तक शिक्षा ग्रहण करने वाले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, जिन्होंने अंतरिक्ष से देश के प्रधानमंत्री के साथ जून–2025 में बात करते हुए कहा था कि 'पृथ्वी पूरी तरह से एक है, बाहर से कोई सीमा रेखाएं दिखाई नहीं देती...।
5. झाँकी के अंत में विज्ञान और अध्यात्म का संगम दिखाया गया है, जिसमें एक घूमता हुआ ग्लोब और रॉकेट वैज्ञानिक प्रगति का प्रतीक हैं, जबकि ऊपर चमकते हुआ प्रकाश उस ईश्वरीय प्रकाश को दर्शाता हैं जो हम सबको एक सूत्र में पिरोता है।

इस प्रकार सिटी मोन्टेसरी स्कूल की यह झाँकी संपूर्ण विश्व को एक स्पष्ट और सशक्त संदेश देती है कि यह धरती हम सभी की साझी धरोहर है और इसका भविष्य आपसी प्रेम, शांति और सहयोग में ही सुरक्षित है।

### झाँकी गीत

परमपिता है एक, विश्व परिवार हमारा है,
सारे जग में गूंज उठे, जय जगत का नारा है।
चाहे हिन्दू, चाहे मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई हो,
रूसी, चीनी, अफ्रीकी हो चाहे थाई हों,
एक बाग के फूल हैं हम, ये चमन हमारा है,
सारे जग में गूंज उठे, जय जगत का नारा है।

नानक, ईसा, बुद्ध, मोहम्मद प्रेम का पाठ पढ़ायें,
ऊंच नीच का बन्धन तोड़ो, सभी सन्त बतलायें,
सत्य अहिंसा के फूलें से चमन संवारा है,
रामायण, बाइबिल, कुरान दे, श्रद्धा, प्रेम और भक्ति,
धर्म शास्त्र देते सबको, निष्काम कर्म की शक्ति,
अलग–अलग हैं धारायें, पर एक किनारा है,
सारे जग में गूंज उठे, जय जगत का नारा है।

प्रेरणा स्रोतः
स्व. डॉ जगदीश गाँधी, संस्थापक–प्रबन्धक, सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ








# उत्साह, उल्लास और उमंग से मनाया जाएगा यूपी दिवस



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी** आइए आईटीआई ओपन ऑडिटोरियम और लीजिए यूपी दिवस का आनंद। जी हां खीरी में इस बार उत्तर प्रदेश दिवस 2026 को उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ मनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया। आईटीआई ओपन ऑडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को सुबह 11 बजे होगा। कार्यक्रम की शुरुआत राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजेश वर्मा करेंगे शुक्रवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने यूपी दिवस कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य पंडाल और विभागीय स्टालों की तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्टालों पर न केवल योजनाओं की जानकारी दी जाए, बल्कि पात्र लाभार्थियों को उनसे जोड़ कर उनका भविष्य संवारा जाए उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम को दिव्य और भव्य बनाने में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में सभी सरकारी विभागों ने पूरी ताकत झोंक दी है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने सभी विभागीय अफसरों को अपने स्टालों पर तैनात देखा और कहा कि उत्तरदायित्व का सम्यक निर्वाहन समय पर सुनिश्चित किया जाए।सीडीओ अभिषेक कुमार ने नगरवासियों से आग्रह किया कि वे इस भव्य आयोजन में भाग लें।

## लखीरा' ब्रांड के उत्पाद रहेंगे आकर्षण का केंद्र

यूपी दिवस में स्वयं सहायता समूह लखीमपुर खीरी द्वारा तैयार 'लखीरा' ब्रांड के उत्पादों के लिए विशेष स्टाल लगाए गए हैं। ये स्टाल न केवल ग्रामीण एवं स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे, बल्कि महिलाओं की मेहनत और हुनर को भी सम्मान देंगे।

# मंगेतर के साथ रह रही युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर दी जान

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला निर्मलनगर स्थित एक किराये के मकान में मंगेतर के साथ रह रही युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर जान दे दी। घटना की सूचना पर पहुंचे युवती के परिजन शव गांव ले आए जहां पर अंतिम संस्कार की तैयारी पूरी की जा रही थी।इधर पुलिस को घटना की भनक लगी तो अंतिम संस्कार रुकवाकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इतना ही नहीं पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है। परिजनों के मुताबिक, फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव बेचेपुरवा करदहिया निवासी लीलावती (22) की शादी तय थी। इसी साल उसकी शादी शारदानगर के गांव मूलचंदपुरवा निवासी योगेंद्र के साथ होनी थी। दोनों पक्ष के परिजनों की रजामंदी से मृतका और योगेंद्र मोहल्ला निर्मलनगर स्थित एक किराए के मकान में रह रहे थे पोस्टमॉर्टम हाउस पर मौजूद मृतका के परिजनों ने बताया कि घटना मंगलवार की देर रात हुई। माना जा रहा है कि किसी बात को लेकर योगेंद्र और लीलावती के बीच कहासुनी हुई होगी। इसी बात से क्षुब्ध लीलावती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर दी सूचना पर पहुंचे परिजन लीलावती का शव लेकर योगेंद्र के गांव मूलचंद पुरवा पहुंच गए। परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे कि इसी बीच पुलिस आ धमकी। पुलिस ने संस्कार क्रिया को रोककर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना के पीछे का कारण जानने का प्रयास करने में जुट गई है।

## ऋतुराज वसंत के मौके पर भक्तों ने राजाजीपुरम स्थित बाबा नर्मदेश्वर महादेव मन्दिर में विशेष अनुष्ठान किया

**लखीमपुर-खीरी।** ऋतुराज वसंत के मौके पर भक्तों ने शहर के राजाजीपुरम स्थित बाबा नर्मदेश्वर महादेव मन्दिर में विशेष अनुष्ठान किया। भक्तों ने यहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भोले बाबा का रुद्राभिषेक किया। इसके बाद भजन कीर्तन शुरू हो गया। शाम तक भजन कीर्तन से मन्दिर परिसर गूंजता रहा। मन्दिर आए भक्तों को प्रसाद में तहरी वितरित की गई। सुबह भोलेनाथ का पीले फूलों से विधि विधान से श्रृंगार किया गया। इसके बार आरती में भक्त शामिल हुए। दोपहर 11 बजे से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक शुरू किया गया। रुद्राभिषेक कर लोक कल्याण की कामना की गई। इसके बाद भजन कीर्तन की शुरुआत हुई महिला भक्तों ने ढोल मंजीरे की धुन पर शाम तक भजन कीर्तन किया। इस दौरान मन्दिर आए भक्तों को प्रसाद के रूप में तहरी खिलाई गई। शाम को आरती के साथ भजन कीर्तन का समापन किया गया। दर्शन पूजन व भजन कीर्तन में भारी संख्या में भक्त शामिल हुए।

## 1.5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बरामद कर अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा, कुल 1.5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बरामद करके अभियुक्त अमन कुमार उर्फ अप्पू पुत्र स्व0 अमर सिंह निवासी ग्राम उदयपुर महेवा थाना कोतवाली सदर जिला खीरी को गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 055/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती का पूजन, हवन एवं आरती की गई आयोजित



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)**स्थित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती का पूजन, हवन एवं आरती आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. वाणी गुप्ता सहित शिक्षक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं शामिल रहे इसी अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस मनाते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

## संकटादेवी मंदिर के मुख्य गेट के पास दुकानों और ठेलों के कारण लगातार लग रहा है जाम

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** संकटादेवी मंदिर के मुख्य गेट के पास दुकानों और ठेलों के कारण सड़क सकरी हो गई है, जिससे लगातार जाम लग रहा है और श्रद्धालुओं व आम लोगों को परेशानी हो रही है, नगर पालिका द्वारा पहले अतिक्रमण हटाया गया था लेकिन दुकानदार फिर से सड़क पर कब्जा कर लेते हैं।

## डीएम साहिबा को नेशनल वोटर्स डे पर महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाएगा राष्ट्रीय पुरस्कार



**बिजनौर (अवधनामा संवाददाता)** डीएम साहिबा को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जनवरी 2026 को को नेशनल वोटर्स डे पर राष्ट्रीय पुरस्कार मा0 राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशों का समयपूर्वक एवं गंभीरतापूर्वक अनुपालन कराने के लिये ये पुरस्कार ट्रेनिंग कैपेसिटि बिल्डिंग श्रेणी में बी0एल0ओ स्तर तक बहु-स्तरीय प्रशिक्षण, निरन्तर माईक्रो प्लानिंग, बी0एल0ओ0 के कार्य की दैनिक मॉनिटरिंग एवं मार्गदर्शन के लिये दिया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों तथा विभिन्न विभागों को भी समय-समय पर प्रशिक्षण में जोड़ने का प्रयास किया गया, जिसके परिणामस्वरूप यह पुरस्कार एक टीम के रूप में कार्य करने पर प्राप्त हुआ है।

## एनडीपीएस एक्ट के दोषी अभियुक्त को दो वर्ष का कारावास

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** न्यायालय अपर-सत्र न्यायाधीश एडीजे-11 ने एनडीपीएस एक्ट के दोषी अभियुक्त को 02 वर्ष का कारावास व 10 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता अमित त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 23 फरवरी को वादी उप निरीक्षक मनोज कुमार थाना नानौता की सूचना पर अभियुक्त शोएब पुत्र वाजिद मलिक निवासी ग्राम खेड़ा कुरतान थाना कांधला जनपद शामली के कब्जे से 8 ग्राम स्मैक बरामद होने पर अभियुक्त के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना नानौता पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। यह मामला न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 में विचाराधीन रहा।

# पीएम स्वनिधिः सहारनपुर के 132 लाभार्थियों को भी मिलेगा क्रेडिट कार्ड



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत केरल में क्रेडिट कार्ड लांच करने एवं ऋण वितरण कार्यक्रम का यहां लाइव प्रसारण आईसीसीसी में लाभार्थियों को दिखाया गया। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार व अनेक पार्षद भी मौजूद रहे। सहारनपुर में भी 132 लाभार्थियों को 30 हजार रुपये की लिमिट वालेये क्रेडिट कार्ड प्रदान किये जायेंगे। इस अवसर पर सहारनपुर के लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 में एक ऐसे विकसित भारत का सपना देखा है, जिसमें हर आदमी के पास रोजगार होगा और वह आत्मनिर्भर होगा। उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर 2024 को योजना का प्रथम चरण समाप्त होने के बाद केंद्र सरकार द्वारा योजना को 2030 तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों तक एक रुपये में से मात्र 15 पैसे लाभार्थी तक पहुंच पाते थे बाकि बिचौलिए खा जाते थे। मोदी सरकार ने लोगों को बिचौलियों से बचाया है। आज लोन का पैसा या कोई भी लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंच रहा है। उन्होंने लोगों से इस पूंजी से अपने आप को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। महापौर ने बताया कि योजना के प्रथम चरण में सहारनपुर में नगर निगम क्षेत्र के 21629 वेंडर्स को प्रथम किश्त के रुप में 10 हजार, 8772 वेंडर्स को द्वितीय किश्त के रुप में 20 हजार तथा 1679 वेंडर्स को तृतीय किश्त के रुप में 50 हजार का ऋण उपलब्ध कराया गया। जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 510 लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रुप में 15 हजार, 773 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त के रुप में 25 हजार तथा 317 लाभार्थियों को तृतीय किश्त के रुप में 50 हजार रुपये की किश्त प्रदान की गयी है।

## रणबीर कपूर बने पीएनजी ज्वेलर्स के नए ब्रांड एंबेसडर



*अवधनामा संवाददाता*

**गोरखपुर।** वर्ष 1832 से चली रही विरासत और भारत के सबसे प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांड्स में से एक, पीएनजी ज्वेलर्स ने बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है ।परंपरा, विश्वासार्हता और आधुनिक आकर्षण के साथ रणबीर कपूर पीएनजी ज्वेलर्स की सफर में एक रोमांचक नया अध्याय जोड़ते हैं क्योंकि ब्रांड अपनी राष्ट्रीयमौजूदगी को और मजबूत कर रहा है ।इस साझेदारी को लेकर अपनी खुशी और इसके ब्रांड पर दूरगामी प्रभाव को साझा करते हुए पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष और व्यवस्थापकीय संचालक डॉ. सौरभ गाडगीळ ने कहा, रणबीर कपूर विरासत और आधुनिक आकांक्षाओं का एक आदर्श संतुलन प्रस्तुत करते हैं।

जिस तरह पीएनजी ज्वेलर्स दशकों में अपने मूल्यों से जुड़े रहते हुए विकसित हुआ है, उसी तरह रणबीर ने भी अपनी प्रामाणिकता और प्रासंगिकता के साथ एक प्रतिष्ठित विरासत को आगे बढ़ाया है। यह साझेदारी केवल पब्लिसिटी तक सीमित नहीं है, बल्कि साझा मूल्यों और भविष्य की एक समान दृष्टि का प्रतिबिंब है।

इस सहयोग के साथ पीएनजी ज्वेलर्स विश्वास, बदलती विरासत और कालातीत सुंदरता के प्रतीक के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करता है, जो परंपरा और आधुनिक भारत के बीच एक सशक्त सेतु का निर्माण करता है। महाराष्ट्र में स्थापित और अब पूरे भारत व विदेशों में आत्मविश्वास के साथ विस्तार कर रहा पीएनजी ज्वेलर्स, डॉ. सौरभ गाडगीळ के नेतृत्व में एक स्पष्ट और दूरदर्शी सोच के साथ आगे बढ़ रहा है।

## बारिश ने पंतगबाजी के शौकीन युवाओं के अरमानो पर फेरा पानी

**सहारनपुर।** देर रात से रूक रूक चल रही बारिश ने बसंत पंचमी पर्व मनाने वाले शौकीनों के अरमानो पर पूरी तरह से पानी फेर दिया। पतंगबाजी के शौकीन युवाओं में इसको लेकर खासा निराशा देखने को मिली। युवाओं ने बताया कि पूरे साल बसंत पंचमी का इंतजार रहता है, लेकिन इस बार मौसम ने सारी तैयारियों पर पानी फेर दिया। लेकिन कुछ उत्साही युवकों ने देर शाम बारिश रूकने पर बसंत पंचमी की औपचारिकताएं निभाकर खुशी मनायी। बसंत पंचमी पर्व को लेकर युवाओं ने पहले ही बड़ी संख्या में पतंगें, मांझा व अन्य सामान खरीद लिया था। तेज हवाओं और रुक-रुक कर हुई बारिश का सबसे अधिक असर बसंत पंचमी पर्व पर देखने को मिला। इस अवसर पर होने वाली पारंपरिक पतंगबाजी पूरी तरह ठप हो गई। मौसम की प्रतिकूलता के चलते लोग घरों से बाहर नहीं निकल सके, जिससे पतंग उड़ाने का उत्साह फीका पड़ गया। कई युवाओं ने बताया कि पूरे साल बसंत पंचमी का इंतजार रहता है, लेकिन इस बार मौसम ने सारी तैयारियों पर पानी फेर दिया। वहीं, पतंग और मांझा बेचने वाले दुकानदारों को भी नुकसान उठाना पड़ा। व्यापारियों का कहना है कि बसंत पंचमी पर अच्छी बिक्री की उम्मीद थी, लेकिन बारिश और तेज हवाओं के कारण अपेक्षित कारोबार नहीं हो सका। मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में यह बदलाव आया है और आने वाले कुछ समय तक हल्की बारिश व तेज हवाएं चलने की संभावना बनी हुई है। कुल मिलाकर, मौसम की मार के चलते बसंत पंचमी का उत्साह इस बार फीका रहा और पतंगबाजी प्रेमी युवा निराश होकर रह गए। लेकिन कुछ उत्साही युवकों ने देर शाम बारिश रूकने पर बसंत पंचमी की औपचारिकताएं निभाकर खुशी मनायी और डीजे की धुनों पर मौज मस्ती भी की।

# आशाओं तथा संगीनियों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन 39 वें दिन भी जारी

## प्राइवेट रूप से ब्लड निकलवा कर आज लिखेंगीं प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को पत्र



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** आशाओं तथा संगीनियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर मालवीय आवास ग्रह पर किया जा रहा धरना प्रदर्शन शुक्रवार को 39 वें दिन भी जारी रहा। गौरतलब है कि बृहस्पतिवार को संगठन की जिला अध्यक्ष जौली वैश्य के नेतृत्व में द्वारा मालवीय आवास गृह से जिला चिकित्सालय के समीप स्थित अंबेडकर पार्क तक अपनी मांगों को लेकर एक जुलूस निकाला गया था।इस दौरान संगठन द्वारा जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखकर शुक्रवार को धरना स्थल पर ब्लड कलेक्शन हेतु लैब टेक्नीशियन भेजने की मांग की गई थी जिससे वह प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को अपनी मांगों को लेकर अपने खून से एक पत्र लिख सकें।जो शुक्रवार को नहीं पूरी हो सकी।जिस पर संगठन की जिला अध्यक्ष जौली वैश्य ने धरना स्थल पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की संवेदन हीनता का यह जीता जागता उदाहरण है कि कड़कड़ाती सर्दी में बदायूं सहित प्रदेश की 1 लाख से अधिक आशा कर्मी खुले आसमान के नीचे बैठी रही ,सीएचसी से मुख्यालय और मंडल से होते हुए राजधानी तक सड़क पर जूझती रही किंतु सरकार सिर्फ अपना चेहरा बचाती रही और उसकी नौकरशाही झूठ बोलने तथा उत्पीड़न में लगी रही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आगामी 2 फरवरी को अपना बजट प्रस्तुत करने जा रही है। इसलिए दिल्ली में बैठी सरकार को 45/46 वे भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों राज्य के साथ लागू करने के लिए बाध्य करने हेतु आगामी 30 जनवरी को गांधी,भगत सिंह, अम्बेडकर के रास्ते÷आशा कर्मियों के बेहतर जीवन के वास्ते÷ नारे के साथ मुख्यालयों पर प्रदर्शन और एक बार फिर 9 फरवरी को लखनऊ कूंच किया जाएगा।जौली ने अंत में कहा कि अबकी राजधानी से खाली हाथ लौटने के लिए नहीं ,मांगे पूरी न होने तक डेरा डालकर बैठने की दृढ़ता के साथ जाना होगा।उन्होंने बताया कि पत्रर लिखने के लिए आज यानी शनिवार को संगठन द्वारा प्राइवेट लैब टेक्नीशियन बुलाकर ब्लड कलेक्ट किया जाएगा। धरने को संबोधित करते हुए जिला सचिव मुनीषा ने कहा कि 30 तारीख को भारी संख्या में सभी को आना है और 9 फरवरी राजधानी में घेरा डालो आंदोलन की तैयारी में हम सभी को अभी से जुटना होगा। इस मौके पर मुन्नी विनय सुनीति अलका मीना राजेश्वरी गिरिजा सुमनलता आदि ने भी अपने विचार रखे।

## ओवर लोड रेत से भरे व बिना प्रपत्र के एक डम्पर सीज

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना सरसावा पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने चैकिंग के दौरान ओवर लोड रेत से भरा व बिना प्रपत्र के एक डम्पर सीज किया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देशन में अवैध खनन एवं खनन सामग्री के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## वसीम कुरैशी ने फिर दिखाई दरियादिली, पीड़ित परिवार की मदद को बढ़ाया हाथ



**नजीबाबाद (अवधनामा संवाददाता)** फिल्म प्रोड्यूसर वसीम कुरैशी ने एक बार फिर साबित कर दिया की वह गरीबों और मज़लूमो के साथ हमेशा खड़े है। नगर पंचायत जलालाबाद में गरीब परिवार के सहारे को कुछ हैवानों ने मौत के घाट उतारकर उनका जीने का सहारा छीन लिया मासूम की मौत से क्षेत्र में मायूसी छाई है। वसीम कुरैशी ने अरमान की हत्या पर बेहद अफसोस जाहिर किया है और उन्होंने पीड़ित परिवार की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है, उन्होंने दुआ फाउंडेशन के साथ मिलकर परिवारको 2.50 लाख रुपए देने का वादा किया है। वसीम कुरैशी ने कहा कि जब तक अरमान का केस चलेगा वह केस को खुद लड़ेंगे।

## प्रशासनिक अधिकारियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)**नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिवस पर विकास भवन में महान विभूति नेताजी की जयन्ती मनायी गयी। विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन एवं कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह ने नेताजी की तस्वीर पर माल्यापर्ण किया। सुमित राजेश महाजन ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला गया और भारत की आजादी में उनके अतुल्य योगदान को याद किया।

# डीएम साहिबा की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य समिति की बैठक

## जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं : डीएम साहिबा

**बिजनौर।** डीएम साहिबा की अध्यक्षता में शाम कलेक्ट्रेट सभागार जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं तथा प्रतिएक सप्ताह बीपीएम तथा बीसीपीएम के साथ आयुष्मान कार्ड के संबंध में बैठक का आयोजन करते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विशेष कैंपों का आयोजन कर और लक्ष्य के सापेक्ष आयुष्मान कार्ड की प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पात्र व्यक्ति का ही आयुष्मान कार्ड बने किसी भी दशा में अपात्र व्यक्ति का कार्ड न बनने पाए इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने एंबुलेंस सेवा 102 और 108 की गुणवत्ता पर कि समीक्षा करते हुए संबंधित नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि आपातकालीन सेवाओं को उपलब्ध कराने वाली उक्त दोनों एंबुलेंस सेवाओं को मानक के अनुसार संचालित कराएं और अनावश्यक रूप से विलंब करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जनसामान्य को उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग का मुख्य कार्य हैं, अतः सभी स्वास्थ्य अधिकारी पूर्ण मानक एवं गुणवत्तापूर्ण आमजन को स्वस्थ लाभ उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय सहित जनपद के सभी सीएचसी/पीएचसी में आधारभूत सुविधाओं में यदि कोई कमी है तो उसे तत्काल सुधारने की दिशा में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का रूटीन टीकाकरण, बच्चों में कुपोषण के स्थिति की जांच आदि की विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उन्होंने चिकित्सालयों में सभी जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ एन्टी स्नेक के इंजेक्शन उपलब्धता, आशाओं का भुगतान, आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाए जाने वाले आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थी का भुगतान की समीक्षा सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अन्तर्गत जिले में संचालित कार्यक्रमों/योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को पूर्ण मानक के अनुसार क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में अच्छा कार्य करने वाले कार्मिकों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मनोज सेन, डॉ उर्मिला, महिला अस्पताल डॉक्टर प्रभा रानी सहित सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी तथा एमओआईसी मौजूद रहे।

## अरमान के कातिलो को पुलिस ने भेजा जेल



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नगर पंचायत जलालाबाद में 20 जनवरी को मासूम अरमान का बेरहमी से कत्ल कर दिया गया था जिससे परिवार मे कोहराम मच गया था। 21 जनवरी को पीड़ित परिवार की ओर से थाना नजीबाबाद में तहरीर देकर शमशाद पुत्र अनवर, व गोपाल पुत्र अब्दुल जब्बार कस्बा जलालाबाद की गिरफ्तारी की मांग की थी। जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मुख़बिर की सूचना पर घटना से संबंधित अभियुक्त शमशाद पुत्र अनवार निवासी कुरैशियान जलालाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा पूछताछ में शमशाद ने बताया कि वह मजदूरी करता था तथा अपने मित्र गफ्फार महल सराय कस्बा जलालाबाद, आसरा निवासी जलालाबाद के साथ बैठ कर नशा करता था, और उनके मोहल्ले के रहने वाले अरमान पुत्र स्वर्गीय महबूब उनके पास आता था और बदतमीजी कर उनका मजाक उड़ाया करता रहता था। 20 जनवरी को शमशाद व उसका मित्र गफ्फार अरमान को उसके घर से सहकारी समिति के पास लेकर गए जहां अरमान ने गफ्फार की टोपी को लेकर मजाक करने लगा मना करने पर भी नहीं माना तो अभियुक्तगणों को गुस्सा आ गया और उन्होंने ने उनके पास पड़े लकड़ी के डंडे से अरमान के सिर और मुंह पर कई वार कर दिए जिससे अरमान लहू लोहान होकर नीचे गिर पड़ा, दोनों अभियुक्त ने अरमान को मरा सोच वहां से रफूचक्कर हो गये।

## दुकान बंद कर लौट रहे दो व्यापारियों पर कुल्हाड़ी से हमला

### आरोपी के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर जांच में जुटी पुलिस

**नवासी**

> घटना बृहस्पतिवार रात्रि लगभग 8 बजे की बताई जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार रात्रि मोहल्ला कृष्णापुरी निवासी दो व्यापारी दीपक तथा नितिन जो आपस में सगे भाई बताए जाते है।



**बदायूं।** थाना कोतवाली क्षेत्र के गांधी ग्राउंड के समीप एक युवक द्वारा दो भाइयों पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया।घटना का वीडियो किसी के द्वारा बनाकर वायरल कर दिया गया। जिसके बाद पीड़ित की ओर से दी गई नामजद तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। घटना बृहस्पतिवार रात्रि लगभग 8 बजे की बताई जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार रात्रि मोहल्ला कृष्णापुरी निवासी दो व्यापारी दीपक तथा नितिन जो आपस में सगे भाई बताए जाते है अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि वह जैसे ही गांधी ग्राउंड चौराहे के निकट पहुंचे तभी किसी युवक द्वारा उन पर हमला कर दिया गया।शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए लोगों द्वारा बामुश्किल तमाम हमलावर युवक के हाथ से कुल्हाड़ी छीन ली गई लेकिन तब तक दोनों व्यापारी के कुछ चोटें लग चुकी थी। इसी दौरान मौका पाकर हमलावर वहां से फरार हो गया। किसी ने घटना की वीडियो बनाकर उसको वायरल कर दिया।इधर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद हमलावर मनोज तथा दीपक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, पुलिस घटना के खुलासे हेतु वीडियो तथा अन्य आधार पर जांच में जुटी है, जिससे जल्द ही घटना के खुलासे की उम्मीद जताई जा रही है।पुलिस द्वारा घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

# बीएचयू अपना 111 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया, झांकियां के साथ कवि सम्मेलन का आनंद लिए विद्यार्थी

- छात्रावासों में विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक की विद्या व ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा




**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर 'सर्वविद्या की राजधानी' काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में 111वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को हर्ष उल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। साल 1916 में वसंत पंचमी के अवसर पर विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी गई थी। स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विद्यालय,महाविद्यालय,संकाय,

केंद्र,इकाई और संस्थान अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों और विशिष्टताओं को झांकियों के माध्यम से दिखाया गया। सुबह सात बजे ट्रॉमा सेंटर स्थित स्थापना स्थल मंदिर पर पूजनोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। फिर सुबह 10 बजे से 31 झांकियों की शोभायात्रा शुरू हुई जिसे कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी एलडी गेस्ट हाउस से झंडी दिखाकर झांकियों को रवाना किया। समारोह की शुरुआत शुक्रवार प्रातः 7 बजे स्थापना स्थल पर हवन-पूजन के साथ हुई, जिसमें कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी,परीक्षा नियंता एवं कला संकाय की संकायप्रमुख प्रो.सुषमा घिल्डियाल, छात्र अधिष्ठाता प्रो. रंजन कुमार सिंह, मुख्य आरक्षाधिकारी प्रो. संदीप पोखरिया, विभिन्न संस्थानों के निदेशक, संकाय प्रमुख, अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति जी ने विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी।विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न संकायों, केन्द्रों व संस्थानों ने भारत~ समग्रता के साथ निरंतरता की थीम पर झांकियाँ प्रस्तुत की। कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी तथा मुख्य अतिथि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने प्रातः 10 बजे लक्ष्मण दास अतिथि गृह चौराहे पर हरी झंडी दिखाकर स्थापना दिवस झांकियों के शोभायात्रा की औपचारिक शुरुआत की। इस अवसर पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बीएचयू के निदेशक प्रो. अमित पात्रा भी उपस्थित रहे। इन झांकियों में भारत की विशेषताओं, विविधता एवं समृद्ध विरासत के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में देश की उपलब्धियों व विकास गाथा और अतीत के अद्वितीय ज्ञान, परंपरा और संस्कृति को प्रदर्शित किया गया। स्थापना दिवस समारोह के अवसर कुल 31 झाँकिया निकाली गईं।

मालवीय भवन से गुजरती हुई भव्य झांकियों की शोभायात्रा में भारत के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे विकास में अतीत के योगदान के साथ-साथ विरासत को वर्तमान में सहेजना यानी कि समग्रता के साथ निरंतरता को रेखांकित किया गया।

## सूने मकान पर अज्ञात चोरो ने वारदात को दिया अंजाम

**महोबा।** कस्बा पनवाड़ी के मोहल्ला मुल्लनपुरा में एक सूने मकान में अज्ञात चोरो ने प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। परिजन जब गृहस्वामी का उपचार कराकर शुक्रवार को वापस लौटे तब जाकर घटना का पता चला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छनबीन शुरू कर दी है। चोरी की इस वारदात के बाद से पीड़ित परिवार खासा परेशान है और पुलिस से इस घटना का पर्दाफाश कर नगदी और गहने वापस दिलाए जाने की मांग की है।

पीड़िता रुबीना पत्नी नसीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 जनवरी 2026 को उनके पति नसीर की तबीयत बिगड़ने पर पूरा परिवार इलाज के लिए कानपुर चला गया था। मकान में ताला लगाकर जाने के बाद जब परिवार शुक्रवार को वापस लौटा तो मैनगेट का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए और अंदर पहुंचे तो कमरों का सामान बिखरा पड़ा था और चोरों ने कमरों में रखे अलमारी का ताला तोड़ कीमती आभूषणों के साथ-साथ नकदी भी चुरा ली। पीड़ित के अनुसार लगभग एक लाख से ज्यादा का आभूषण और बीस हजार रुपये नगदी गायब है।

# नेताजी के अंदर विलक्षण प्रतिभा थी सभी को लेकर चलना औरों के बस की बात नहीं था

**अवधनामा ब्यूरो**




**वाराणसी।** आजाद हिंद पार्क सिगरा वाराणसी में अमर शहीद स्थिति वाला आयोजित नेता सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह के मुख्य तिथि राजेश कुमार मिश्र, संकायाध्यक्ष, मानविकी संकाय महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने कहा कि आजाद हिंद फ़ौज के नायक शेर ए हिंद सुभाष चंद्र बोस स्वतंत्रा संग्राम के ऐसे सेनानी थे,जो हर मोर्चे पर सफल रहे। नौजवानों के लिए नेताजी प्रेरणा के स्रोत थे। वे राष्ट्रीय एकता के प्रतीक थे। नेताजी के सामने आ जाने से अंग्रेजों के अंदर खौफ पैदा हो जाता था।

कार्यक्रम में ई0 अपूर्व विक्रम दिवेदी (फिल्म अभिनेता) जो विशिष्ट अतिथि थे ने कहा कि आजाद हिंद फ़ौज का निर्माण दुनिया के लिए बेमिसाल कार्य था। नेताजी के अंदर विलक्षण प्रतिभा थी।आजाद हिंद फौज का संचालन करना, सभी को लेकर चलना औरों के बस की बात नहीं था। जिसे निशा जी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए,क्योंकि स्वतंत्रता संग्राम के असली नायक यही थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष प्रो नलिनी श्याम कामिल, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ,ने करते हुए कहा कि यदि आजादी के समय शेर ए हिंद नेता जी सुभाष चंद्र बोस होते तो खंड - खंड भारत कदापि नहीं होता बल्कि सरदार पटेल के साथ मिलकर बृहत अखंड भारत का सृजन करते जिसमें श्रीलंका, बर्मा, अफगानिस्तान,भारत के अंग होते साथ ही भूटान,नेपाल भी स्वयं भारत की अधीनता स्वीकार करते शायद चीन भी आज बौना नजर आता।

कार्यक्रम में डा के के जैन, (वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ) ने कहा कि नेता जी संस्कृत के रक्षक भी रहे, उन्होंने कभी प्रतिद्वंदिता की भावना नहीं रखी और न कभी किसी की आलोचना की।

प्रो अनिल कुमार उपाध्याय, पत्रकारिता विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ,ने कहा कि किसी की लडाई को धार देने के लिए साहित्य - समाचार एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, इसी वजह से नेता जी ने फॉरवर्ड पत्रिका का भी संपादन प्रकाशन करवाया।अंत में धन्यवाद देते हुए संस्था के उपाध्यक्ष डॉ शिव सुंदर गांगुली ने कहा कि नेता जी संस्कृत और संस्कार दोनों के रक्षक थे, जबकि इसके बिना राष्ट्र निर्माण संभव नही है।

# इमाम हुसैन के जन्मदिन पर हुआ नि:शुल्क जलपान वितरण




**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** इस्लाम धर्म के आखरी नबी मोहम्मद साहब के नवासे व कर्बला के अमर शहीद हज़रत इमाम हुसैन (अस) के जन्म दिवस के मौके पर गोलघर चेतना तिराहे पर नि:शुल्क जलपान का विरतण अली ब्वायज कमेटी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मौलाना शमशाद अब्बास ने बताया कि इमाम हुसैन ने आज से लगभग 1450 वर्ष पूर्व कर्बला में शहीद होकर पूरी दुनिया को सब्र व इन्सानियत का पैगाम दिया था जो आज भी प्रसांगिक है। पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हज़रत इमाम हुसैन ने इंसानियत और इस्लाम को बचाने और मज़लूमो के हक़ के लिए अपने बहत्तर साथियों के साथ इराक़ के शहर कर्बला में सबसे बड़ी कुर्बानी दी थी। उन्होंने कहा कि इस्लाम नमाज़, रोज़ा, और हज कर साथ ही समाज के दबे- कुचलों और शोषितों को उनका हक़ दिलाने की भी बात करता है। इस्लाम के गोल्डन रूल द्वारा अच्छाइयों को बढ़ाना और बुराइयों से रोकना है। आज इमाम हुसैन के जन्मदिन है। आइए हम सब शीतल जल का उपयोग करके यह आवाहन करें कि अपने समाज वा संसार से बुराइयां व अन्याय को मिटा देंगे। मौलाना ने कहा कि जब इमाम हुसैन को तीन दिन का भूखा प्यास कर्बला में घेरा गया तो उन्होंने यज़ीदी कमांडर से कहा कि मैं तुम्हारी सरहदों से दूर हिंदुस्तान जाना चाहता हु जहा हैवानियत के बदले इंसानियत पायी जाती है। जिससे यह पता चलता है कि इमाम हुसैन को भारत देश से कितना लगाव था। इस आयोजन में प्रमुख रूप से रहबर हसन, मोहम्मद अब्बास रिज़्वी, तालिब रिज़्वी एडवोकेट, तैय्यब, सैय्यद अली रज़ा, शबाब, सयैद कायम हसन, दिलशाद हुसैन, अली अब्बास रिज़्वी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में राजू श्रीवास्तव, व्यापार मंडल अध्यक्ष नवीन जायसवाल, रज़ी अहमद, अहमर रिज़्वी एडवोकेट, अली मिर्ज़ा, सुल्तान रिज़्वी, अकील रिज़्वी, आगा एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

# वाराणसी के स्कूल कॉलेज और क्लबोन में धूमधाम से सरस्वती पूजा का आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** शहर एवं ग्रामीण अंचल में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा हर्ष उल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। ज्ञान और कला की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमाएं स्कूल, कॉलेजों और हरहुआ,गोबर्धनपुर ढाब जैसे ग्रामीण इलाकों में स्थापित की गई हैं। सुबह से ही वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण का दौर चला। वहीं शहरी आंचल में मां सरस्वती की पूजा धूमधाम के साथ किया गया विद्यार्थी प्रातः काल नहा धोकर अपने विद्यालय में पहुंचे जहां पुरोहित मंत्र चारण द्वारा मां सरस्वती देवी का पूजा कर प्रसाद वितरण किया। सोनारपुर, पांडेहवेली, गोदौलिया, शिवाला जैसे जगह पर भव्य पंडाल का आयोजन किया गया।

# साईं डिग्री कालेज में मां सरस्वती प्राक्टय दिवस और नेता सुभाषचंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**





**महोबा।** साईं डिग्री कालेज में मां सरस्वती प्राक्टय दिवस और नेता सुभाषचंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य पर शुक्रवार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने गीत, नृत्य कविताएं प्रस्तुत की साथ ही नेता सुभाषचंद्र बोस के जीवन चरित्र और आदर्शों पर चलने और मां सरस्वती की कृपा महिमा, ऋतु परिवर्तन से होने वाले संपूर्ण प्रकृति में परिवर्तनों का बखान किया। इसी तरह कई विद्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित हुए।

साईं कालेज के कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं डीएवी कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वमी, प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी आदि ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती और नेता सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद छात्र छात्राओं ने अपने नृत्य, गीत की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया वहीं वसंत पंचमी और सुभाषचंद्र बोस पर आधारित कविताओं और भाषण से छात्र छात्राओं ने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को मां सरस्वती की नित्य स्तुति पूजा वंदन एवं नेताजी के अदम्य साहस, निर्णय शक्ति, देश भक्ति से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। उधर संजरी इंटरनेशनल स्कूल में बसंत पंचमी पर्व पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं पीले वस्त्र पहनकर आए साथ ही पीले रंग के फल व खानपान की वस्तुएं और हाथ में पीले रंग के फूल भी लेकर विद्यालय पहुंचे। कालेज के प्राचार्य प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि पीला रंग भारतीय परंपरा में शुभ का प्रतीक माने जाने के अलावा यह रंग आत्मा से जोड़ने वाला है। बताया कि बसंत पंचमी पर पीले कपड़े पहनकर पूजा करने से मां सरस्वती की विशेष कृपा प्राप्त होती है। उधर सरस्वती विद्या मंदिर खरेला में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना और हवन का आयोजन किया गया।

# एसपी ने गणतंत्र दिवस पर होने वाली रैतिक परेड रिहर्सल का किया निरीक्षण

**फैजान अली**

- रिहर्सल परेड में दिखा अनुशासन, एसपी ने बढ़ाया हौसला

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने शुक्रवार को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली रैतिक परेड की रिहर्सल का निरीक्षण किया गया। एसपी ने निरीक्षण दौरान परेड में सम्मिलित विभिन्न टोलियों की ड्रिल, अनुशासन, तालमेल, वर्दी की एकरूपता एवं समग्र प्रस्तुति का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। इस मौके पर परेड कमांडर ने परेड का संचालन करते हुए पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गई।

गणतंत्र दिवस पर होने वाली रैतिक परेड रिहर्सल के निरीक्षण दौरान पुलिस अधीक्षक ने परेड की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुशासन, समयबद्धता, समन्वय एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए साथ ही गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

परेड रिहर्सल में सुबह से ही पुलिस प्रशासन परेड अभ्यास की तैयारियों में जुटा रहा। इस दौरान सशस्त्र पुलिसकर्मियों ने बैंड की धुन के साथ अभ्यास किया। एसपी ने बताया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर पुलिस लाइन मैदान में परेड का आयोजन किया जाएगा। परेड को भव्य बनाने के लिए अधीनस्थों को निर्देश दिए गए हैं। कहा कि जिले में पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस 2026 को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं भव्य रूप से मनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, परेड में सम्मिलित पुलिस बल एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समय पर लोन अदा करने वालों की बनेगी बैंक लिमिट : परियोजना अधिकारी

**चरखारी महोबा।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से लोन लेने वाले तथा समय पर किश्त अदायगी करने वाले वेंडर्स को आगे भी बेशुमार लाभ मिलने वाले है, जिसमें तीनों किश्तों की अदायगी पर उन्हें बैंक लिमिट जारी होगी। चरखारी नगर पालिका कार्यालय में पीएम स्वनिधि योजना की आयोजित बैठक में उक्त जानकारी कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार ने दी।

नगर पालिका परिषद चरखारी द्वारा पी एम स्वानिधि कैंप का आयोजन पालिका कार्यालय में किया गया जिसमें पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि, रामपाल कुशवाहा, अधिशाषी अधिकारी अमरजीत, परियोजनाधिकारी राकेश कुमार, सीएमएम नीलम गंगेले, पालिका प्रधान लिपिक अय्यूब खां तथा मैनेजर प्रदीप कुमार , बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर गौरव अग्रवाल जीपीएम स्वानिधि पटल देख रहे प्रवीण रिछारिया बॉबी आदि रहे। जिसमें लाभार्थियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय ऋण की जानकारी दी गई तथा तृतीय ऋण ले चुके लाभार्थी समीर और रोहित के लिमिट कार्ड जारी किए गए।

# सड़क सुरक्षा के अंतर्गत मदिरा की दुकानों का संयुक्त निरीक्षण



- मदिरापान कर दो पहिया वाहन चलाते हुए 2 पकड़े
- बिना हेलमेट पेट्रोल लेते हुए 35 के चालान
- 3 अवयस्क भी मोटर साइकिल चलाते पाए गए

**अल्ताफ उल्लाह खान**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में आज जिला आबकारी अधिकारी श्री गुरु प्रसाद गुप्ता तथा एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा नगर में मदिरा की दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य यह था कि दुकानों पर मदिरापान कर वाहन न चलाने का संदेश लिखा है अथवा नहीं। संयुक्त टीम द्वारा चार दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में शराब पीकर वाहन ने चलाने का संदेश लिखा पाया गया ।यह भी सुझाव दिया गया कि यह संदेश और अधिक दृश्य हो। ज्ञातव्य है कि जनपद में मदिरा की 304 दुकानें हैं तथा आबकारी नीति के अनुसार दुकानों पर यह संदेश लिखा जाना अनिवार्य है ।

एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी श्री अनिल यादव के साथ नगर के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने वाले दो पहिया वाहनों की जांच की गई । जांच में काफी संख्या में दो पहिया वाहन बिना हेलमेट के पेट्रोल लेते हुए पाए गए जबकि पेट्रोल पंप पर नो हेलमेट नो पेट्रोल का बोर्ड लगा था । ऐसे 35 वाहनों को चालान कर दिया गया । चालान की कार्यवाही रामशरण अग्रवाल फिलिंग स्टेशन तथा गुप्ता फ्यूल सर्विस पर की गई । एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा मद्यपान कर दो पहिया वाहन चलाने के अभियोग में 2 चालान भी किए गए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। आज की कार्यवाही में आज की कार्यवाही में विभाग द्वारा रुपये 255000 का जुर्माना लगाया गया।

एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा तीन अवयस्क वाहन चलाते हुए पाए जाने पर उन पर 26-26 हजार का जुर्माना लगाया गया ।अब इन प्रकरणों को माननीय न्यायालय में भेज कर दंडित कराया जाएगा, जिसके अंतर्गत अभिभावक को 3 वर्ष का कारावास भी सम्मिलित है।

## डीएम एसपी की मौजूदगी में अग्निशमन द्वारा नागरिक सुरक्षा हेतु मार्क ड्रिल का आयोजन किया गया



**फर्रूखाबाद।** आज अग्निशमन कार्यालय फर्रूखाबाद में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की उपस्थिति में नागरिक सुरक्षा फर्रूखाबाद द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम 06:00 बजे सायरन बजते ही ब्लैकआउट हुआ तत्पश्चात 02 मिनिट बाद पुनः सायरन बजने पर मॉकड्रिल शुरू हुई, मॉकड्रिल में सर्वप्रथम फायर टेंडर द्वारा लगी हुई आग को बुझाया गया, इसके बाद घायलों का रेस्क्यू कर उनको प्राथमिक उपचार दिया गया, छत पर मौजूद घायलों को रस्सी के सहारे उतारकर उपचार देकर अस्पताल ले जाया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी सदर,क्षेत्राधिकारी मोहम्दाबाद व सभी अधिकारी, आपदा विशेषज्ञ, होमगार्ड, पी0आर0डी0जवान, आपदा मित्र उपस्थिति रहे।

# आपात स्थितियों से निपटने हेतु ब्लैक आउट एवं एयर रेड मॉक ड्रिल संपन्न





**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश दिवस एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार जनपद कुशीनगर में शुक्रवार सायं 06:00 बजे से 06:45 बजे तक ब्लैक आउट एवं एयर रेड मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल युद्धकालीन परिस्थितियों में संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारियों का परीक्षण, विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय की प्रभावशीलता का आकलन तथा आम नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित रहने हेतु जागरूक एवं प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से सुभाष चौक, पडरौना (ब्लैक आउट स्पॉट) में आयोजित की गई।

**मॉक ड्रिल के प्रमुख उद्देश्य :** युद्ध की स्थिति में आगजनी, बमबारी, भगदड़, सी.बी. आर.एन. प्रभाव एवं अन्य बहु-आपदाओं से बचाव हेतु जन जागरूकता एवं आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था का परीक्षण किया जाना तथा जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन इकाई एवं नागरिक सुरक्षा बलों की तत्परता का मूल्यांकन करना है।

**मॉक ड्रिल की कार्यवाही :** मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजाकर हवाई हमले की चेतावनी दी गई, जिसके पश्चात निर्धारित क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था बाधित कर ब्लैक आउट किया गया। नागरिकों द्वारा सुरक्षित स्थानों एवं शेल्टरों में शरण लेने का अभ्यास कराया गया। इसके पश्चात अग्निशमन विभाग द्वारा आग बुझाने का प्रदर्शन, बम निरोधक दस्ते द्वारा संदिग्ध वस्तुओं की जांच, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा प्राथमिक उपचार, ध्वस्त भवनों से लोगों के रेस्क्यू तथा एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का सजीव प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल के अंत में ÷ऑल क्लीयर÷ सायरन बजाकर अभ्यास की समाप्ति की घोषणा की गई। मॉक ड्रिल के अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी पडरौना सहित स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन विभाग, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सूचना विभाग, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केन्द्र, स्काउट-गाइड, नगर निकाय, स्वयंसेवी संगठन एवं अन्य विभागों की सक्रिय सहभागिता रही।

**प्रशासन की अपील :** जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई कि भविष्य में भी ऐसी मॉक ड्रिल के दौरान घबराएं नहीं, इसे केवल अभ्यास के रूप में लें तथा प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियों को सहयोग प्रदान करें।

# प्रधानमंत्री शहरी आवास के लाभार्थियों से अवैध वसूली पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

**अवधनामा ब्यूरो**

- डूडा द्वारा जांच एवं शिकायत तंत्र किया गया सक्रिय

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों से अवैध वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन एवं डूडा कुशीनगर (जिला शहरी विकास अभिकरण) द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया है। जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा कुशीनगर ने बताया कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली धनराशि पूरी तरह निशुल्क है तथा किसी भी अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि या अन्य व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार की वसूली करना पूर्णतः अवैध एवं दंडनीय अपराध है। प्रधान मंत्री आवास योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ही पूर्व में पात्र लाभार्थियों की सूची ब्रह्वह्यद्धद्बठ्ठड्डद्दड्डह.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ पोर्टल पर साझा किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के अंतर्गत किसी भी पात्र लाभार्थी की किस्त रोकी नहीं जाएगी और न ही किसी प्रकार की अवैध वसूली को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति लाभार्थियों से धन की मांग करता है या धमकी देता है तो सूचना मिलने पर उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शिकायत दर्ज कराने की व्यवस्था

उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा लाभार्थियों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु विशेष तंत्र सक्रिय किया गया है। लाभार्थी किसी भी प्रकार की अवैध वसूली, धमकी या उत्पीड़न की सूचना डूडा कुशीनगर कार्यालय में परियोजना अधिकारी डूडा को अपर जिलाधिकारी कार्यालय में अपर जिलाधिकारी/परियोजना निदेशक या जिलाधिकारी कार्यालय में दूरभाष/लिखित शिकायत/ऑनलाइन माध्यम से दे सकते हैं द्य शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा शिकायत के सही पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## न्यायालय सूचना

न्यायालय चतुर्थ अति0 सिविल जज,सीनियर डिवीजन, सहारनपुर। वाद सं0 428 सन 2018 ....IDBI बैंक शाखा कार्यालय कोर्ट रोड, सहारनपुर द्वारा शाखा प्रबन्धक (वादी)

बनाम.... 1. अशोक कुमार अग्रवाल पुत्र श्री परमेश्वर दास

1/1 अंशु अग्रवाल पुत्री स्व0 अशोक अग्रवाल निवासी म0 नं0 160, गली नं0 4. राघव पुरम कालोनी, भूतेश्वर मन्दिर रोड सहारनपुर।1/2 श्रीमती शिवानी अग्रवाल पत्नी श्री सचिन गर्ग पुत्री स्व0 अशोक अग्रवाल निवासी म0 नं0 160, गली नं0 4. राघव पुरम कालोनी, भूतेश्वर मन्दिर रोड, सहारनपुर हाल निवासी निकट बत्रा नर्सिंग होम, माधो नगर, सहारनपुर।....प्रतिवादीगण.....हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 16/02/2026 ई0 बवजत बजे दिन के असालतन या मार्फत बकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवाजात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजकारो के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमे की तजवीज हुई है बस आपको लाज़िम है उसी रोज़ जुमला गवाह एवं दस्तावेज़ पेश करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जाएगा। दिनांक 23/1/26 को मेरे दस्तखत एवं न्याय. मुद्रा सहित जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम... 4th अतिरिक्त सिविल जज सीडी सहारनपुर**

## उत्तर रेलवे

### ई—ऑक्शन सुचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई—ऑक्शन** आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/ जोन | Lucknow-NR-Division- Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0 | **MPS-LKO** |
| कार्य का विवरण | Allotment of Multi-Purpose Stall at Lucknow Railway Station of Lucknow Division for a period of five (05) years |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.01.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 09.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने कि तिथि व समय | 09.02.2026 at 11:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहा पंजीकृत बोलीदातायो द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | **E- Auction Module of www.ireps.gov.in** |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
254/2026

# अयोध्या से शिखरः सनातन धर्मध्वज यात्रा का प्रथम पड़ाव अयोध्या में संपन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या से प्रारंभ हुई ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक यात्रा ÷अयोध्या से शिखर÷ का प्रथम पड़ाव बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर अयोध्या में विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस दौरान सनातन धर्मध्वज का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन किया गया।इस पावन यात्रा का उद्देश्य श्रीराम मंदिर से उठे सनातन धर्मध्वज को विश्व के विभिन्न शिखरों तक पहुँचाकर सनातन संस्कृति, आस्था और मूल्यों का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार करना है।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह यात्रा 1 दिसंबर को श्रीराम जन्मभूमि, अयोध्या से प्रारंभ होकर नेपाल मार्ग से पैदल यात्रा करते हुए 29 दिसंबर को लगभग 18 हजार फीट की ऊँचाई पर स्थित बेस कैंप तक पहुँची। वहाँ देश के साहसी पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने प्रभु श्रीराम का धर्मध्वज शिखर पर फहराया, जो सनातन आस्था, साहस और संकल्प का प्रतीक बना।अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत धर्मध्वज पूजन के पश्चात इसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय को श्रद्धापूर्वक समर्पित किया गया। इस अवसर पर अयोध्या के पूज्य महंत एवं महापौर श्री गिरीश पति त्रिपाठी, गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह, हनुमानगढ़ी के महंत महेश योगी सहित अनेक संत-महात्मा एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।यह यात्रा पूज्य राजपुरोहित मधुरजी के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। उनके आध्यात्मिक नेतृत्व ने इस अभियान को दिशा और संबल प्रदान किया।

इस दिव्य प्रकल्प की परिकल्पना श्रीमती ऋतंभरा भारद्वाज द्वारा की गई, जिसे आशीष, श्रीमती एकता एवं ब्लू नेक होटल प्रतिष्ठान के सहयोग से साकार किया गया।आयोजकों ने बताया कि यह प्रथम पड़ाव मात्र शुरुआत है। आगामी चरणों में विश्व के अन्य प्रमुख शिखरों पर सनातन धर्मध्वज स्थापित करने का संकल्प लिया गया है, जिससे भारत की सांस्कृतिक चेतना और सनातन मूल्यों का संदेश विश्वभर में पहुँचे।

## शिव सेना के प्रदेश उपप्रमुख ने सुभाष चन्द्र बोस व बाला साहब ठाकरे की जयंती पर उनके चित्र पर किया माल्यापर्ण

**रुदौली अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** शिवसेना संस्थापक और हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे की जयंती के अवसर पर शिव सेना के राज्य उपप्रमुख सन्त राम यादव ने रुदौली तहसील इकाई के शिव सैनिको के साथ बाला साहब ठाकरे व महान क्रांतिकारी नेता सुभास चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया । इस अवसर पर उन्होने बाला साहब ठाकरे के विराट व्यक्तित्व को याद किया। उन्होंने कहा कि राजनीति से परे बालासाहेब ठाकरे को संस्कृति, साहित्य और पत्रकारिता में गहरी रुचि थी। बाल ठाकरे का जन्म 23 जनवरी 1926 को महाराष्ट्र के पुणे में हुआ था। इस वर्ष उनकी 100वीं जयंती है, जिसके चलते यह दिन शिवसैनिकों और उनके समर्थकों के लिए खास महत्व रखता है।वही भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपमे साहस, दृढ़ संकल्प और प्रखर नेतृत्व से उन्होंने देश को स्वतंत्रता के मार्ग पर अग्रसर किया।

# सिल्वर मेडल से गौरवान्वित हुआ प्रदेश, कबड्डी संघ अध्यक्ष व विजेता टीम के सदस्य का हुआ अभिनंदन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम द्वारा सिल्वर मेडल जीतने पर उप्र कबडडी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह व विजेता टीम के सदस्य जिले के निवासी हर्ष तिवारी का 51 किलो की माला पहना कर स्वागत किया। आंध्र प्रदेश में 15 से 18 जनवरी तक आयोजित 51वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता बनी। उसरु निवासी खिलाड़ी हर्ष तिवारी ने पूरे टूर्नामेंट में अपने आक्रामक, संतुलित और अनुशासित खेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया। देशभर की 28 टीमों के बीच हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश ने क्वार्टर फाइनल में चंडीगढ़ को तथा सेमीफाइनल में गोवा को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में टीम का सामना स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) से हुआ, जहां कड़े संघर्ष के बाद उत्तर प्रदेश को सिल्वर मेडल मिला।प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने खिलाड़ियों, कोच, मैनेजर और संघ पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पिछले एक वर्ष में नेशनल गेम्स में गोल्ड, सीनियर नेशनल में ब्रॉन्ज और अब जूनियर नेशनल में सिल्वर मेडल प्रदेश में कबड्डी के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। उन्होंने आगामी 24 से 27 फरवरी तक गुजरात में होने वाली सीनियर नेशनल कबड्डी मेन्स चैंपियनशिप के लिए टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि कबड्डी संघ निरंतर प्रयासों, प्रशिक्षण शिविरों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन से प्रदेश में कबड्डी को नई दिशा मिली है।

## बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत किया जागरूक



**सिन्दुरिया (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के ग्रामसभा रामपुरमीर में शुक्रवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा बसंत पंचमी व सुभाष चन्द्र बोस जी के जयंती के अवसर पर शिव मंदिर परिसर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हब फार एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन से जेंडर स्पेसलिस्ट संजा देवी एवं चाइल्ड हेल्पलाइन केस वर्कर मनीषा यादव द्वारा पम्पलेट एवं पोस्टर वितरण करते हुए सभी से ऑनलाइन शपथ प्रमाण पत्र भी डाउनलोड करवाया गया। जिसमें महिला, पुरुष एवं बच्चों की उल्लेखनीय एवं सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करने तथा समाज को इस कुप्रथा से पूर्णतः मुक्त करने की शपथ दिलाई गई।

## सात दिवसीय श्रीमद्भाभगवत कथा संपन्न

**बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** दशहरा बाग स्थित रामलीला मैदान में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भाभगवत कथा का शुक्रवार को समापन के बाद हवन पूजन के बाद कन्या भोज के उपरांत भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया।

जिसमें महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने पुड़ी सब्जी और खीर का प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके किरन वर्मा, सन्दीप वर्मा, मुकेश वर्मा, उत्तम, राम बरन यादव, विवेक अवस्थी, पंकज वर्मा, सुरेन्द्र सिंह, विमल वर्मा अशोक, आशीष वर्मा, कपिल, सचिन मौर्या, अंकित सहित लोग मौजूद थे

# सायरन बजते ही थम गई बरेली की सांसें, 10 मिनट के ब्लैकआउट में अंधेरे में डूबा पूरा जिला

**यूपी दिवस और नेताजी जयंती पर मॉकड्रिल, युद्ध जैसे हालात में परखी गई प्रशासन और जनता की तैयारी**

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** शुक्रवार शाम ठीक छह बजे बरेली जिले में ऐसा दृश्य देखने को मिला, मानो समय थम गया हो।

सायरन की तेज गूंज के साथ ही शहर की रफ्तार रुक गई और देखते ही देखते पूरा जिला 10 मिनट के लिए अंधेरे में समा गया। यूपी दिवस-2026 और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर प्रशासन द्वारा ब्लैकआउट मॉकड्रिल कराई गई।

ब्लैकआउट के दौरान कलेक्ट्रेट, सभी सरकारी कार्यालय, बाजार, रिहायशी इलाके और प्रमुख चौराहों की बिजली बंद कर दी गई। प्रशासनिक निगरानी में यह सुनिश्चित किया गया कि कहीं से भी रोशनी बाहर न जाए। लोगों को पहले से ही निर्देश दिए गए थे कि खिड़की-दरवाजों को पर्दों या काले कागज से ढककर रखें।

मॉकड्रिल शुरू होते ही पूरे शहर में सन्नाटा छा गया। नागरिकों को घरों में ही रहने के निर्देश दिए गए थे।

मोबाइल फ्लैश, टॉर्च, माचिस जलाने और धूम्रपान पर पूरी तरह प्रतिबंध रहा।

प्रमुख चौराहों पर यातायात रोक दिया गया और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। सायरन की आवाज ने माहौल को युद्धकालीन आपात स्थिति जैसा बना दिया। सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक विभिन्न स्थानों पर तैनात रहे और स्थिति पर लगातार नजर रखी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और प्रशासनिक टीमें अलर्ट मोड में रहीं।

मॉकड्रिल के दौरान कहीं से भी अव्यवस्था या समस्या की सूचना नहीं मिली।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि इस तरह के ब्लैकआउट अभ्यास नागरिक सुरक्षा की दृष्टि से बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि 10 मिनट के इस अभ्यास के जरिए यह परखा गया कि आपात हालात में प्रशासनिक मशीनरी और आम नागरिक कितनी तत्परता से प्रतिक्रिया देते हैं। आमजन के सहयोग से मॉकड्रिल पूरी तरह सफल रही।

## हिंदू लीडर सिर्फ पसमांदा के लिए बेहतर है : वसीम राईन

**सत्ता, सदन, संगठन तीनो जगहों से पसमांदा वंचित रक्खा गया**



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** हिन्दू लीडरशिप पसमांदा मुस्लिम के लिए मीम से अच्छी हैं नक़ली सेकुलर पार्टियो व एम आई एम पार्टी ने पसमांदा मुस्लिम समाज को कहीं का नही छोड़ा। उक्त बाते सट्टी बाज़ार स्थित कार्यालय पर सम्मान समारोह में ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने पसमांदा समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए कही उन्होंने कहा कि वोट बैंक बनाकर जमकर इस्तेमाल करने के साथ ही नफरत भी इस कदर की कि आज इस समाज का नेतृत्व करने वाला भी कोई नही रहा। सत्ता, सदन संगठन तीनो जगहों से समाज को वंचित रखा। इस समाज की तरक्की की राह में रोड़ा यही अपने सिकुलर और मुसलमानों को नेता बनाने की बात कहने वाले पार्टी अध्यक्ष ने ही अटकाया। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने कहा कि पंजा छाप पार्टी ने तो मुसलमान से नफरत की सारी हदे ही पार कर दी नेहरू सरकार ने आर्टिकल 341 के तहत धार्मिक प्रतिबंध लगाकर दलित से बदत्तर बना दिया मुसलमानों पर यह दूसरा बड़ा हमला था।

## सिकंदर अब्बास ने पूर्व सांसद पुनिया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** पूर्व सांसद पी. एल. पुनिया का 81 वां जन्मदिन ओबरी स्थित उनके आवास पर मनाया गया। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिकंदर अब्बास रिज़्वी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया ने बाराबंकी को अपनी कर्मभूमि बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें यहां के आम जनमानस से जो स्नेह और प्यार मिला है, वह किसी भी दौलत या शोहरत से बढ़कर है। पुनिया ने विश्वास व्यक्त किया कि जिस प्रकार उन्हें जनता का अपार स्नेह मिला, उससे कहीं अधिक स्नेह आज उनके पुत्र को मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका परिवार जीवन की अंतिम सांस तक इस कर्मभूमि की सेवा करता रहेगा। इस कार्यक्रम में सिकंदर अब्बास रिजवी मोहम्मद मोहसिन राजेंद्र वर्मा गुड्डू गौतम, तरुण बख्श वीरेंद्र यादव एडवोकेट इरफान कुरैशी रामहरख रावत विजय पाल गौतम इजहार एडवोकेट सना मुंही शबनम वारसी सद्दाम हुसैन अमित गौतम मोहम्मद अकरम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# परिस्थितियों का रोना ना रोये अपने योग्यताओं का करें प्रदर्शनः प्रो. शोभा गौड़

**विज्ञान भाषण, विज्ञान गीत विज्ञान क्विज प्रतियोगिता हुई आयोजित**



*अवधनामा संवाददाता*

**सिन्दुरिया (महराजगंज)।** बसंत पंचमी एवं सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर चौक बाजार स्थित दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज, दिग्विजयनाथ बालिका इंटर कॉलेज तथा गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्त्वावधान में विरासत विज्ञान तथा नवाचार पर आधारित भवय एवं दिव्य प्रदर्शनी एवं मेला का आयोजन किया गया। साथ ही छात्रों द्वारा विज्ञान मॉडल, कृषि तकनीकी तथा उत्पाद, शिल्प एवं कला,खाद्य सामग्री (फूड स्टॉल) सामाजिक मॉडल, वाणिज्य मॉडल, शैक्षिक मॉडल के साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत की गयी। इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर उत्तर प्रदेश की कुलपति प्रो. शोभा गौड़ ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद हमारा अपना घर और परिवार है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की परिस्थितियों का रोना न रोयें। परिस्थितियों से लड़कर अपनी योग्यताओं का प्रदर्शन करें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि विरासत, विज्ञान तथा नवाचार के साथ युवा आगे बढ़ें, शिक्षा तथा संस्कार के साथ समाज को दिशा देने का कार्य करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी राजेश मोहन सरकार ने कहा कि आज का दिन शुभ कार्य के लिए अत्यंत ही उत्तम है और विद्यार्थियों द्वारा किया गया प्रयास अत्यंत ही सराहनीय व उत्तम है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन स्वर्ण युग की तरफ अग्रसर है। वरिष्ठ सदस्य डा. शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिस मंजिल की तरफ हमको बढ़ना है उसकी आज नींव पड़ी है। इस अवसर पर तीन नए केन्द्रों स्वस्थ जीवन शैली एवं आजीविका परामर्श केंन्द्र, बाबा गंभीर नाथ कौशल विकास केंद्र तथा मां कौशल्या स्वावलंबन केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि, सदर विधायक, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सदस्य अनन्य प्रताप शाही तथा वरिष्ठ सदस्य डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ गुरु गोरखनाथ, मां सरस्वती, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

## हटवाया गया सड़क पर खड़े वाहन

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने सड़क खाली करो अभियान के तहत शुक्रवार को सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाया। एआरटीओ श्री सिंह ने बताया कि उक्त अभियान के तहत फरेन्दा रोड पर स्थित संस्था गारिक राइस मिल के पास खड़े वाहनों को सड़क से हटवा कर उक्त राइस मिल परिसर में खड़ा कराया गया। उन्होंने कहा कि सड़क खाली कराने का अभियान आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि सड़क के किनारे खड़े वाहन कभी कभी दुर्घटना के कारण बन जाते हैं। ऐसे सड़क खाली कराया जाना आवश्यक है।

## नेता सुभाष चंद्र बोस ने जाति धर्म से ऊपर उठकर देश की सेवा कीः डीके शुक्ला



**हरख बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** मेरा युवा भारत, (युवा कार्यकम एवं खेल मन्त्रालय भारत सरकार) बाराबंकी की जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम गुप्ता के नेतृत्व में आज शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129 वीं जयंती का आयोजन राजीव मेमोरियल आदर्श विद्यालय सतरिख विकास खंड हरख में किया गया।? सुरजीत सिंह चौहान पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक के नेतृत्व में आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मुख्य अतिथि के रूप में डीके शुक्ला प्रधानचार्य राजीव मेमोरियल आदर्श विद्यालय जयंती के उपलक्ष्य में नेता सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्यअतिथि ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जन्म-जयंती पर उस अदम्य साहस और नेतृत्व को नमन, जिसने पूरे देश को एक लक्ष्य से जोड़ दिया। नेताजी को एक महान नेता इसलिए माना जाता है क्योंकि उन्होंने धर्म, जाति और भेदभाव से ऊपर उठकर केवल एक ही मंत्र दिया, देशसेवा। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व वही है जो राष्ट्र को सबसे पहले रखे। पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक सुरजीत सिंह चौहान ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस (23 जनवरी 1897-18 अगस्त 1945) एक भारतीय उपनिवेशवाद विरोधी राष्ट्रवादी थे, जिन्होंने भारत में ब्रिटिश सत्ता का विरोध करके उन्हें कई भारतीयों के बीच नायक बना दिया।

## अर्द्धसरकारी एवं गैर-सरकारी भवनों पर राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया जाएः डीएम

**गणतंत्र दिवस-2026 व राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गरिमामय आयोजनों के निर्देश**



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी गणतंत्र दिवस-2026 व 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) निराकार सिंह द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह से संबंधित तैयारियों का विन्दुवार विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कार्यक्रमों की रूपरेखा, समय-सारिणी तथा विभागवार दायित्वों की जानकारी दी। डीएम ने निर्देश दिए कि 26 जनवरी, 2026 को प्रातः 08ः30 बजे जनपद के समस्त सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं गैर-सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा संविधान में निहित मूल भावनाओं का स्मरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद की सभी शिक्षण संस्थाओं में प्रातः 10ः00 बजे ध्वजारोहण किया जाए तथा विद्यार्थियों की सहभागिता से राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए, जिससे नई पीढ़ी में राष्ट्रीय चेतना का विकास हो।

## मोटरसाइकिल का आमने सामने के टक्कर मे एक की मृत्यु, दो घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा/सिंदुरिया (महराजगंज)।** सिंदुरिया थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुर कोर्ट के गांव के सामने वृहस्पतिवार की शाम चार बजे दो मोटर साइकिल मे आमने सामने टक्कर हुआ जिसमे एक मृत्यु हो गई।मौके पर पुलिस पहुंच घायलों को अस्पताल पहुचवाया। जानकारी के अनुसार राजेश शर्मा पुत्र रामनारायण उम्र 40 वर्ष व शैलेष कन्नौजिया पुत्र ओमप्रकाश उम्र 45 निवासी धरमौली थाना श्यामदेउरवा अपने घर से नेपाल जा रहे थे। देवऋषि यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव उम्र 25 निवासी विशुनपुर भडेहर टोला दक्षिण थाना सिंदुरिया नेपाल से अपने घर आ रहे थे।अभी वह लक्ष्मीपुर कोर्ट गांव के सामने पहुंचे ही थे कि दोनों मोटरसाइकिल मे आमने सामने से टक्कर हो गई जिससे देवऋषि की मौके पर ही मृत्यु हो गई।तथा राजेश व शैलेश गम्भीर रुप से घायल हो गये जिन्हे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुचाया गया। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह के अनुसार मृतक देवऋषि की शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया तथा दोनों मोटर साइकिल को कब्जे मे ले लिया गया है।

## दुष्कर्म के मामाले मे आरोपी गिरफ्तार

**मिठौरा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** सिंदुरिया थानाक्षेत्र के एक गांव में किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी राम ध्यान निषाद शीतलपुर को गिरफ्तार का न्यायालय चालान किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार बीते 21 जनवरी को थानाक्षेत्र के गांव में रहने वाली किशोरी रात में दस बजे घर में अकेली थी उसके मां-बाप दोनों घर में नहीं थे। किशोरी को अकेला देखकर आरोपिय युवक घर में घुसकर दुष्कर्म कर फरार हो गया थाना अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज करने के बाद उसकी तलाश की जा रही थी कि शुक्रवार को शीतलापुर मोड के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जिसकी जानकारी थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने दी।

## सिटी पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**सिसवा बाजार महराजगंज । (अवधनामा संवाददाता)** स्थानीय नगर स्थित स्व. ठाकुर रंजीत सिंह एवं स्व. ठाकुर दुर्गेश सिंह मेमोरियल सिटी पब्लिक स्कूल, ब्लॉक रोड पोखरा टोला, सिसवा बाजार में तीन दिवसीय प्रथम सोपान स्काउट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शुक्रवार 23 जनवरी 2026 को उत्साहपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर 25 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक ब्रह्मा सिंह द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्काउट-गाइड विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग युवाओं में अनुशासन, सहयोग, सेवा भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज और राष्ट्रहित में सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। शिविर के दौरान शिविर संचालक स्काउट उमेश गुप्त एवं प्रशिक्षक शशांक गुप्त ने प्रतिभागियों को स्काउटिंग के मूल सिद्धांतों, स्काउटिंग का उद्देश्य, नियम एवं प्रतिज्ञा, ध्वज शिष्टाचार, प्रार्थना गीत सहित विभिन्न शिविर कौशलों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर के प्रथम दिन बच्चों में विशेष उत्साह एवं अनुशासन देखने को मिला। प्रशिक्षण के अंतर्गत टीमवर्क, आत्मनिर्भरता और सामूहिक भावना को विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक ब्रह्मा सिंह, प्रधानाचार्य स्वर्णिका सिंह, पायल केशरी, संजना मोदनवाल, मुस्कान शर्मा, जितेंद्र रावत, सुभाष शर्मा, उपेंद्र पांडेय सहित विद्यालय के स्काउट-गाइड एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# गाजे बाजे के साथ निकली श्री श्री रुद्र महायज्ञ की कलश यात्रा

*अवधनामा संवाददाता*



**सिन्दुरिया(महराजगंज)।** विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के ग्रामसभा पिपरा नरायन में शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ श्री श्री रुद्र महायज्ञ की कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ग्रामसभा स्थित शिव मंदिर परिसर से प्रारम्भ होकर मुजहना बुजुर्ग, बौलिया बाबू, मोतीपुर होते हुए हरिहरपुर स्थित देवरिया शाखा की नारायणी नहर पर पहुँची। जहां पर यज्ञाचार्य सुधांशु पाण्डेय के नेतृत्व में विधि - विधान से मन्त्रोच्चार कर कलश में जल भरवाया गया। इस दौरान 201 कुंवारी कन्याओं ने अपने सिर पर कलश धारण कर कलश यात्रा की शोभा बढ़ा रही थी।आगे आगे भक्तगण धर्म पताका लिये चल रहे थे। पीछे डीजे पर भक्ति पर आधारित गीत चल रहा था।भक्तगण झूमते हुए जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। ट्रैक्टर ट्राली , बोलेरो , टेम्पो आदि पर बैठी महिलाये धर्मिक गीत गा रही थीं। यज्ञ समित के अध्यक्ष नमन पटेल ने बताया श्री श्री रुद्र महायज्ञ 23 जनवरी से 31 जनवरी तक चलेगा। यज्ञ में भारत खंड पकड़ी के रामलीला के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जायेगा। कथा वाचक सुभम शास्त्री कथा का वाचन करेंगे। इस अवसर पर गजेंद्र पटेल, अजय पटेल, अवधेश शर्मा,

लाल बहादूर, अजित पटेल, शैलेश पाण्डेय एवं श्रीनिवास पटेल सहित सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष कलश यात्रा में शामिल रहे।

# बार और बेंच के सामंजस्य से ही होगा वादकारियों का कल्याण : सांसद

- पीड़ितों को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की भूमिका अहम : विनय
- कलेक्ट्रेट बार तहसील के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

अवधनामा संवाददाता



**कप्तानगंज, कुशीनगर।** अधिवक्ता न्याय व्यवस्था का प्रमुख अंग है। समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की भूमिका अहम होती है। वे वादकारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इस लिए बार और बेंच के सामंजस्य से वादकारियों को त्वरित न्याय मिलना संभव हो सका है।

उक्त बातें सांसद विजय कुमार दुबे शुक्रवार को कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन, तहसील इकाई कप्तानगंज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आश्वासन दिया कि अधिवक्ताओं के मान-सम्मान की रक्षा के साथ-साथ तहसील स्तर पर अधिवक्ताओं की सभी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। विशिष्ट अतिथि रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड ने कहा कि सरकार अधिवक्ताओं के लिए विशेष पहल करते हुए उन्हें सम्मानित करने का कार्य कर रही है। पीड़ितों को न्याय दिलाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। मैं सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद मिश्रा तथा संचालन हरे कृष्ण पांडेय ने किया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि विजय खेतान, उप जिलाधिकारी विनोद गुप्ता, तहसीलदार चंदन शर्मा, नायब तहसीलदार एकता त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता जयप्रकाश पांडेय, हीरा पांडेय अध्यक्ष, मंत्री उमेश दुबे, कोषाध्यक्ष राजन पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदयभान पटेल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश चंद्र गौड़, लालमन सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## किसानों को भेजी गयी बकाया 5.47 करोड़ की धनराशि

**गोंडा।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, कुंदरखी चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र 2024-25 के बकाया गन्ना मूल्य का सम्पूर्ण भुगतान कर दिया गया है। शुक्रवार 23 जनवरी को शेष रुपये 5.47 करोड़ की धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में प्रेषित की गई, जिससे किसानों में खुशी की लहर है। यह जानकारी देते हुए चीनी मिल के इकाई प्रमुख पी. एन. सिंह ने बताया कि बजाज मिल किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और किसानों का एक-एक गन्ना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि समय पर भुगतान करना मिल प्रबंधन की प्राथमिकता रही है, ताकि किसानों को आर्थिक संकट का सामना न करना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि पेराई सत्र 2025-26 का भी गन्ना मूल्य भुगतान भी शीघ्र शुरू कर दिया जायेगा। इकाई प्रमुख ने क्षेत्रीय गन्ना किसानों से अपील की कि वे अपना गन्ना बजाज चीनी मिल को ही आपूर्ति करें। इससे किसानों को न केवल उचित मूल्य मिलेगा, बल्कि भुगतान भी सुरक्षित और समय पर प्राप्त होगा।

# मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर आयोजित हुई समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर नगरपालिका बांसी के उप नगर नरकटहा मे समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समीक्षा बैठक सदस्य राष्ट्रीय कमेटी समाजवादी पार्टी डा. कृष्णभान सिंह सैंथवार अध्यक्षता मे सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। मतदाता पुनरीक्षण समीक्षा बैठक में स्ट्रांग को लेकर समाजवादी पार्टी के लोगों ने अपनी अपनी राय रखी।मुख्य अतिथि कृष्ण भान सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) और पदाधिकारी अपने-अपने बूथों पर जाकर मतदाताओं की फॉर्म 6 भरवाने में मदद करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज के वोट काटना चाहता है। यादव ने चेतावनी दी कि किसी भी कीमत पर किसी मतदाता का वोट नहीं कटने दिया जाएगा और जरूरत पड़ने पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर भी उतरेंगे। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लालजी यादव अपने संबोधन में सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर छूटे हुए मतदाताओं के फॉर्म भरवाने और शत-प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो नेता या कार्यकर्ता मन से काम नहीं करेगा, उसकी सूचना राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी जाएगी। यादव ने इस चुनाव को समाजवादी पार्टी और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए %जीवन-मरण का सवाल% बताया, आरोप लगाया कि भाजपा उत्तर प्रदेश में सपा को समाप्त करना चाहती है। उन्होंने विशेष रूप से पीडीए समाज के लोगों का एक भी वोट न कटने देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मोनू दुबे,नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीश पटवारी,राजेन्द्र यादव, महेंद्र लोधी,अखिलेश मौर्य, कपिल देव, विनोद यादव ने बैठक को संबोधित किया। इस दौरान, रियाज अहमद, बृधिराम प्रजापति, अजिजुर्हमान, सब्बू भाई, साकिर अली, मंजूर अहमद, रंजीत यादव, सहित तमाम नेता कार्यकर्त्ता बैठक मे मौजूद रहें।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में मनाई गई वसंत पंचमी

- आपरेशन सिन्दूर पर आधारित जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में वसंत पंचमी धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का समधुर गायन किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुधाकर पाण्डेय जी ने वसंत पंचमी के महात्म्य पर विस्तार से प्रकाश डाला।

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया।प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में कक्षा ग्यारहवीं की यशस्वी सिंह ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा शान्वी शुक्ला कक्षा सातवीं द्वारा खूनी हस्ताक्षर कविता का ओजस्वी पाठ किया गया। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीईआरटी द्वारा तैयार किए गए माड्यूल आपरेशन सिन्दूर पर आधारित जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, पीएम श्री विद्यालय, सीबीएसई तथा यूपी बोर्ड के विद्यालयों से विद्यालय स्तर पर चयनित 100 विद्यार्थियों ने सहभाग किया। यह प्रतियोगिता दो स्तरों -माध्यमिक स्तर( कक्षा 9 से 12 ) तथा मध्य स्तर ( कक्षा 6 से 8 ) पर आयोजित की गई थी। माध्यमिक स्तर पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर की कक्षा दसवीं की छात्रा विशाखा वर्मा एवं मध्य स्तर पर पीएम श्री नवोदय विद्यालय वसंतपुर के सिद्धार्थ साहनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया दोनों स्तरों पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया शेष सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

## मनाई गई वसंत पंचमी व नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**जोगिया सिद्धार्थनगर।** महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर प्रधानाचार्य बृजेश द्विवेदी, शिक्षक गण एवं छात्र छात्राओं ने विधि विधान के साथ माता सरस्वती का पूजन अर्चन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को चंदन लगाकर बच्चों को माता सरस्वती जी का महिमा बताया गया। साथ ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को बताया गया। बच्चो ने विविध कार्यक्रम किए।

इस अवसर पर विद्यालय के पंकज कुमार द्विवेदी, युगुल किशोर मिश्रा, प्रबंधक प्रतिनिधि रामसेवक साहनी, अंगद प्रसाद, श्याम सुंदर मल्ल,अरुण लाल श्रीवास्तव, सोनाली देवी, निर्मला देवी, दिनेश धर द्विवेदी, दुर्गेश, मुनीराम लोधी, राजन गौंड व विशाल पाठक आदि शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर ठोठरी में मनी बसंत पंचमी



- बसंत पंचमी पर्व संस्कार का पर्व डा. अशोक प्रजापति

अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोटन ब्लॉक क्षेत्र के ठोठरी बाजार में स्थित शुक्रवार के दिन सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अशोक प्रजापति द्वारा मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गुजता रहा। उपस्थित आचार्यो एवं शिक्षकों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर ज्ञान, बुद्धि और विवेक की कामना की। कार्यक्रम के दौरान बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा एवं संस्कारों के महत्व से अवगत कराया गया।

इस मौके पर डॉ. अशोक प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान विद्या और संस्कारों का पर्व है। इस दिन विघा की देवी सरस्वती, कामदेव और विष्णु की पूजा की जाती है यह पूजा विशेष रूप से भारत बंगला देश, नेपाल देश एवं केई देशों में बडे उल्लास से मनाया जाता है।

मां सरस्वती की कृपा से बच्चों में सद्बुद्धि, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और शिक्षा के प्रति सम्मान बढ़ता है जो उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखता है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आनंद कुमार, आचार्य विजय, अंशु चौबे, दिनेश, ज्योति एवं अर्चना सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## मुम्बई से घर आ रहा युवक ट्रेन से गायब परिजन परेशान

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम-खीरीडीहा निवासी राजमन प्रजापति उम्र 28 वर्ष मुम्बई से घर ट्रेन से घर आते समय शोहरतगढ रेलवे स्टेशन से गायब हो गया। लड़के को घर न पहुंचने पर परेशान होकर लड़के के पिता फागू प्रजापति ने स्थानीय थाने पर तहरीर देकर कानुनी कार्यवाही की मांग किया है।वही पुलिस कानूनी कार्यवाही में जूट गई है। लड़के के पिता फागू ने अपने तहरीर में कहां है कि मेरा लड़का मुम्बई से घर आने के लिए पनबेल ट्रेन पर बैठते ही अपने फोन से घर आने के सम्बंध में बताया था कि मैं घर आ रहा हूं। 11 जनवरी को शोहरतगढ स्टेशन पर आने के बाद फिर फोन किया कि शौहरतगंढ पहुचा हू किसी को सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन पर भेज दिजिए जिससे मैं घर आ सकूं। लड़के को लेने के लिए मैं गया और ट्रेन चली भी गयी। लेकिन मेरा लड़का स्टेशन पर नहीं मिला। स्टेशन पर भी खोज बीन किया लेकिन लड़के का कोई पता नही चला। लड़के के मोबाइल फोन पर जब बात करना चाहा तो लड़के का फोन बन्द बता रहा था। बात नहीं हो पाई घर आने के बाद मैं नात रिश्तेदारों में काफी खोज बीन किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पा रहा है। हमको शंका है कि मेरे लड़के के साथ कोई अप्रिय घटना न घट गया हो। थक हार कर सूचना दे रहा हूं कि उचित कार्रवाई की जाय। घटना के सम्बंध में थानाध्यक्ष लोटन दिनेश कुमार सरोज का कहना है कि आई जी आर यस के माध्यम से जानकारी हुई है। मेरे थाना क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले लड़का गायब हो गया है फिर भी जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# वैदिक मन्त्रोच्चार से वाग्देवी की आराधना कर हुआ विद्यारम्भ संस्कार



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** शहर के रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, तेतरी बाजार में बसंत पंचमी एवं मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। मान्यता है कि बसंत पंचमी के दिन ही मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था।

कार्यक्रम के अंतर्गत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वाग्देवी की आराधना की गई। मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस पर विद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार जायसवाल एवं उनकी पत्नी किरन देवी जयसवाल ने यजमान की भूमिका निभाते हुए विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान विद्यालय परिसर पूर्णतः भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

इसी क्रम में विद्या और ज्ञान की कामना करते हुए नन्हे-मुन्ने बालकों का विद्यारम्भ संस्कार सम्पन्न कराया गया, जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना के उपरांत अधूरापन महसूस किया, उसी समय मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ।

# बाबा बरूआदास पीजी कालेज में खो खो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** बाबा बरुआ दास पी.जी. कॉलेज, परुईया आश्रम में अंतर महाविद्यालयीय महिला खो-खो प्रतियोगिता का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. हरिओम पांडेय, एमएलसी, उत्तर प्रदेश ने कबूतर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

उद्घाटन समारोह में प्रो. आशीष प्रताप सिंह, प्रो. अमूल सिंह, डॉ. जन्मेजय तिवारी, डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ. मोतीलाल वर्मा, डॉ. डी.पी. सिंह, डॉ. एस.बी. सिंह, डॉ. के.के. मिश्रा, डॉ. डी.एम. पांडेय, डॉ. उमाशंकर यादव सहित अनेक गणमान्य शिक्षाविद उपस्थित रहे। बी.एन.के.बी. पी.जी. कॉलेज, अकबरपुर की प्राचार्या प्रो. सुचिता पाण्डेय विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।

अपने उद्बोधन में डॉ. हरिओम पांडेय ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने छात्राओं के लिए महाविद्यालय में कॉमन रूम की सुविधा उपलब्ध कराने की भी घोषणा की, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहना के साथ स्वीकार किया। प्रतियोगिता में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या, गणपति सहाय पी.जी. कॉलेज सुल्तानपुर, आर.आर. पी.जी. कॉलेज अमेठी, रामनगर पी.जी. कॉलेज बाराबंकी, शिवनाथ बैजनाथ पी.जी. कॉलेज बाराबंकी, श्री विश्वनाथ पी.जी. कॉलेज सुल्तानपुर एवं नंदिनी नगर पी.जी. कॉलेज गोंडा की टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों ने शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों के बाद आर.आर. पी.जी. कॉलेज अमेठी और डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या की टीमें सेमीफाइनल में पहुँच गई हैं, जिनके बीच कल निर्णायक मुकाबला खेला जाएगा। कार्यक्रम की सफलता पर महाविद्यालय परिवार, आयोजक मंडल और खेल विभाग की प्रशंसा की गई और सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा महदेवा में जनचौपाल एवं बहु-बेटी सम्मेलन का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान अंतर्गत शुक्रवार को थाना कोतवाली मिठवल क्षेत्र के ग्राम पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम महदेवा में जनचौपाल एवं बहु-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं व बालिकाओं ने सहभागिता कर कानून व अधिकारों से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिणी यादव के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में संपन्न हुए कार्यक्रम में लगभग 100 महिलाओं व बालिकाओं ने नए कानूनों, महिला सुरक्षा उपायों एवं सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। जनचौपाल में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम सहित अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी गई। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने तथा कानून का सहारा लेने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान 112, 1090, 181, 1930, 1098 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर यह संदेश दिया गया कि संकट की घड़ी में पुलिस हर समय महिलाओं के साथ खड़ी है। मिशन शक्ति टीम में उ0 नि0 छोटे लाल मौर्य, का0 संतोष सोनकर महिला आरक्षी संजू मौर्या की भूमिका सराहनीय रही। मिशन शक्ति टीम द्वारा यह संदेश दिया गया कि महिला जागरूकता ही सुरक्षित व सशक्त समाज की आधारशिला है।

## पंचायत सहायक जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन



**सिद्धार्थनगर।** मुख्यालय स्थितडी पी आर सी पर शुक्रवार को पंचायत सहायक जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में जिले के लगभग सभी ब्लाकों को पंचायत सहायकों ने भाग लिया। कार्यकारिणी का गठन प्राचार्य डॉ अभय श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर नवीन सोनी, असिस्टेंट प्रोफेसर मो नसरूल मुस्तफा खा संपादक राजेश शर्मा, जिला अध्यक्ष अजय कसौधन व्यापार संगठन, जितेंद्र सिंह आदि की उपस्थिति में हुआ। सर्वसम्मति से गोविन्द वर्मा को जिला अध्यक्ष चुना गया। डा अभय श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी संगठन में एक अच्छे नेतृत्वकर्ता का होना जरूरी है। जो संगठन के हितों के लिए तत्पर रहे। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र, विवेक दूबे, नसीम, परवीन, वसीम, जीवन, अशोक पंचायत सहायक वैभव, विशाल, संदीप, कमलेश, धीरज, विशाल चौरसिया व देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** प्रदेश के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद यादव को एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत से नवाजा। नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि के नेतृत्व में विकास निषाद व सोनू गौड़ समेत नगर टीम ने फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया। संदीप अग्रहरि ने कहा कि प्रभारी मंत्री का आगमन नगर के लिए गौरव का क्षण है। इस अवसर पर जिला मंत्री पंकज वर्मा, महेंद्र प्रताप चौहान, विशाल त्रिपाठी, बृजेश तिवारी, देवेश मिश्र, अनुज सोनकर, दीपक शुक्ल, कृष्णा अग्रहरि तथा अन्य गणमान्य पार्टी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे और मंत्री जी का स्वागत किया।

## नसबंदी शिविर लगाकर 23 महिलाओं की नसबंदी

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** मोबियस फाउंडेशन की आकार परियोजना के तत्वाधान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़नी में नसबंदी शिविर लगाकर 23 महिलाओं का नसबंदी किया गया। पीएचसी बढ़नी के अधीक्षक डॉ अविनाश चौधरी ने बताया कि टीम द्वारा ब्लॉक स्तर पर यह सुविधा देकर प्रशंसनीय और महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा हैं और हमारा प्रयास रहेगा कि इसका लाभ जन समुदाय तक ज्यादा से ज्यादा पहुंचाया जाए। इस अवसर पर जननी टीम के जनपद प्रबंधक, देवेंद्र सिंह ने बताया कि मोबाइल काट वाहन इस जनपद के गांव गांव में जाकर इस वाहन के साथ उपलब्ध टीम के द्वारा लोगों को परिवार नियोजन के बारे में जागरूक करती हैं तथा छोटा परिवार के फायदे तथा दो बच्चों में तीन साल के अंतर रखने के तरीके तथा जिसका परिवार पूरा हो गया है उसे स्थाई विधि अपनाने के फायदे के बारे में भी बताती हैं तथा परिवार नियोजन की अस्थाई सेवाओं को तुरंत उपलब्ध कराने का भी प्रयास करती हैं जननी टीम में मुख्य रूप से सर्जन डॉ पी कनौजिया के साथ स्टाफ नर्स नंदिता ,अमृता पाण्डेय तथा ओटी टेक्नीशियन अंकुर, सचिन सलाहकार प्रीति पाठक शामिल रहे।

# थाना इटवा द्वारा बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**इटवा सिद्धार्थनगर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 23 जनवरी 2026 को थाना इटवा क्षेत्र के ग्राम तुर्कवालिया में बहू-बेटी सम्मेलन एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश की देख रेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी निरीक्षक इटवा रविन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जिनमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना शामिल रहीं। साथ ही महिलाओं को अपराधों से बचाव एवं साइबर अपराध से सतर्क रहने के उपाय बताए गए। उन्हें किसी भी अनजान नंबर या लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी गई तथा साइबर अपराध की स्थिति में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने एवं 222.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करने की जानकारी दी गई।कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई। 112 (पुलिस आपात सेवा),1090 (वूमेन पावर हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा),1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन),102 (स्वास्थ्य सेवा),181 (महिला हेल्पलाइन), 101 (अग्निशमन सेवा)

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने जानकारी को उपयोगी बताते हुए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शामिल टीम में उप निरीक्षक राजेंद्र साही, कांस्टेबल अमित वर्मा, महिला कांस्टेबल अल्का त्रिपाठी शामिल रहे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**सिद्धार्थनगर।** स्वाधीनता आंदोलन के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित सनई चौराहे पर जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा भारत के क्रांतिकारियों के सिरमौर के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजादी की लड़ाई को एक नई दिशा दी। उनका विराट व्यक्तित्व हर भारतीय को प्रभावित करता है। देश के प्रति उनकी सेवाओं के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए नेताजी की पावन स्मृतियों को नमन। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी, जिला मिडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, अरविंद उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह, फूलचंद जायसवाल, संतोष शुक्ला, सौरभ त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, राजेश दूबे, अरविंद पाण्डेय, आशीष दुबे, सभासद राजाराम व सतीश आदि लोग उपस्थित रहें।

# निर्धारित समय पर अधिकारी के ना पहुंचने पर मची अफरा तफ़री

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** खंड शिक्षा अधिकारी जलालपुर के कार्यालय में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब निर्धारित समय पर अधिकारी के न पहुंचने से आम जनता को घंटों इंतजार करना पड़ा। मतदाता सूची से नाम कटने संबंधी नोटिस के आधार पर लोग सुबह 10 बजे से ही अपने आवश्यक दस्तावेज लेकर कार्यालय पहुंच गए थे, लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह के देर से पहुंचने के कारण सुनवाई शुरू नहीं हो सकी। जानकारी के अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी करीब दोपहर 1:20 बजे कार्यालय पहुंचीं, जिसके बाद ही कार्यवाही प्रारंभ हो पाई। इस दौरान कार्यालय परिसर में लोगों की भारी भीड़ जुटी रही और नागरिक लगातार परेशान होते नजर आए। अल्लीपुर इस्माइलपुर निवासी पंकज वर्मा ने बताया कि वे सुबह 10 बजे से कार्यालय में मौजूद थे, लेकिन दोपहर 1 बजे तक किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) की गलत फीडिंग के कारण अल्लीपुर इस्माइलपुर गांव के कई लोगों के नाम मतदाता सूची से अनुचित रूप से काट दिए गए हैं, जिससे ग्रामीणों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि सभी लोग पूरे दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित थे, इसके बावजूद अधिकारी के देर से आने के कारण कार्य प्रभावित हुआ। अधिकारी के पहुंचने के बाद कार्यवाही शुरू तो हुई, लेकिन अत्यधिक भीड़ के कारण लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। कार्यालय परिसर में कई महिलाएं अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ परेशान होती दिखाई दीं। मौके पर ज्ञानचंद यादव, बाबूराम चौहान, कालिका यादव, अखिलेश यादव सहित अल्लीपुर इस्माइलपुर ग्राम सभा व आसपास के गांवों तथा विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बताया गया कि खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास भी किया गया, लेकिन फोन नहीं उठाया गया, जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई।

## सूचना

मेरा नाम मो0 मेराज और रियाज अली दोनों मेरे ही नाम है रियाज अली घर में पुकारा जाता है और मो0 मेराज मेरा वास्तविक नाम है मेरी शादी के निकाह नाम: में मो0 मेराज के नाम से है इसलिए अब मैं अपना नाम रियाज अली से बदल कर जो मेरा वास्तविक नाम मो0 मेराज है उसे करना चाहता हूं ताकि भविष्य में लोग अब मुझे मो0 मेराज के नाम से जाने व पहचाने।

**पता:-** आत्मज स्व0 बाबर अली, 348/106, साबिक भदेवा बुलाकी अड्डा, राजेंद्र नगर लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226004

## 'वैश्विक डॉन' बनने के मंसूबे

आखिर अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के मंसूबे क्या हैं? वह दुनिया के सबसे प्राचीन लोकतांत्रिक देश के राष्ट्रपति हैं अथवा विस्तारवादी प्रवृत्ति के साम्राज्यवादी शासक हैं या अब 'वैश्विक डॉन' बनने की मंशा है? राष्ट्रपति ट्रंप हर रोज किसी न किसी देश पर कब्जा करने या हमला करने की धमकी देते हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को अमरीकी सैनिकों के जरिए अगवा करने के बाद वह क्यूबा, कोलंबिया सरीखे छोटे देशों के राष्ट्रपतियों को ऐसी धमकियां दे रहे हैं। 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच से राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ-साफ कहा है कि वह ग्रीनलैंड पर कब्जा करेंगे, क्योंकि यह क्षेत्र अमरीका का है और अमरीकी सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। रूस, चीन और यूरोप उन्हें रोक नहीं सकते। हालांकि ट्रंप ने ग्रीनलैंड में सेना का इस्तेमाल नहीं करने की बात कही है। उन्होंने ग्रीनलैंड को 'बर्फ का एक टुकड़ा' भी करार दिया है। यह एक विशालकाय, मायावी, ताकतवर दानव और बौने लिलिपुटियन के द्वन्द्व की कहानी सरीखा लगता है! राष्ट्रपति ट्रंप की लगातार धमकियों के कारण ही अमरीका और यूरोप पहली बार आमने-सामने तने हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने इसी वैश्विक मंच से, ट्रंप का नाम लिए बिना ही, कहा कि यूरोप किसी की 'दादागीरी' के सामने नहीं झुकेगा। यूरोप कोई समझौता भी नहीं करेगा। यूरोप और नाटो मिल कर ग्रीनलैंड की रक्षा करेंगे। डेनमार्क, बेल्जियम, कनाडा सरीखे देशों के प्रधानमंत्रियों ने राष्ट्रपति ट्रंप को आगाह किया है कि वह ग्रीनलैंड पर न तो ब्लैकमेलिंग करें और न ही 'रेडलाइन' को लांघने की कोशिश करें। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री ने 'युद्ध के हालात' की घोषणा कर दी है, सेना का अलर्ट कर दिया है और लोगों को अपने घरों में पांच दिन का राशन रखने की अपील की है। यह स्वायत्त देश मात्र 56-57,000 की आबादी का है, लेकिन विश्व में जो 30 दुर्लभ अर्थ खनिज माने जाते हैं, उनमें से 25 खनिजों के भंडार ग्रीनलैंड में हैं। तेल और गैस के भी पर्याप्त भंडार हैं। दरअसल इस देश के जरिए एक समुद्री रूट खुलता है, जिसके जरिए व्यापार सहज और कम समय में संभव हो सकता है। 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' के मंच से ही राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों-पुतिन और जेलेंस्की-को 'बेवकूफ' कहा। यह कैसी भाषा और मर्यादा है? ट्रंप ने किसी अन्य राष्ट्रपति को 'बीमार आदमी' करार दिया है।

यह दीगर और मजबूरी है कि ट्रंप ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी के प्रति सम्मान जताया है। उन्हें 'शानदार इनसान' और 'मेरे दोस्त' कहा है और यह भविष्यवाणी की है कि भारत के साथ अच्छी डील होने वाली है। राष्ट्रपति ट्रंप की मजबूरी यह है कि भारत ने अक्तूबर, 2025 में अमरीका से आने वाली 'पीली मटर' पर 30 फीसदी का टैरिफ थोप दिया था। नतीजा यह हुआ कि अमरीकी सांसदों को ट्रंप को पत्र लिखने पड़े कि भारत से इस टैरिफ को वापस लेने का आग्रह किया जाए। राष्ट्रपति ट्रंप को अपने विशेष दूत के तौर पर स्टीव डेंस को भारत भेजना पड़ा। डेंस ने दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात और बातचीत की है, लेकिन टैरिफ यथावत है। बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप के मंसूबे यहां तक पहुंच गए हैं कि उन्होंने ईरान को दुनिया के नक्शे से ही मिटा देने की धमकी दी है। पलटवार में ईरानी सेना ने चेतावनी दी है कि यदि खामेनेई की हत्या की कोशिश की गई, तो हम ट्रंप के हाथ काट देंगे। आखिर यह नौबत ही क्यों आई? सवाल है कि ट्रंप ने दुनिया भर में यह उबाल, गुस्सा, प्रतिशोध, अंततः युद्ध के भाव पैदा क्यों कर दिए? क्या अमरीका अन्य देशों की संप्रभुता का सम्मान नहीं कर सकता? राष्ट्रपति ट्रंप को किसी एकांत में यह मंथन करना चाहिए कि वह 'शांतिदूत' नहीं, 'युद्धखोर' हैं।

## संविधान और लोकतंत्र : खतरा या भ्रम?

हाल के वर्षों में भारतीय राजनीति और सार्वजनिक विमर्श में एक वाक्य बार-बार दोहराया जा रहा है संविधान और लोकतंत्र खतरे में हैं। विपक्षी दलों द्वारा इसे सरकार पर प्रहार का सबसे प्रभावी औज़ार बनाया गया है। किंतु लोकतंत्र में किसी भी आरोप का मूल्यांकन उसकी आवृत्ति से नहीं, बल्कि तथ्यों और संवैधानिक यथार्थ से किया जाता है। इसलिए यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यह खतरा वास्तविक है या केवल एक राजनीतिक भ्रम?


प्रो. मनमोहन प्रकाश

यह सत्य है कि भारतीय संविधान विश्व के सबसे विस्तृत, सुदृढ़ और संतुलित संविधानों में से एक माना जाता है। यह केवल शासन चलाने का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रणाली है, जो विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच संतुलन स्थापित करती है। पिछले 75 वर्षों में भारत ने युद्ध, आंतरिक अशांति, आर्थिक संकट, आतंकवाद, सामाजिक आंदोलनों, सत्ता परिवर्तन और यहाँ तक कि आपातकाल जैसे कठिन दौर भी देखे हैं। इसके बावजूद संविधान की मूल आत्मा और लोकतांत्रिक ढाँचा सुरक्षित बना रहा। यह तथ्य स्वयं इस कथन को कमजोर करता है कि भारतीय लोकतंत्र किसी गंभीर संकट में है।

यदि वास्तव में संविधान और लोकतंत्र खतरे में होते, तो उसके स्पष्ट संकेत दिखाई देते, जैसे समय पर चुनाव कराने से बचा जाता, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव बाधित होते, सत्ता हस्तांतरण शांति पूर्ण न होता, न्यायपालिका सरकार के विरुद्ध निर्णय देने में असमर्थ होती, संसद में विपक्ष को अपनी बात रखने नहीं दी जाती, विपक्ष को संसद और संसद के बाहर सरकार की आलोचना करने, रैली निकालने, धरना प्रदर्शन से रोका जाता, मीडिया पर पूर्ण नियंत्रण होता, टीवी चैनलों में बहस करते समय सरकार और संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की आलोचना करना आसान न होता और नागरिकों की अभिव्यक्ति व आंदोलन की स्वतंत्रता सीमित हो जाती। किंतु भारत का वर्तमान यथार्थ इससे भिन्न है। यहाँ चुनाव नियमित रूप से हो रहे हैं, न्यायपालिका सक्रिय रूप से संवैधानिक समीक्षा कर रही है, मीडिया सरकार की समय-समय खुली आलोचना करता है और नागरिक और राजनीतिक दल अपनी असहमति सड़कों से लेकर न्यायालय तक व्यक्त कर रहे हैं। ये सभी तथ्य लोकतंत्र की सक्रियता को प्रमाणित करते हैं।

यह भी सत्य है कि लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव स्वाभाविक है। विपक्ष का दायित्व है कि वह सरकार से प्रश्न पूछे, नीतियों की आलोचना करे और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए सजग रहे। किंतु जब हर निर्णय और हर प्रशासनिक कदम को बिना ठोस संवैधानिक आधार के लोकतंत्र पर हमला कह दिया जाता है, तब यह स्वस्थ आलोचना नहीं, बल्कि राजनीतिक अतिशयोक्ति बन जाती है।

वास्तविक खतरा लोकतंत्र को तब उत्पन्न होता है, जब संवैधानिक संस्थाओं जैसे संसद, न्यायपालिका, चुनाव आयोग और मीडिया पर जनता का विश्वास जानबूझकर कमजोर किया जाए। निरंतर संकट का नैरेटिव नागरिकों में भय और अविश्वास पैदा करता है। लोकतंत्र भय या भ्रम से नहीं, बल्कि संविधान सम्मत आचरण, संवाद, असहमति और उत्तरदायित्व से चलता है।

भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में लोकतंत्र का टिके रहना उसकी आंतरिक शक्ति का प्रमाण है। आपातकाल जैसे अनुभव के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का पुनर्स्थापन यह दर्शाता है कि भारतीय लोकतंत्र आत्म-सुधार की क्षमता रखता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि नागरिक चुनौती और संकट के अंतर को समझें। चुनौती लोकतंत्र को परिपक्व बनाती है, जबकि कृत्रिम संकट का प्रचार उसे कमजोर दिखाने का प्रयास करता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**देश में नई शिक्षा प्रणाली और कौशल विकास पर जोर दिया जा रहा है, ताकि युवाओं के सपनों को ऊंची उड़ान मिल सकें। फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025 के अनुसार, वर्तमान कार्यबल के लगभग 39 प्रतिशत के कौशल साल 2030 तक अप्रचलित अर्थात पुराने हो जाने की प्रबल संभावना हैं। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2025 के मुताबिक, सिर्फ़ 54.8 प्रतिशत भारतीय युवा ही नौकरी के काबिल माने जाते हैं, और कई लोगों में कार्यस्थल पर सफल होने के लिए आवश्यक डिजिटल दक्षता, अनुकूलनक्षमता और सॉफ्ट स्किल्स की कमी हैं।**

# युवा शक्ति, शिक्षा प्रणाली और समस्याओं का अंबार

दुनिया में मनुष्य के पास शिक्षा एक ऐसा बेशकीमती मौका है, जो जीवन में हर क्षेत्र, हर उच्च पद, काबिलियत और विकास का जरिया बनता है और हर वह मुकाम हासिल करने के लायक जो मनुष्य चाहता है, यह शिक्षा ही दिलाती हैं। इसके साथ ही मनुष्य के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी भी शिक्षा पर होती है, मनुष्य के बेहतर जीवनयापन और जीवन में आनेवाली समस्याओं को हल करने की ताकत शिक्षा देती हैं। शिक्षा मनुष्य को संस्कारित करने के साथ-साथ उनके कलागुणों को निखारती है, आज प्रतियोगिताओं के युग में हमें अधिक कुशल बनाने में सहायक है और सतत प्रगतिपथ पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करके पथ प्रदर्शित करती हैं। मनुष्य ऐसी ही शिक्षा की कल्पना अपने जीवन के लिए करता है, जो उसके जीवन को सफल और सार्थक कर दें। शिक्षा पर हर एक मनुष्य का समान हक है और दुनिया में प्रत्येक को शिक्षा का यह अधिकार मिलना ही चाहिए ताकि वह अपना जीवन को बेहतर बना सकें, शिक्षा का भी यही उद्देश्य होता हैं। दुनिया में जिन देशों ने शिक्षा की गुणवत्ता और महत्व को समझा है, आज वह देश संपन्न राष्ट्रों में गिने जाते है, छोटे - छोटे देश भी शिक्षा की गुणवत्ता के बलबूते पर विकसित और प्रबल बन चुके हैं। यूनेस्को ने अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 2026 की आधिकारिक थीम है शिक्षा को मिलकर बनाने में युवाओं की शक्ति घोषित की हैं। देश में नई शिक्षा प्रणाली और कौशल विकास पर जोर दिया जा रहा है, ताकि युवाओं के सपनों को ऊंची उड़ान मिल सकें। फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025 के अनुसार, वर्तमान कार्यबल के लगभग 39 प्रतिशत के कौशल साल 2030 तक अप्रचलित अर्थात पुराने हो जाने की प्रबल संभावना हैं। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2025 के मुताबिक, सिर्फ़ 54.8 प्रतिशत भारतीय युवा ही नौकरी के काबिल माने जाते हैं, और कई लोगों में कार्यस्थल पर सफल होने के लिए आवश्यक डिजिटल दक्षता, अनुकूलनक्षमता और सॉफ्ट स्किल्स की कमी हैं।


डॉ. प्रितम भि. गेडाम

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो डेटा के मुताबिक, 2022 में भारत में गिरफ्तार हुए सभी नाबालिगों में से लगभग आधे 49.5 प्रतिशत हिंसक अपराधों में शामिल थे, यह 2016 के 32.5 प्रतिशत के मुकाबले बहुत ज़्यादा बढ़ोतरी है। राष्ट्रीय बाल अपराध दर 2022 में प्रति लाख बच्चों पर 6.9 से थोड़ा बढ़कर 2023 में 7.1 हो गया। दिल्ली में बच्चों में सबसे ज़्यादा अपराध दर, प्रति लाख बच्चों की आबादी पर 41.1 दर्ज किया गया, जो राष्ट्रीय औसत से बहुत ज़्यादा हैं। मानसिक तनाव की समस्या तेजी से बढ़ी है, देश के युवाओं में यह समस्या लगातार बढ़ रही है, बढ़ते तनाव, चिंता और अवसाद के साथ-साथ आसानी से मिलने




वाले मानसिक सहयोग की कमी और लगातार सोशल स्टिग्मा की वजह से युवा मानसिक स्वास्थ्य समस्या का सामना कर रहे हैं। साल 2020-22 में, भारत में 15-29 साल के लोगों में आत्महत्या की वजह से 60,700 से ज़्यादा मौतें हुई, जो दुनिया में सबसे ज़्यादा हैं। शिक्षित युवाओं में बेरोज़गारी बढ़ रही है क्योंकि पढ़ाई और नौकरी मार्केट की ज़रूरतों के बीच कौशल का मेल नहीं है, जबकि कई लोग कम फ़ायदों वाली, छोटे पद या जोखीमभरी नौकरियों में काम करने को मजबूर हैं। आज भी किसी सरकारी दफ्तर में चपरासी के पद के लिए पदभर्ती के विज्ञापन आने पर हजारो उच्च शिक्षित युवा उस चपरासी के पद के लिए आवेदन करते हैं। दोस्तों के दबाव और तनाव या मौजमस्ती के कारण युवाओं के नशे की लत के जाल में फंसने की संभावना बहुत अधिक बढ़ रही है और उनके उपचार, पुनर्वसन, साधनसंपन्न सुविधा केंद्रों की कमी इस समस्या को अधिक खराब कर रही हैं।

कैग रिपोर्ट 2025 अनुसार, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में भारी गड़बड़िया मिली है, इस योजना के अंतर्गत 56.14 लाख युवाओं को ट्रेनिंग दी गई, उसमे से केवल 23.18 लाख युवाओं को रोजगार मिला, जबकि 32.96 लाख युवा अर्थात 58.71 प्रतिशत युवा कौशल विकास योजना का लाभ लेकर भी बेरोजगार ही रह गए हैं। इसमें 13.33 प्रतिशत युवा उम्मीदवार कौशल के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता भी पूरी नहीं कर पा रहे थे। 94.53 प्रतिशत मामलों में बैंक अकाउंट डिटेल्स खाली थी, 94 प्रतिशत से ज्यादा बैंक खातों की वैध जानकारी नहीं थी, इस कारण 34 लाख युवाओं को 500 रुपये का रिवॉर्ड भी नहीं मिला। इस योजना में एक ही स्थान के प्रशिक्षण के फोटो का इस्तेमाल अनेक राज्यों में हो रहा था, अनेक ट्रेनिंग सेंटर असल में बंद थे, लेकिन सेंटर कागजों पर चल रहे थे। अधिकतम युवा उम्मीदवारों की ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर भी फेक दिए गए थे। इस योजना के अंतर्गत 2015 से 2024 के बीच कुल 9261 करोड़ रुपया खर्च किया गया है, लक्ष्य 1.32 करोड़ युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देना था और 1.1 को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र भी प्राप्त हुआ कागजों पर, लेकिन कैग ने इसे आंकड़ों का खेल बताया।

देश में लगातार बढ़ती आर्थिक विषमता समाज में एक बड़ी खाई का निर्माण कर रही है, इससे विकास कार्य में बाधाएं उत्पन्न होती हैं। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट यूथ पल्स 2026 ~ बदलती दुनिया के लिए अगली पीढ़ी की सोच के निष्कर्ष अनुसार, 48.2 प्रतिशत ने बढ़ती आर्थिक विषमता को सबसे बड़ा संकट बताया हैं। इस सर्वेक्षण में 144 देश शामिल हुए। 57 प्रतिशत युवाओं ने वित्तीय चिंताओं को तनाव का प्रमुख कारण बताया हैं। 57.2 प्रतिशत युवाओं ने रोजगार निर्माण या उपलब्धता को प्राथमिकता दी है, जबकि 46.1 प्रतिशत युवाओं ने सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता को जरुरत माना हैं।

देश में बेरोजगारी का आलम तो हम सभी जानते ही है, लेकिन दशकों तक रिक्त पदों पर नई भर्ती न करना व्यवस्था या कार्यप्रणाली को कमजोर बना देती हैं। उदाहरण के लिए महाराष्ट्र राज्य के राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय में स्वीकृत प्रोफेसर पद 258 है, इसमें से वर्तमान में कार्यरत केवल 86 है, बाकि 66 प्रतिशत पद खाली पड़े हुए है, जिसका सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ता हैं। यह सिर्फ एक विश्वविद्यालय की ही नहीं, अपितु संपूर्ण महाराष्ट्र राज्य में यही परिस्थिति है, देश के कुछ अन्य राज्यों के हालात भी कुछ अलग नहीं हैं। कई राज्यों में शिक्षा विभाग की स्थिति काफी भयावह हैं। कई राज्यों में शिक्षा विभाग के घोटाले अक्सर सुनाई देते है, भ्रष्टाचार, परीक्षा पर्चा लिक, जाली दस्तावेज, नकली भर्ती, परीक्षा में डमी परीक्षार्थी, नकली पदवी खरीद मामला जैसे अनेक मामले दिनोंदिन उजागर होते रहते हैं। इन सब के कारण शिक्षा जैसे पवित्र पेशे को कालिख पोत दी जाती है, और नुकसान देश के वर्तमान व आनेवाली पीढ़ी को भुगतना पड़ता हैं।

# भारतीय संविधान समझौता, अदल-ओ-इन्साफ़ या सन्तुलित शरीयत

**सरवर नईम बिलग्रामी**

**शरीयत या इस्लाम का क़ानूनी फ्रेमवर्क के बुनियादी मक़ासिद ज़िंदगी की हिफ़ाज़त, ईमान की हिफ़ाज़त, अक़्ल की हिफ़ाज़त, जायदाद का तहफ़्फ़ुज़ और इन्सानी वक़ार का तहफ़्फ़ुज़। ये मक़ासिद अदल, आज़ादी और मुसावात के जदीद आईनी एहदाफ़ से हम-आहंग हैं। क़िरान पाक में है। बे-शक अल्लाह अदल, एहसान और रिश्तेदारों को देने का हुक्म देता है और बुराईयों से रोकता है '(कुरान-16:90)**

वतन-ए-अज़ीज़ में ''संविधान बमुक़ाबला शरीयत कोई नई बहस नहीं है। मुल्क की आज़ादी से बहुत पहले ये बहस शुरू हो गई थी और इसका भी 1920 की दहाई में ही ढूंढ लिया गया था। लेकिन बदक़िस्मती से कुछ सियासी मुहर्रिकात-ओ-अवामिल रह-रह कर इस बहस को ताज़ा करते रहते हैं और एक तरफ़ मुस्लमानों के दिलों में अंदेशे पैदा किए जाते हैं, दूसरी तरफ़ ग़ैरमुस्लिमों को उनके ख़िलाफ़ मुश्तइल करने की कोशिश की जाती है। उनका ये दावा कि ''आईन हिंद से शरीयत का कोई मुक़ाबला है या शरीयत आईन के मुनाफ़ी है, ना सिर्फ गुमराह-कुन है बल्कि उसूली तौर पर एक बिलकुल बे-बुनियाद है। ये तसव्वुर इस्लामी फ़िकह या आईनी इक़दार की रोशनी में संजीदा ग़ौरोफ़िक्र के बजाय आधे अधूरे इलम, ख़ौफ़, सियासत और रद्द-ए-अमल की नफ़सियात का नतीजा है और ये उन ही अवामिल से परवान चढ़ता है।

इस्लाम क़ानून के ख़िलाफ़, रियासत का मुख़ालिफ़, या ख़िलाफ़ हुक्म नहीं है। दरहक़ीक़त इन्साफ़, अमन और हुक़ूक़ का तहफ़्फ़ुज़ उसकी बुनियादी तरजीह और शरीयत का अहम हिस्सा है। ईमानदारी से जायज़ा लिया जाये तो आईनी उसूल-ओ-इक़दार इस्लाम के तसव्वुर अदल-ओ-मुसावात और इस्लामी अख़लाक़ियात पर मबनी हैं। मुल्क की आईनसाज़ असैंबली में वक्त के जय्यद उलमाए दीन मौजूद थे और आईन हिंद की एक एक शक़ पर बहस-ओ-तमहीस के बाद उस के इल्तिज़ामात अपनाए गए और उनमें मज़हबी अक़लियतों के हुक़ूक़, उनकी मज़हबी आज़ादी, अक़ाइद और जज़्बात का पूरा लिहाज़ रखा गया। इसमें किसी शक-ओ-शुबा की गुंजाइश नहीं है कि हिन्दुस्तान का आईन एक मीसाक़ अदल-ओ-मसावात है जिसमें हर फ़िर्क़ा को इसके दीनी तशख़्ख़ुस की ज़मानत दी गई है और रियासत को किसी के दीनी व अमली उमूर में मुदाख़िलत का हक़ नहीं दिया गया। ये ठीक वैसा ही है जैसा पैगम्बरे-इस्लाम ने मक्का मुकर्रमा से हिजरत के बाद मदीना मुनव्वरा में मुक़ामी आबादी से मुआहिदा के साथ रियासत की बुनियाद रखी जिसके फ़रीक़ों में अंसार मदीना, यहूदी क़बाइल, बुतपरस्त अरब क़बाइल, मुज़ाफ़ात यसरिब में बसने वाले उनके हलीफ़ क़बाइल और मुहाजिरीन मक्का शामिल थे और हर फ़रीक़ को अपने दीन और अपनी शरीयत के मुताबिक़ जीने का हक़ हासिल था, रियासत का दिफ़ा और मुशतर्का उमूर सबकी ज़िम्मेदारी थी और सरबराह ममलकत की हैसियत से उन पर हाकिम-ओ-क़ाज़ी हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा थे, हालांकि रसूल करीम ने इख़्तलाफ़ की सूरत में अपनी पसंद का हुक्म या सालिस चुनने का इख़्तियार भी लोगों को दिया। सुलह हुदैबिया और मीसाक़ मदीना इस्लाम की तारीख़ के वो तहरीरी दस्तावेज़ात हैं जो रसूल करीमने ख़ुद लिखवाए। शरीयत या इस्लाम का क़ानूनी फ्रेमवर्क के बुनियादी मक़ासिद ज़िंदगी की हिफ़ाज़त, ईमान की हिफ़ाज़त, अक़्ल की हिफ़ाज़त, जायदाद का तहफ़्फ़ुज़ और इन्सानी वक़ार का तहफ़्फ़ुज़। ये मक़ासिद अदल, आज़ादी




और मुसावात के जदीद आईनी एहदाफ़ से हम-आहंग हैं। क़िरान पाक में है। बे-शक अल्लाह अदल, एहसान और रिश्तेदारों को देने का हुक्म देता है और बुराईयों से रोकता है '(कुरान-16:90) ये आयत इस अफ़साने की नफ़ी करती है कि इस्लाम किसी नाइंसाफ़ी या इंतिशार की इजाज़त है या उस का ऐसे किसी मीसाक़, दस्तूर, आईन या मुआहिदे से कोई टकराओ है जिसकी असास अदल-ओ-इन्साफ़, अमन और आज़ादी है। मौलाना अबुल-कलाम आज़ाद, सय्यद साद उल्लाह ,मौलाना हिफ़्ज़ुर्रहमान और मौलाना हसरत मोहानी ने आईन हिंद को कभी शरीयत के मुनाफ़ी नहीं समझा बल्कि वो उसे मीसाक़ मदीना की जदीद ताबीर समझते थे और मुत्तहदा क़ौमीयत के दाई-ओ-अलमबरदार शेख़ुल-इस्लाम मौलाना हुसैन अहमद मदनी की राय भी यही थी। आईन में (1)समाजी, सयासी और इक़्तिसादी अदल-ओ-इन्साफ़, 2) इन्सानी वक़ार का एहतिराम और मसावात, 3) ज़िंदगी, अक़्ल और ईमान का तहफ़्फ़ुज़ ,4) सैकूलर इज़्म यानी मज़हबी आज़ादी, 5) क़ानून की हुक्मरानी और आईन की बालादस्ती, 6) फ़लाही रियासत और समाजी इन्साफ़ यानी हुक्मरानी में एहसान और 7) अक़लियतों और कमज़ोरों के हुक़ूक़ का तहफ़्फ़ुज़ बुनियादें उसूलों के तौर पर रखे गए हैं और आईन में बुनियादी हुक़ूक़ की दफ़आत उनकी बहुत वाज़िह तशरीह हैं।

क़ुरआन ने फ़र्द , समाज और रियासत के इसी किरदार को अदल-ओ-एहसान कहा है। अदल इस्लाम में इख़्तियारी नहीं है । ये एक हुक्म ख़ुदावंदी है। इस्लाम सब के साथ इन्साफ़ का तक़ाज़ा करता है। इसके नज़दीक क़ानून सबसे बालातर है और हम देखते हैं कि आईन हिंद रियासत की पालिसी के रहनुमा उसूलों में ग़रीबों, कमज़ोरों और पसमांदा लोगों के तहफ़्फ़ुज़, तालीम, सेहत और फ़लाह-ओ-बहबूद के एहदाफ़ मुतय्यन करता है। अदल का मतलब है कि जो जिसका हक़ है वो उसे मिल जाये और एहसान ये है कि क़ानूनी तौर पर मतलूबा काम को इस से ज़्यादा किया जाये जैसे कमज़ोरों का ख्याल रखना, मुहताजों की मदद करना और हमदर्दी के जज़्बे से मुआशरे की ख़िदमत वग़ैरा।

फ़ुक़हा-ए-इस्लाम इस उसूल पर मुत्तफ़िक़ हैं कि अगर कोई निज़ाम इन्साफ़, तहफ़्फ़ुज़ और अक़ीदे की आज़ादी की ज़मानत देता है, तो मुसलमान मज़हबी तौर पर उसके क़वानीन का एहतिराम करने के पाबंद हैं।और हिन्दुस्तान के मुसलमान एक ऐसे आईन के तहत रहते हैं जोरूओ ष्जान-ओ-माल की हिफ़ाज़त की ज़मानत देता है, मज़हबी आमाल व इबादात की आज़ादी देता है, इन्सानी वक़ार का एहतिराम, क़ानूनी मसावात के उसूल और क़ानून की हुक्मरानी के तसव्वुर पर मबनी है।

इस्लाम मुआशरती इस्तिहकाम पर ग़ैरमामूली ज़ोर देता है। अल्लाह का इरशाद हैरूष्और इस फ़ित्ने से डरो जो तुम में से सिर्फ ज़ालिमों को ही नहीं पहुँचेगा (8:25) ? इस्लाम वो मज़हब है जिसमें सरकशी, ज़ुलम , हजूमी इन्साफ़ और इंतिशार की वाज़िह मुज़म्मत है। नबी करीम सिल्ली अल्लाह अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया- जो दूसरों को नुक़्सान पहुँचाता है अल्लाह उस को नुक़्सान पहुंचाएगा (तिरमिज़ी)। इस्लाम क़ानून की हुक्मरानी है जिसमें कोई फ़र्द, गिरोह या हुजूम क़ानून से बालातर नहीं है। क़ुरआन का हुक्म है- ए ईमान वालो, अल्लाह की इताअत करो, रसूल की इताअत करो और तुम में से साहिबान इख़्तियार की। (4:59)? जब तक क़वानीन किसी मुसलमान को कुफ़्र या बदकारी पर मजबूर नहीं करते, इताअत वाजिब है। ट्रैफ़िक क़वानीन, अदालतें, टैक्सेशन, पब्लिक आर्डर ये सब इताअत के दायरे में आते हैं। मलिक के आईन का एहतिराम करना अक़ीदे से समझौता नहीं है ये इस्लामी अख़लाक़ियात का हिस्सा है इस्लाम ने अहल ईमान को अक़ल्लीयतों के तहफ़्फ़ुज़ का पाबंद किया है। जदीद जमहूरीयत और जमहूरी आईन के तसव्वुर से बहुत पहले इस्लाम ने अक़ल्लियतों के तहफ़्फ़ुज़ के उसूल वज़ा किए। नबी करीम सिल्ली अल्लाह अलैहि वसल्लम ने ऐलान फ़रमाया-जो किसी ग़ैर मुस्लिम शहरी को नुक़्सान पहुँचाता है, मैं क़ियामत के दिन उस का मुख़ालिफ़ हूँगा। (अब्बू दाऊद)।

# 'गणतन्त्रीय भारत में लोकतंत्रीय- मूल्यों का समावेश'

**डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव**

**1895में संविधान सभा के निर्माण की बात उठी थी। उसके बाद 1934 में। जैसा कि स्वराज्य पार्टी ने मई 1934 में और कांग्रेस ने 1936 के फ़ैज़पुर अधिवेशन में इस मांग को दोहराया। अंततः 1942 के क्रिप्स प्रस्ताव में संविधान सभा के निर्माण को स्वीकार किया गया। गणतन्त्रीय भारत में लोकतंत्रीय मूल्यों के समावेशन की कामना से संविधान सभा के निर्माण की प्रक्रिया 1946 के कैबिनेट मिशन प्लान में दी गई।**

प्राकृतिक उपागमों, संसाधनों का सन्तुलित एवं परिमार्जित रूप से विश्व मानव समाज के कल्याणार्थ उपभोग करने की प्रबल इच्छा धारा से संयुत् होकर जीने में ही मानवता के उत्कृष्टता की श्रीवृद्धि होती है। मानव के मानव अधिकार सुरक्षित रहते हैं। अपने निश्चित भूभाग पर निवास करते हुए भी ब्रिटिश दासता की घोर यंत्रणाओं से त्रस्त भारत की जनता के स्वतन्त्रता संघर्ष की विश्व गाथा में अनेकानेक हृदय विदारक घटनाओं बीच स्व शासन संदर्भित भारतीय संविधान सृजन परिप्रेक्षित विभिन्न महत्वपूर्ण अधिनियम प्रकाश में आते रहे,जो आगे चलकर स्वातंत्र्य के वरण की ओर अग्रसर राष्ट्र नायकों के लिए पथ दर्शक साबित हुई। इन अधिनियमों में 1773 का रेग्युलेटिंग एक्ट,1823 का चार्टर अधिनियम, 1833 का चार्टर एवं1 853 का चार्टर अधिनियम तो महत्वपूर्ण रहा ही है, साथ ही 1858,1861,1892,1909,1919 तथा अति महत्वपूर्ण 1935 का भारतीय शासन अधिनियम की महती उपादेयता रही।

1932 में तैयार हुए एक श्वेत पत्र पर आधारित 1935 के भारतीय शासन अधिनियम में लोकहित साधना की अनेक बातें विद्यमान थीं। यही कारण है कि संविधान निर्माताओं ने एक लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना अर्थ में इस अधिनियम को प्रमुखता से ग्राह्य किया। इसके अतिरिक्त संविधान के स्रोत स्वरूप अनेक प्राचीन एवं अर्वाचीन ग्रंथ भी उपादेयी रहे।ग्लैडहिल की पुस्तक फंडामेंटल राइट्स इन इंडिया और इंडियन रिपब्लिक 'अलकजेन्ड्रो विज' की पुस्तक कांस्टीच्यूशनल डेवलपमेंट ऑफ इंडिया की भूमिका भी अहम रही। संविधान स्रोतस्विनी के रूप में प्राचीन परम्पराओं पर भी संविधान विशेषज्ञों की दृष्टि दौड़ी। जैसा कि गुलामी काल में जन अपेक्षाओं पर ही कुठाराघात होता रहा, उनकी मर्यादाओं, जीवन सुरक्षा की खतरनाक परिस्थितियां अंग्रेजी शासन द्वारा पैदा की जा रहीं थीं।।ऐसी दशा में मानवता के कल्याण की सोच पर भारतीय राजनेताओं का ध्यान अधिक रहा।क्या होना चाहिए,क्या नहीं होना चाहिए ये ही विचारणीय विन्दु रहे। सभी ने स्वतन्त्रता प्राप्ति एवं स्व संविधान अनुसार शासन व्यवस्था कायम करने के स्वप्न को फलीभूत करने के लिए दृढ़ संकल्पता दिखलायी।



मजबूत इरादे,कठोर श्रम साधना,अनुपम त्याग बलिदान के अचूक अस्त्र के बदौलत भारतीयों ने स्वतन्त्रता की सुनिश्चितता का सूरज जब बहुत करीब से देखा,तो संविधान निर्माण हेतु भारतीय संविधान सभा के गठन की प्रक्रिया को बल मिला। इस दिशा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हृदय से 1922 में ही ये भाव प्रस्फुटित हो चुके थे कि-भारत के लिए भारतीय ही संविधान बनाएंगे।

प्रथमतः 1895में संविधान सभा के निर्माण की बात उठी थी। उसके बाद 1934 में। जैसा कि स्वराज्य पार्टी ने मई 1934 में और कांग्रेस ने 1936 के फ़ैज़पुर अधिवेशन में इस मांग को दोहराया। अंततः 1942 के क्रिप्स प्रस्ताव में संविधान सभा के निर्माण को स्वीकार किया गया। गणतन्त्रीय भारत में लोकतंत्रीय मूल्यों के समावेशन की कामना से संविधान सभा के निर्माण की प्रक्रिया 1946 के कैबिनेट मिशन प्लान में दी गई। इसी के आधार पर जुलाई 1946 में संविधान सभा के चुनाव हुए। भारतीय संविधान सभा के चुनाव में आनुपातिक प्रतिनिधित्व की एकल मत संक्रमण प्रणाली अपनायी गई, जिसकी कुल सदस्य संख्या 389 नियत की गई। जैसा कि संविधान सभा का प्रथम अधिवेशन 09 दिसम्बर 1946 ईस्वी को हुआ। डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा संविधान सभा के अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त हुए। आगे चलकर 11 दिसम्बर 1946 को डा. राजेन्द प्रसाद को संविधान सभा का स्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बी.एन.राव संवैधानिक सलाहकार नियुक्त हुए।

जन कल्याण और विश्व शांति के हिमायती भारतीयों द्वारा एक आदर्श कल्याणकारी संविधान सृजनार्थ विश्व के 60 देशों के संविधान का अध्ययन किया गया,जिससे की विश्व मोतियों की इन लोकहित लड़ियों से एक अमूल्य संविधान सृजन का स्वप्न साकार हो सके और तंत्रों में अति विशिष्ट तंत्र लोक तंत्र की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो सके तथा गणतन्त्रीय भारतीय संविधान में लोकतंत्रीय मूल्यों के सुन्दर समावेशन की संकल्पना चरितार्थ हो सके।

संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष पीड़ितों, शोषितों, प्रवंचितों के मसीहा डॉ. भीमराव अम्बेडकर की ज्ञानधारा से सृजित एवं अन्य तत्कालीन भारत विभूतियों के ज्ञान निधि से स्नायित भारतीय संविधान निर्माण की प्रक्रिया चल ही रही थी कि इसी बीच स्वतंत्रता का सूर्योदय 15 अगस्त 1947 को होते ही भारतीयों ने स्वतंत्रता देवी का वरण किया,जबकि इसके सहोदर पाकिस्तान को 14 अगस्त 1947 को स्वतन्त्रता की प्राप्ति हुई। ध्यातव्य हो कि डॉ.भीमराव अम्बेडकर ने संविधान सभा द्वारा निर्मित संविधान को पारित करने का प्रस्ताव रखा और यह प्रस्ताव 26 नवम्बर 1949 को पारित हो गई।भारतीय संविधान के निर्माण में कुल 2 वर्ष 11माह और 18 दिन लगे थे। इसके निर्माण में तत्समय 63 लाख 96 हजार 729 रूपये व्यय हुए थे।संविधान सभा संदर्भित कुछ विशेष तथ्यात्मक बातें एतद् रहीं।

संविधान सभा की स्थापना 06 दिसम्बर 1946 को हुई थी और यह 24 जनवरी 1950 को विसर्जित हुई। इसके अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र प्रसाद और उपाध्यक्ष हरेन्द्र कुमार मुखर्जी तथा वी.टी.कृष्णमाचारी थे। पहली बार संविधान सभा की मांग सन 1895 ईस्वी में बाल गंगाधर तिलक ने उठाई थी, जबकि अंतिम (पांचवीं)बार पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1938 इसकी मांग उठाई थी। भारत-पाक बंटवारे के बाद इसके कुल सदस्यों की संख्या(389) में से 299 ही रह गए, जिनमें 15 महिलाएं, 26 अनुसूचित जाति एवं जन जाति के 33 सदस्य थे। भारतीय संविधान के निर्माणार्थ कुल 22 समितियां गठित की गई थीं, जिनमें प्रमुख समितियां और उनके अध्यक्ष रहे-मसौदा या पारूप समिति (डॉ .भीमराव अम्बेडकर), संघ शक्ति समिति और संघ संविधान समिति (पण्डित जवाहरलाल नेहरू), वार्ता समिति, प्रक्रिया समिति, वित्त एवं स्टाफ समिति, राष्ट्रीय ध्वज तदर्थ समिति (डॉ.राजेन्द्र प्रसाद), कार्य संचालन समिति (के.एम.मुन्शी), झंडा समिति (जे.बी.कृपलानी), प्रांतीय समिति,मूलाधिकार व अल्पसंख्यक समिति(सरदार बल्लभ भाई पटेल), कार्यकरण संबंधी समिति (जी.वी.मावलंकर)और आवास समिति (पट्टाभि सीतारमैय्या)।

# 15 जिलों में ओलावृष्टि की संभावना, बढ़ेगा तापतान



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम ने एक बार फिर से करवट लिया है। शुक्रवार को पश्चिमी यूपी के तराई, एनसीआर और उत्तराखंड से सटे जिलों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की झोंकेदार हवाओं के साथ शामली, गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर आदि में हल्की बूंदाबांदी हुई। सहारनपुर, मुजफ्फर नगर और शामली में हवाओं की रफ्तार 60 किमी प्रति घंटे तक दर्ज की गई। कई जिलों में दिन के अधिकतम तापमान में भारी गिरावट आई।

मौसम विभाग का कहना है कि विक्षोभ के असर से शनिवार को पूर्वी यूपी और मध्यांचल में भी छिटपुट बूंदाबांदी के आसार हैं। वहीं पश्चिमी तराई और उत्तराखंड से सटे लगभग 15 जिलों में ओले गिरने की भी आशंका है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बदले हुए मौसम के बीच यूपी में 27 जनवरी से एक और पश्चमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसकी वजह से पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में दिन व रात के तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। वहीं, शनिवार को पश्चिमी यूपी में न्यूनतम तापमान में 5 डिग्री तक की बढ़त के संकेत हैं, तो वहीं मध्यांचल में बादलों की वजह से दिन के तापमान में हल्की गिरावट आएगी।

### यहां है ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, संभल, बदायूं।

**40 से 50 किमी/घंटा की रफ्तार वाली झोंकेदार हवाओं की आशंका**

सहारनपुर शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल बदायूं।

# नींव की ईंट बन शिवपाल बनाएंगे अखिलेश को टीपू सुल्तान - चंद्रभूषण



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** समाजवाद के सजग प्रहरी एवं नेताजी मुलायम सिंह यादव के सेनापति शिवपाल सिंह यादव अब नींव की ईट बन अपने भतीजे अखिलेश यादव को यूपी का टीपू सुल्तान बनाने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को तैयार हैं,उक्त उद्गार शिवपाल सिंह यादव के जन्मदिन पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित जन्मदिन कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि शिवपाल सिंह यादव ने नेताजी मुलायम सिंह यादव के लिए सदैव ढाल बनने का काम किया। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि शिवपाल सिंह यादव राजनीति के धुरंधर खिलाड़ी हैं जिन्हें संगठन बनाने से लेकर सरकार चलाने के सारे हुनर नेताजी से प्राप्त हैं जिनका सदुपयोग सपा प्रमुख अखिलेश यादव को सत्ता के शिखर पर पंहुचाने हेतु करने को उद्यत हैं। उक्त अवसर पर उपस्थित सपाइयों ने शिवपाल सिंह यादव को जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके सुदीर्घ जीवन की कामना किया और मिष्ठान वितरित किया। शिवपाल सिंह यादव को जन्मदिन पर बधाई देने वालों में रामप्यारे यादव, चौथी प्रसाद, अभिषेक गुड्डू गोंड, अजीत टुनटुन यादव, छोटू यादव,दिनेश यादव, लालू अंसारी, श्यामराज, मुन्ना अंसारी, अमीन अंसारी आदि के नाम प्रमुख हैं।

# सुभाष चंद्र बोस ने मुल्क की आजादी में अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

अवधनामा संवाददाता

**भाटपार रानी, देवरिया।** शुक्रवार की शाम बनकटा विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय पड़री के प्रांगण में देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान कवि व शायर मकसूद अहमद भोपतपुरी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने मुल्क की आजादी में अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर उन्होंने देश के नौजवानों में आजादी के प्रति जोश भरते हुए ब्रिटिश हुकूमत की बुनियाद दिला दी थी। जर्मनी, जापान, इटली,फ्रांस आदि कई देशों की यात्रा करते हुए उन्होंने देश की आजादी के लिए ठोस रणनीति बनाई। उन्होंने आजाद हिंद फौज नामक देश के नौजवानों की एक सेना तैयार की।उ न्होंने जर्मनी जाकर माईन काम्फ नामक पुस्तक में भारत के बारे में की गई अभद्र टिप्पणी के लिए हिटलर को जोरदार तरीके से फटकार लगाई थी। अतः उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। प्रधानाध्यापक जियाउल्लाह अंसारी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने नौजवानों को संगठित कर मुल्क की आजादी की लड़ाई को धार दिया।उनके संघर्षों के बदौलत ही देश को आजादी मिली।अतः उनके त्याग, बलिदान व जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए हमें देश व समाज के उपेक्षित, कमजोर व पीड़ित लोगों की सेवा के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। मनोज भारती ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अंदर बचपन से ही देश प्रेम की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी।वे इतिहास के पन्नों में सदा अमर रहेंगें।यहां मुख्य रूप से लोक गायक सुबाष यादव,प्रमोद चौधरी, रुस्तम अंसारी,आदित्य सिंह,अर्जुन सिंह, मनोज, सीताराम,प्रहलाद, संदीप, मनीष, सुजीत, आशीष, रोशन, रोहित,अश्वनी, रितेश, धोनी, आकाश, अमित, अंकुश, रितेश, उमंग, शिवम, निकेश, बसन्त आदि मौजूद रहे।



पड़री में मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

# सरस्वती पूजा व नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती श्रद्धा व उत्साह से मनाई



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** शहर के नेशनल पब्लिक स्कूल सोदा के प्रांगण में गुरुवार को सरस्वती पूजा का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री संजय शंकर मिश्र एवं प्रधानाचार्या श्रीमती मृदुला सिंह बघेल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर विधिपूर्वक पूजन के साथ किया।

पूजन कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत छात्राओं अंशिका शुक्ला, आर्या सिंह, आशी राय, वर्तिका मणि, अनन्या मिश्रा, समृद्धि त्रिपाठी, अंशिका यादव, अदिति शर्मा, रजनी पटेल, प्राची सिंह, अस्मिता गुप्ता, माही यादव एवं अमृता यादव ने सरस्वती वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक श्री संजय शंकर मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि मां सरस्वती की कृपा से व्यक्ति को शिक्षा, वाणी और कला में निपुणता प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि ज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि संगीत, कला, विज्ञान और आत्मचिंतन में भी निहित है।

# विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा बैठक

**देवरिया।** पुलिस लाइन देवरिया स्थित प्रेक्षागृह में शुक्रवार को 'बाल विवाह मुक्त भारत' राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत चल रहे 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम (27 नवम्बर 2025 से 08 मार्च) के तहत विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की जनवरी माह की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई आनन्द कुमार पाण्डेय ने की, जबकि संचालन संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई जय प्रकाश तिवारी ने किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाल विवाह उन्मूलन एक सामाजिक दायित्व है और इसमें सभी विभागों व नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि पुलिस विभाग के अंतर्गत सभी थानों पर नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी नियमित रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की यह दीर्घा बच्चों के लिए प्रेरणादायक : राज्य मंत्री

अवधनामा संवाददाता

**उरई(जालौन)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के पावन अवसर पर झांसी रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उरई में इन्टैक उरई अध्याय और स्वदेशी जागरण मंच जालौन के संयुक्त तत्वावधान में अपने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की एक दीर्घा लगाई गई। शंख ध्वनि के मध्य इस दीर्घा का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय संघ चालक भवानी भीखजी द्वारा माँ सरस्वतीजी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की यह दीर्घा बच्चों के लिए प्रेरणादायक है। इस दीर्घा से बच्चों को अन्याय के विरुद्ध लड़ने की प्रेरणा मिलेगी।

इस दीर्घा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बचपन से लेकर अंतिम समय तक के विभिन्न चित्रों का प्रदर्शन किया गया। इन चित्रों में आजाद हिंद फौज से संबंधित नेताजी के चित्र विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। दीर्घा में नेताजी के चित्रों से युक्त 5, 10, 20 ,100 ,200, 500 ,2000 आदि मूल्यों के रंगीन चांदी के नोट तथा इनके साथ-साथ ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक बंगाल कमेटी के द्वारा जारी 10, 50 तथा 100 के टोकन नोटों का भी प्रदर्शन किया गया। वर्ष 1968 में आजाद हिंद सरकार की 25वीं वर्षगांठ पर भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा जारी विशेष डाक टिकट, 23 जनवरी 1964 को उनकी जयंती पर जारी दुर्लभ डाक टिकट भी प्रदर्शित किया गया।

पोर्ट ब्लेयर की चौक पर वर्ष 1943 में नेताजी द्वारा ध्वजारोहण पर स्वतंत्रता की घोषणा के 75 वर्ष पूर्ण होने की अवसर पर कोलकाता टकसाल द्वारा जारी विशेष अर्थ रजातीय 75 रुपए मूल्य का सिक्का तथा डाक टिकटों का प्रदर्शन अत्यंत ऐतिहासिक रहा। उस समय पूरे भारत वर्ष में नेताजी की लोकप्रियता को दर्शाते जय हिंद नारे से युक्त तमाम पोस्टकार्ड, पीतल धातु की प्लेट, गिलास आदि भी प्रदर्शित किए गए।



इंटैक एवं स्वदेशी जागरण मंच द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस दीर्घा का आयोजन

## संक्षिप्त समाचार

### महिला चिकित्सक की नियुक्ति की मांग

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड मशीन को किन-किन दिवस में चलाई जाती है इसके लिए सूचना पट पर जानकारी अंकित किए जाने तथा महिला चिकित्सक की लंबी छुट्टी पर जाने पर नई महिला चिकित्सक की नियुक्ति किए जाने को लेकर समाजसेवी ने जिला अधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सोपा। बागवान सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राइन, अधिवक्ता ब्रजमोहन कुशवाहा आदि ने उप जिला अधिकारी हेमंत पटेल को जिला अधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपते हुए लिखा की शासन द्वारा नगर तथा क्षेत्र की जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए अल्ट्रासाउंड मशीन जालौन अस्पताल में पहुंचाई, लेकिन अस्पताल कर्मचारियों की लापरवाही के चलते मरीज तथा उनके तीमारदारों को यह मालूम नहीं है की मशीन किन-किन दिनों पर चलती है।



### मतदाता सुनवाई में 30 मतदाता हुये उपस्थित

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** कालपी विधान सभा मे मतदाताओं की सुनाई के लिये जारी 150नोटिस मे 30 मतदाता उपस्थित हुये जिनकी समस्या को सुन उनका निस्तारण किया गया। उक्त जानकारी उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने दी। एसडीएम ने बताया कि कालपी विधान सभा मे तहसीलदार जालौन ने विधानसभा के लिए मतदाताओं की सुनवाई तहसील कार्यालय मे की। उन्होने बताया कि कालपी विधानसभा मे 150 मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया जिसमें 30 मतदाता उपस्थित रहे, 120 अनुपस्थित रहे। नोटिस कि सुनवाई तहसीदार कार्यालय में की जा रही है। अनुपस्थित मतदाताओं को एक और अवसर देते हुए पुनः सुनवाई का एक अवसर ओर दिया जायेगा। वह निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर समस्या का निस्तारण करा ले।




### जशने इमाम जैनुल आबेदीन का आयोजन आज

**अमरोहा (अवधनामा संवाददाता)।** नगर के मोहल्ला दरबारे ए कलां के अज़ाखाना शम्स अली खाँ में हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के बेटे हज़रत इमाम ज़ैनुल आबेदीन (अ.स.)के जन्म दिवस पर हर वर्ष बड़े पेमाने पर मनाया जाता है। इस वर्ष भी अंजुमन ए सज्जादिया के बेनर तले एक ऑल इंडिया मनकबती महफ़िल 24 जनवरी (शनिवार) रात 8 बजे आयोजित की जा रही है। महफ़िल में विश्व विख्यात शायर शिरकत कर रहे हैं। जिसमें शहज़ादा गुलरेज़ रामपुरी, डॉ नसीम उज़ ज़फ़र, मज़र सईद, फैय्याज़ रायबरेलवी, मौलाना आज़म मेहंदी सुल्तानपुरी, ज़फर नसीराबादी, खुर्रम वसीम मुजफ्फरनगरी, नज़र सुल्तानपुरी, राशिद मोरानवी, अनवर सेथली, कुमैल अकराबादी व जौहर सिरसिवि जैसे विख्यात शायर महफिल में शिरकत कर अपने कलाम पेश करेंगे। अंजुमन के सभी पदाधिकारी की ओर से नगर के सभी अमन पसंद लोगों से महफिल में शिरकत की दरख्वास्त की गई है। यह जानकारी अंजुमन के सेक्रेटरी नाजिम हुसैन आरिफ ने दी।

### यूपी दिवस समारोह : देवरिया से 40 प्रतिभागी लखनऊ रवाना

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को लखनऊ में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में सहभागिता हेतु जनपद देवरिया से कला, संस्कृति, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों से चयनित 40 प्रतिभागियों को लखनऊ भेजा गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, देवरिया राजेश कुमार सिंह द्वारा विकास भवन परिसर से बस को हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जनपद के प्रतिभागी प्रदेश स्तरीय मंच पर देवरिया की समृद्ध लोक संस्कृति, कला एवं कृषि आधारित विशेषताओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे, जिससे जनपद की पहचान को नई मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री की वीबी जी राम जी योजना ऐतिहासिक, कल्याणकारी : डॉ विनोद

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** सरस्वती पूजा ज्ञान और कला की देवी की आराधना का पर्व है, जो किसानों के लिए समृद्धि व नई शुरुआत का संकेत है। किसान बसंत ऋतु में खेतों में सरसों के पीले फूलों को समृद्धि मानकर पूजा करते हैं। उक्त बातें ग्राम सेवक कार्यक्रम में भदोही सांसद डॉ विनोद बिंद ने कही।

उन्होंने बौरी बोझ भदोही विधानसभा, सरई मिश्रा औराई विधानसभा एवं पिपरी कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस की सोच थी कि गरीब आदमी गरीब बने रहे। उन्होंने हमेशा कहा कि हम गरीबी हटाएंगे। गरीबो को रोटी, कपड़ा व मकान देंगे । लेकिन विपक्ष ने गरीबी नही हटाया और ना ही सही से लोगो को रोटी कपड़ा व मकान ही दिया । लेकिन जब हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी देश के कमान संभाले तो कहा कि लोगो को रोटी कपड़ा व मकान तो जरूरी है लेकिन साथ ही शिक्षा व चिकित्सा। ये पांच चीज जब मिलेंगे तो हमारा देश विकशित भारत बनेगा। वीबी राम जी को लेकर विपक्ष के लोग जनता के बीच भ्रम फैला रही है। विपक्ष ने कभी महात्मा गांधी को सम्मान ही नही किया। कहा कि गांधी जी को किसी ने सम्मान देने का कार्य किया वह हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी जी है जिसने उनके चश्मे को आदर्श बनाकर स्वस्छ भारत अभियान चालू की। उनकी सोच है जो महात्मा गांधी का विचार था आत्म निर्भर भारत बनाने का स्वदेसी अपनाने का उनके मिशन को मोदी जी पूरा कर रहे है। सबसे ज्यादा लगभग 65 साल तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस की सरकार ने गांधी जी के विजन पर कोई काम ही नही किया। कांग्रेस पार्टी लूट खसोट वाली पार्टी है। मोदी जी की योजना को लेकर लोगो के बीच भ्रम फैला रही है।



कहा, कांग्रेस की सोच थी कि गरीब आदमी गरीब बने रहे

# शिविर लगाकर श्रम विभाग ने श्रमिकों को बताई योजनाएं

**उरई (जालौन)।** श्रम विभाग ने नगरपालिका कार्यालय में जागरूकता एवं लाभ वितरण शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य नगर क्षेत्र में कार्यरत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करना रहा। शिविर में मकान निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों, रिक्शा चालकों, सब्जी विक्रेताओं तथा रेहड़ी-पटरी पर काम करने वाले मजदूरों को श्रम विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। श्रम विभाग से आए लोगों ने बताया कि श्रमिक पंजीकरण कराकर दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य लाभ, बच्चों की शिक्षा सहायता, मातृत्व लाभ, औजार सहायता तथा आवास निर्माण जैसी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही श्रमिकों को आवश्यक दस्तावेजों और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी समझाया गया।

# ब्रिटिश हुकूमत की नींद उड़ा दिया नेताजी ने : पवन मिश्र

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी के जयंती के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने मालवीय रोड स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण-पुष्पांजलि कर उनको नमन किया।

इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी ने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा जैसे जोशीले नारो से भारतवासियों को जागृत कर ब्रिटिश हुकूमत की नींद उड़ा दिया, आजादी के लड़ाई के बहादुर सिपाही नेताजी की जयंती को पूरा देश पराक्रम दिवस के रूप में मना रहा है।

उन्होंने कहा नेताजी की जीवनी और कठोर त्याग आज के युवाओं के लिए बेहद प्रेरणादायक है। अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि माँ भारती के वीर सपूत, महान देशभक्त एवं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को भारतवासी युगों-युगों तक याद रखेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से पुनीत सिंह अमेठीया, रत्नेश्वर गर्ग, डॉ विनोद पाण्डेय, विजय कुशवाहा, वीरेंद्र पाठक, प्रिन्स सिंह, गोलू सिंह, सूरज मिश्र उपस्थित रहे।



# नेताओं को नेता जी सुभाषचंद्र बनने की जरूर : दिलीप

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** नगर के शास्त्री नगर कॉलोनी स्थित साहित्य उन्नयन संघ के जिला कार्यालय में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के पूर्व संध्या पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष दिलीप कुमार चौहान 'बागी' के नेतृत्व में, संगठन के मुख्य संरक्षक प्रोफेसर अजय कुमार सिंह के संयोजन एवं प्रोफेसर समरेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी वक्ताओं ने नेता जी के संघर्ष, योगदान एवं राष्ट्रप्रेम पर प्रकाश डाला गया।



दिलीप कुमार चौहान बागी ने कहा कि देश को सुरक्षित रखने के लिए आज के नेताओं को नेता जी सुभाष चंद्र बनाने की जरूरत है। प्रोफेसर अजय कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सुभाष चंद्र बोस को देशभक्तों के राजकुमार के रूप में देखा है। प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा कि नेता जी ही वह व्यक्ति हैं जिसने सर्वप्रथम गांधी जी को राष्ट्रपिता से संबोधन किया। प्रोफेसर समरेंद्र मिश्रा ने गांधी जी से लेकर नेता जी तक तमाम स्वतंत्रता सेनानियों को एक दूसरे का पूरक बताया। स्कॉलर्स एकेडमी स्कूल गाजीपुर के प्रिंसिपल श्री सीताराम भारद्वाज जी ने कहा कि नेता जी की सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम नेता जी के जीवन मूल्यों का अनुसरण करें। सीनियर प्रोफेसर (डॉ.) लव जी सिंह ने नेता जी को मां भारती का बहादुर सपूत बताया। गाजीपुर मेडिकल फोरम के उपाध्यक्ष डॉ. राजेश सिंह ने नेता जी को गुलामी रूपी महामारी के विरुद्ध एक असरदार वैक्सीन बताया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार चौहान द्वारा किया गया।

# 30 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**देवरिया।** जिला आबकारी अधिकारी अनिल कुमार भारती के निर्देशन में आबकारी विभाग और रामपुर कारखाना थाने की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध कच्ची शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। टीम ने बरवा मीर छापर स्थित इंडिया मार्का ईट भट्ठे पर छापेमारी कर 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। छापेमारी के दौरान मौके से दो प्लास्टिक के जरीकेन में भरी कच्ची शराब, कच्ची शराब बनाने के उपकरण–एक स्टील का भदेला, दो एल्युमिनियम के भदेले, एक चुआनी–तथा लगभग 300 किलोग्राम लहन बरामद हुआ। बरामद लहन को नियमानुसार मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। कार्रवाई के दौरान कच्ची शराब बना रहे मजदूर रोपन उरांव और मुंशी संतोष शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अवैध शराब निर्माण में संलिप्त ईट भट्ठा मालिक विकास पांडेय मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार एवं फरार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना रामपुर कारखाना में धारा 61(2)/49 भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सुभाष चंद्र बोस के स्वतंत्रता आंदोलन में अद्वितीय योगदान को किया याद

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी महानगर कैम्प कार्यालय पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं आजाद हिन्द फौज के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के स्वतंत्रता आंदोलन में अद्वितीय योगदान, राष्टभक्ति और बलिदान को स्मरण किया।

मकबरा फाटक स्थित कार्यालय हुए कार्यक्रम में पर महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन साहस, त्याग और देशप्रेम की अनुपम मिसाल है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को आत्मसात कर सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। नेताजी सुभाष चंद बोस द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा राष्ट्रीय नारा है। उन्होंने कहा था कि किसी राष्ट्र के लिए स्वाधीनता सर्वोपरि है। नेताजी सुभाष चंद बोस ने स्वाधीनता महासंग्राम के महायज्ञ में प्रमुख पुरोहित की भूमिका निभाई। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करके उनके अद्वितीय योगदान, राष्ट्रभक्ति और बलिदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने नेताजी के विचारों को आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर लालू परवेज, शन्नू, राशिद हुसैन अंसारी, इलियास अंसारी, महमूद, मुख्तार खान, नादिर आलम, दाऊद अंसारी, अकरम अंसारी, इस्लाम अंसारी, जिंयाउल अरीम, राजा अंसारी, जलीस अहमद, मो. आरिफ, अतुल कुमार, नितिन बाजपेई, अदनान, सालिम, मिस्बाह, मसरूर हसन मामू, सुबहान, शमशाद, आशिश शर्मा, संजय, अखिल आदि शाामिल रहे।



# नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** महर्षि देवराहा बाबा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रजनी ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. रविन्द्र गुप्ता सहित कई चिकित्सक, शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. रजनी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान, साहसी और दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने अपने अदम्य साहस, संगठन क्षमता और ओजस्वी नेतृत्व से देशवासियों में आजादी की अलख जगाई। उनका जीवन देशभक्ति, त्याग और समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि नेताजी का संघर्ष हमें यह संदेश देता है कि दृढ़ संकल्प और राष्ट्रप्रेम के बल पर असंभव लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# ऐसे आयोजन नौनिहालों में रचनात्मकता व आत्मविश्वास बढ़ाते हैं

- चेयरमैन ने कैरियर मेला, मेरा गांव मेरा विद्यालय और मां-बेटी मेला के मेधाबियों को सम्मानित किया



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायंज, कन्नौज।** तालग्राम के पीएम श्री जूनियर हाईस्कूल में शिक्षा सामाजिक चेतना और महिला सशक्तिकरण का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यालय परिसर में एक साथ कैरियर मेला, मेरा गांव मेरा विद्यालय और मां, बेटी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत चेयरमैन मोहसिन खान जानू ने फीता काटकर किया। उन्होंने बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मकता व आत्मविश्वास की सराहना की। इस दौरान चेयरमैन ने मेधावी और प्रतिभागी बच्चों को उपहार भेंट एवं मिष्ठान देकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन मोहसिन खान जानू ने कहा कि उत्तर प्रदेश और देश भर के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने वाला एक प्रमुख शिक्षा कार्यक्रम है। इसके तहत स्थानीय स्कूलों को मॉडल स्कूलों में विकसित किया जा रहा है जहाँ कलाकृतियाँ रैली सांस्कृतिक गतिविधियाँ और माँ बेटी मेला के माध्यम से शिक्षा स्वच्छता और कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाता है। इन कार्यक्रमों में अभिभावकों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराया जाता गया जिससे वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रोत्साहित हों एवं सरकार की योजनाओं का लक्ष्य बच्चों को गांव से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य का मार्ग दिखाना है। मेरा गांव मेरा विद्यालय कार्यक्रम के तहत छात्र छात्राओं ने अपने गांव की समस्याओं उनके संभावित समाधानों और विकास की परिकल्पना को चार्ट मॉडल और पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। उपस्थित लोगों ने इन प्रस्तुतियों की खूब सराहना की। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका आकांक्षा चौरसिया ने बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नोडल सुमित कुमार, विक्रम सिंह शाक्य, एसएमसी अध्यक्ष बलवीर सिंह, शिक्षक हासिम, संदीप यादव, रजनीश कुमार, शिक्षामित्र शोभा पाल, कुंती देवी एवं नगर पंचायत वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# सुंदरकांड के बाद आयोजित भंडारे में उमड़े श्रद्धालु



- बालाजी धाम मंदिर में श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायंज, कन्नौज।** नगर के जीटीरोड स्थित बालाजी धाम मंदिर में श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से गूंज उठा। शुक्रवार को भव्य सुन्दकाण्ड पाठ के उपरांत विधिवत आरती की गई और भगवान श्रीराम से क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की गई। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकडों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति एवं स्थानीय श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा। इस धार्मिक आयोजन से नगर का माहौल भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस दौरान पं सुरेश चन्द्र तिवारी, विवेक पाठक, दिलीप गुप्ता, रविकान्त गुप्ता, सुगम दुवे, शशिकांत गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# यह पर्व ज्ञान, संगीत और कला की देवी माँ सरस्वती को समर्पित है

- विद्यालय के संस्थापक, प्रधानाचार्य ने शिक्षकों के साथ की माँ सरस्वती की वंदना

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायंज, कन्नौज।** बसंत पंचमी का पर्व सुख, समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है। यह पर्व हमें अज्ञान से ज्ञान की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। बसंत पंचमी का केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक महत्व भी है। यह पर्व ऋतु परिवर्तन का संकेत है। सर्दी के मौसम के बाद बसंत ऋतु का आगमन होता है। प्रकृति में नयापन आता है, इस समय सरसों के पीले फूल खिलते हैं। पीला रंग ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का प्रतीक है। इस दिन विशेष रूप से पीले वस्त्र पहनकर देवी पूजा की जाती है।

क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट जीटी रोड स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में बसंत पंचमी का पर्व बड़े उत्साह व धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय के संस्थापक अशोक कुमार तथा प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये गये। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन कई लोग नये कार्यों की शुरूआत करते हैं।

यह मान्यता है कि इस दिन शुरू किया गया कार्य सफल होता है। बसंत ऋतु के आगमन के साथ प्रकृति में नवजीवन का संचार होता है, उसी तरह हमें भी अपने जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने सभी को बसंत पंचमी पर्व की बधाई दी और कहा कि बसंत पंचमी का पर्व सुख, समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है। यह पर्व हमें अज्ञान से ज्ञान की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व ज्ञान, संगीत और कला की देवी माँ सरस्वती को समर्पित है। इस पर्व पर प्रकृति का कण-कण खिल उठता है, तो हमें एक नई उमंग और ऊर्जा प्रदान करता है। इस मौके पर शिक्षक ओमेन्द्र सिंह, राशिद खान, मनीष शर्मा, रंजीत कुमार, सरनाम सिंह, विकास कुमार, फूल मोहम्मद, अमन कुमार, दुर्गेश कुमार, एजाज सिद्दीकी, आशीष कुमार, रिषभ तिवारी, अमन यादव, सचिन कुमार, पंकज पाल सहित कई शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मी मौजूद रहे।

## ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी की पूजा अर्चना, नेताजी को अर्पित की पुष्पांजलि

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में बसंत पंचमी का उत्सव तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती और नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, वेटरिनरी कालेज के डीन डा. अजय प्रकाश, अस्पताल के मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अभय शूद, एएमएस डा. आरपी गुप्ता ने संयुक्त रूप से ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती को माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके किया। विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा बसंत पंचमी चेंज आफ सीजन का प्रतीक है, उन्होंने नेता जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा नेताजी का पूरा जीवन देश को समर्पित रहा और आज भी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए उनके विचार प्रासंगिक हैं।

# सफाई कर्मी की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखना जिम्मेदारी है

- चेयरमैन व ईओं ने सफाई कर्मियों को वितरित की गर्म वर्दी व उपकरण

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायंज, कन्नौज।** नगर पंचायत तालग्राम में ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नगर पंचायत चेयरमैन मोहसिन खान जानू एवं अधिशासी अधिकारी श्यामेन्द्र मोहन चौधरी द्वारा सफाई कर्मियों को गर्म वर्दी व उपकरणों का वितरण किया गया।

शुक्रवार को तालग्राम नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन मोहसिन खान जानू एवं अधिशासी अधिकारी श्यामेन्द्र मोहन चौधरी ने नगर पंचायत में कार्यरत समस्त सफाई कर्मचारियों को गरम जैकेट, मास्क, दस्ताने, हेलमिट आदि प्रदान किये। इसके उपरान्त चेयरमैन ने कहा कि सफाई कर्मचारी नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं।

कड़ाके की ठंड में भी वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखना नगर पंचायत की प्राथमिक जिम्मेदारी है। गर्म वर्दी मिलने से सफाई कर्मियों को ठंड से राहत मिलेगी और वे और अधिक मनोयोग से अपने कार्य कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी ने भी सफाई कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में उनका योगदान अतुलनीय है। नगर पंचायत भविष्य में भी कर्मचारियों के हित में आवश्यक कदम उठाती रहेगी। गर्म वर्दी पाकर सफाई कर्मियों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। उन्होंने चेयरमैन और नगर पंचायत प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उमेश चन्द्र, राजा, अतुल गुप्ता, वहार, राजेश शर्मा, नरेंद्र शाक्य, पंकज ठाकुर, डॉ अजीत यादव, अरशद, कादिर मंसूरी, राशिद अंसारी सहित पंचायत के वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता, सफाई नायक और सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# नगर निगम का बड़ा एक्शन, लोहवन में बकायादारों पर ताबड़तोड़ सीलिंग

**अवधनामा संवाददाता**

- 4 कॉमर्शियल भवन सील
- हॉस्पिटल संचालक ने मौके पर भरा 1.20 लाख का टैक्स
- अपर नगर आयुक्त की मौजूदगी में गूंजा सख्त संदेश अब नहीं चलेगा बकाया

**मथुरा।** नगर निगम ने कर बकायादारों के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए शुक्रवार को वार्ड संख्या-5 लोहवन में बड़ी कार्रवाई की। अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई में चार कॉमर्शियल भवनों को सील कर दिया गया जबकि एक निजी हॉस्पिटल संचालक ने मौके पर ही बकाया कर का भुगतान कर सीलिंग से बचाव किया। नगर निगम की टीम जब संगी हॉस्पिटल पहुंची तो दबाव बनते ही हॉस्पिटल स्वामी ने तत्काल 1,20,087 का चेक नगर निगम को सौंप दिया। वहीं लंबे समय से टैक्स नहीं चुकाने वाले चार व्यावसायिक भवनों पर सील लगाकर निगम ने स्पष्ट कर दिया कि अब बकायादारों को किसी भी प्रकार की राहत नहीं मिलेगी। सील किए गए भवनों में मूलचन्द पुत्र स्व. जीवाराम (2,14,536), रामवीर (1,09,885), ब्रजेश (1,10,323) और योगेश चौधरी (1,40,277) शामिल हैं। चारों भवन कॉमर्शियल श्रेणी के हैं। कार्रवाई के दौरान कर मुख्य निर्धारण अधिकारी नरेन्द्र यादव, कर अधीक्षक सर्वेश यादव, राजस्व निरीक्षक आशिष सिंह, टीसी ललित किशोर व राकेश बाबू सहित नगर निगम का पूरा अमला मौजूद रहा। नगर निगम अधिकारियों ने दो टूक कहा कि कर वसूली अभियान आगे भी जारी रहेगा और बकाया रखने वालों पर इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सेवाभाव से मनाया जन्मदिन, बृद्धजनों को भेंट किये कंबल व मिष्ठान



**गुरसहायंज, कन्नौज।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सिकंदरपुर क्षेत्र में डॉ. शरद द्विवेदी ने अपने जन्मदिन को बड़े ही सादगीपूर्ण एवं सेवा भाव के साथ मनाया। इस अवसर पर क्षेत्र के छोटे-छोटे बच्चों को पतंगे वितरित की गई, जिससे बच्चों के चेहरे खुशियों से खिल उठे। वहीं जरूरतमंद एवं बुजुर्गों को कंबल तथा गजक की पट्टी वितरित कर मानवीय संवेदना का परिचय दिया गया। शुक्रवार को अपने जन्मदिवस को बेहद सादगीपूर्ण ढंग से मनाते हुये बच्चों को पतंगे व वृद्धजनों को गर्म कंबल व मिष्ठान भेंट करनें के उपरान्त डॉ. शरद द्विवेदी ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के साथ खुशियां बांटना ही जन्मदिन मनाने का सबसे सार्थक तरीका है। इस आयोजन से बच्चों में उत्साह एवं बुजुर्गों को सर्दी के मौसम में राहत मिली। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही और सभी ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुये जनमदिन की बधाईयां दीं।

# नेताजी की जयंती पर जिपंअ ने करवाया देशभक्ति, त्याग सेवा की भावना का स्मरण

**अवधनामा संवाददाता**



- जिला पंचायत अध्यक्ष ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों पर चलने का दिलवाया संकल्प

**मथुरा।** आज एम.डी. बाल इंटर कॉलेज, ओल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं स्वर्गीय मालती देवी जी व स्वर्गीय श्रीदेवी सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी का कालेज के प्रबंधक अन्य गणमान्यों ने माला एवं श्रीराधाकृष्ण की तस्वीर देकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने स्कूली छात्र -छात्राओं को देशभक्ति, त्याग और सेवा की भावना को स्मरण करते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलवाया। साथ ही स्वर्गीय मालती देवी एवं स्वर्गीय देवी सिंह के सामाजिक योगदान को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा मिलती है। हम सभी मिलकर नेताजी के सपनों के भारत के निर्माण के लिए निरंतर समर्पित रहेंगे। कार्यक्रम में ओमवीर सिंह राणा, निरंजन सिंह सोलंकी, पदम सिंह, सुरेश तरकर, वीरेंद्र कुंतल, प्रताप सिंह राणा, अरविंदी, कर्मवीर सिंह, विजेंद्र, नरेश कटारा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# सुभारती विवि में आयोजित हुआ विभिन्न कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**



**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के गणेश शंकर विद्यार्थी सुभारती पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय की नेताजी सुभाष चंद्र बोस शोध पीठ के सहयोग से 19 जनवरी से 23 जनवरी 2026 तक पराक्रम सप्ताह का आयोजन किया गया। इस पराक्रम सप्ताह के अंतर्गत सुभारती विश्वविद्यालय सहित मेरठ तथा मुजफ्फरनगर के विभिन्न विद्यालयों में संगोष्ठियों एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. रितेष चौधरी के मार्गदर्शन में हुआ, जबकि सह-संयोजक प्रो. अशोक त्यागी रहे। सप्ताह भर चले इस आयोजन के आज समापन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के सूचना आयुक्त राजेन्द्र सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि आज तक न्यूज चैनल के कार्यकारी संपादक सईद अंसारी रहे। मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी की नीतियाँ सर्वसमाज के लिए थीं। उन्होंने कहा कि आज़ाद हिंद फ़ौज में सभी समुदायों के लोग शामिल थे। नेताजी की सेना में पाँच टुकड़ियाँ थीं, जिनके नाम गांधी, नेहरू, सुभाष, अबुल कलाम आज़ाद और रानी लक्ष्मीबाई के नाम पर रखे गए थे। यह तथ्य नेताजी की समावेशी और राष्ट्रीय सोच को दर्शाता है। विशिष्ट अतिथि सईद अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी ने लोगों से खून नहीं माँगा था, बल्कि उन्होंने देश और समाज का साथ माँगा था। उन्होंने कहा कि नेताजी का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है और मीडिया व युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे उनके विचारों को समाज तक पहुँचाएं। विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने स्वागत भाषण देते हुए समकालीन भारत में नेताजी के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने राष्ट्रीय नायकों को स्मरण करने और उनके मूल्यों को शिक्षा, पत्रकारिता एवं सार्वजनिक जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों से सत्य, साहस और ईमानदारी को अपने पेशेवर जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। पत्रकारिता विभागाध्यक्ष प्रो. रितेष चौधरी ने अपने विचार साझा करते हुए नेताजी की रणनीतिक दृष्टि, नेतृत्व क्षमता और अतुलनीय देशभक्ति पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर नेताजी के जीवन का गहन अध्ययन करने तथा उनके सिद्धांतों को व्यावहारिक जीवन की चुनौतियों में लागू करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। आभार डॉ. प्रीति सिंह ने व्यक्त किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन राम प्रकाश तिवारी ने किया। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष प्रो. सुधीर त्यागी, प्रो. अशोक त्यागी, प्रो. आर. पी. सिंह, डॉ. अशुतोष वर्मा, शैली शर्मा, तरुण जैन, तुषार, आयुषी, जान्हवी, हर्ष, अभिषेक, तनु सहित संकाय सदस्यों एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। इसी क्रम में स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सुभारती कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर में चल रहे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजी, रेडियोलॉजी, ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी और ऑप्टोमेट्री के विभिन्न नवाचार विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

# ब्रज के मंदिरों में गढ़ा परम्परागत रीति से होली का डांढ

- राधारानी व कान्हा के चरणों में अर्पित किया गुलाल
- प्रसादी गुलाल से रंगने को आतुर दिखे भक्त



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** बसंत पंचमी पर ब्रज के प्रमुख मंदिरों के प्रमुख मंदिरों में रिमझिम वर्षा के मध्य परम्परागत रीति से होली महोत्सव का डांढा मंदिरों के सेवायतों ने गाढ़ा और आराध्य देव के बसंती श्रंगार में दर्शन कराये गए और राधारानी और कान्हा के चरणों में गुलाल अर्पित किया। इसी के साथ चालीस दिवसीय होली महोत्सव शुरू हो गया।मंदिरों में होली के रसियों का गायन सुनकर भक्त आनंदित हो उठे।

नगर में शुक्रवार की प्रातः प्रसिद्ध द्वारिकाधीश मंदिर में सेवायतों ने ठाकुरजी को बसंती पोषाक धारण कराई और विभिन्न पकवानों का भोग अर्पित किया। द्वारिकानाथ के चरणों में गुलाल अर्पित करके सेवायतों ने श्रद्धालुओं के ऊपर गुलाल उड़ाया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान स्थित केशवदेव मंदिर में भी ठाकुरजी को बसंती परिधान पहनाये गये चरणों में गुलाल अर्पित किए। इस अवसर पर होली के रसियों का गायन भक्तों ने किया। वृंदावन के बांके बिहारी, बरसाना के लाडलीजी मंदिर और नंदगांव के नंदबाबा मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ होली का डांढा गाढ़ा गया। इन मंदिरों में होली का डांढा गढ़ने के साथ ही 40 दिनों तक चलने वाले रंग और प्रेम के महापर्व होली का शुभारंभ हुआ। इस दौरान बरसाना, नंदगांव और वृंदावन में पारंपरिक रस्मों, लोकगीतों और रंगोत्सव की अनूठी छटा देखने को मिली। राधारानी की नगरी बरसाना में इस शुक्रवार को वसंत ऋतु के साथ ही फाग महोत्सव का शंखनाद हो गया है। लाडलीजी मंदिर से लेकर नंदगांव के गलियारों तक बसंत व होली के रसियों की गुंज दिखाई दी। सेवायतों ने आराध्य के प्रसादी रंग बिरंगे गुलाल की भक्तों के ऊपर वर्षा की। इस प्रसादी गुलाल में सराबोर होने के लिए भक्त आतुर दिखे। समूचा ब्रजमंडल भक्ति और रंगों के सागर में गोते लगाते हुए दिखाई दिया। सभी मंदिरों से श्रद्धालु गुलाल की वर्षा से सराबोर दिखाई दिए। भक्तों पर इंद्र देव की बार बार हो रही रिमझिम वर्षा का कोई असर दिखाई नहीं दिया। यह उल्लास गोवर्धन के समूचे सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग में दिखाई दिया। गोकुल, महावन, बलदेव, रावल,रमणरेती में भी श्रद्धालु सराबोर होते हुए दिखाई दिए।

# ट्रैक्टर तिरंगा परेड 26 को

**अवधनामा संवाददाता**

- सदर तहसील शहीद स्मारक पहुंचेगी ट्रैक्टर तिरंगा परेड
- ट्रैक्टरों पर तिरंगा लगाकर किसान करेंगे शहीदों को नमन और किसान समस्याओं के समाधान की मांग
- सैकड़ों ट्रैक्टर और किसान होंगे शामिल
- शहीद स्मारक पर शहीदों को नमन करके करेंगे समाधान की मांग

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन मेरठ 26 जनवरी को करेगी ट्रैक्टर तिरंगा परेड तिरंगा परेड ग्रामों से शुरू होकर जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में पहुंचेगी सदर मेरठ तहसील शहीद स्मारक पर शहीद स्मारक पर पहुंचकर देश की आजादी की और किसान संघर्षो में अपनी जान गवाने वाले शहीदों को करेंगे किसान नमन और शहीदों को याद करते हुए किसान समस्याओं के समाधान हेतु करेंगे क्रांति का आगाज इसी क्रम में ट्रैक्टर तिरंगा परेड की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने सभी संगठन जिम्मेदारों को एक संघर्ष हेतु तैयार होने का आव्हान किया और 26 जनवरी में ट्रैक्टर तिरंगा परेड अपने अपने ग्रामों से शुरू करने का आव्हान किया और ट्रैक्टर तिरंगा परेड को मेरठ सदर तहसील शहीद स्मारक पर पर लेकर पहुंचने का आव्हान किया और शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को नमन करके गणतंत्र दिवस मनाने का संकल्प लिया और उसके बाद किसान समस्याओं पर समाधान हेतु पंचायत का आयोजन किया जायेगा किसान समस्याओं का उचित समाधान जिला प्रशासन द्वारा न किए जाने की परिस्थिति में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचने का आव्हान किया और प्रत्येक परिस्थिति में किसानों की समस्याओं का समाधान की मांग की किसानों ने 21 तारीख गन्ना भवन पर किए गए जिला प्रशासन के वायदे पर चर्चा की और वायदे को याद करते हुए आधे वायदे अधूरे होने पाया गया जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने कहा हम लगातार प्रशासन का सहयोग करते है। परंतु प्रशासन द्वारा लगातार वादाखिलाफी कर रहा जिससे किसानो में लगातार असंतोष बढ़ता जा रहा और किसानो की समस्या भी लगातार रौद्र रूप लेती जा रही है। और उनका समाधान नहीं हो पा रहा है।

# एस.एफ. हेल्पिंग हैंड्स सोसायटी ने आयोजित किया विशाल खिचड़ी भोज

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** बसंत पंचमी के पावन पर्व के अवसर पर स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंड्स सोसायटी (एस एफ एनजीओ) द्वारा खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की अध्यक्ष शिखा बंसल द्वारा माँ सरस्वती के विधिवत पूजन के साथ की गई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं एवं आमजन को प्रसाद स्वरूप खिचड़ी वितरित की गई। संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 7,000 से अधिक लोगों के लिए खिचड़ी प्रसाद की व्यवस्था की गई, जिसका ब्रजवासियों ने बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ आनंद लिया। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक समरसता और सेवा भाव की सुंदर झलक देखने को मिली। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ सदस्य तुषार बंसल ने बताया कि बसंत पंचमी माँ सरस्वती की जयंती के रूप में मनाई जाती है। इस दिन देवी सरस्वती से ज्ञान, बुद्धि और विवेक का आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। हिंदू मान्यता के अनुसार इसी दिन विद्यारंभ संस्कार किया जाता है, जब छोटे बच्चे अपना पहला अक्षर लिखते हैं। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी पर अन्नदान और भोजन दान का विशेष धार्मिक महत्व है। वहीं संस्था के संस्थापक पियूष बंसल ने बताया कि एस.एफ. हेल्पिंग हैंड्स सोसायटी द्वारा संचालित एस.एफ. स्ट्रीट स्कूल बिना किसी समझौते के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षकों की गुणवत्ता के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। वर्तमान में संस्था मथुरा के विभिन्न क्षेत्रों में झुग्गी-झोपड़ी एवं वंचित परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाले 500 से अधिक बच्चों को प्रतिदिन निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध करा रही है। संस्था का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग को शिक्षा, सेवा और संस्कार के माध्यम से सशक्त बनाना है। खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत सोसायटी के सदस्यों द्वारा मंडी चौराहा, बस स्टैंड, रेलवे क्रॉसिंग, मथुरा जंक्शन, कैंट, भूतेश्वर, कृष्णा नगर, भरतपुर गेट, धौलीप्याऊ, सदर, बी.एस.ए. कॉलेज क्षेत्र सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें युवाओं की भी सक्रिय सहभागिता रही। मौके पर मौजूद संस्था की वरिष्ठ सदस्य अंकिता शर्मा ने संस्था के सभी सदस्यों एवं स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल सेवा भावना को बढ़ाते हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने का भी कार्य करते हैं। इस खिचड़ी प्रसाद कार्यक्रम को सफल बनाने में रजनी, सहित अनेक सहयोगकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# गाजर का हलवा रेसिपीः अब घर पर बनेगा परफेक्ट दानेदार हलवा



अगर आपको भी सर्दियों में गाजर का हलवा खाना पसंद है, तो आज हम आपको परफेक्ट हलवा बनाने की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसको आप बिना किसी गलती के घर पर आसानी से बना सकती हैं।

सर्दियों में किसी एक मीठी डिश का नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है, तो वह गर्मागर्म गाजर का हलवा है। अक्सर सर्दियों में लोग घर में शादी में मिलने वाला हलवा बनाने की कोशिश करते हैं, लेकिन वह शादी वाला खास स्वाद और दानेदार बनावट लाना मुश्किल होता है। कभी गाजर अधिक गल जाती है, तो कभी चीनी और घी का सही तालमेल नहीं बैठ पाता है। इस उलझन को सुलझाने के लिए आज हम आपको गाजर का हलवा बनाने की सही रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको परफेक्ट हलवा बनाने की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसको आप बिना किसी गलती के घर पर आसानी से बना सकती हैं। गाजर जब दूध को पूरी तरह से सोख ले और नरम हो जाए, तब इसमें स्वादानुसार चीनी मिलाएं। चीनी डालने से गाजर फिर से पानी छोड़ेगी। इस दौरान आपको लगातार गाजर को चलाते रहना है, जब तक कि चीनी का पानी पूरी तरह से सूख न जाए। आंच को मीडियम रखें, जिससे कि गाजर नीचे से जले नहीं।

हलवे का असली टेक्सचर देने के लिए एक बड़ी ड्डुऔर मोटे तले की कड़ाही लें।

फिर इसमें कद्दूकस किया हुआ गाजर डालें और आधा लीटर फुल क्रीम दूध मिलाएं। दूध के साथ गाजर पकने से इसमें मलाईदार स्वाद आता है। इससे धीमी से मीडियम आंच पर तब तक पकाना चाहिए, जब तक कि हलवा नरम न हो जाए। जैसे-जैसे गाजर पकेगी, उसकी मात्रा कम होती जाएगी।

चीनी का पानी सूखने के बाद इसमें कद्दूकस किया हुआ खोआ मिलाएं। यह हलवे को रिच और शादी वाला लुक देने का काम करता है। थोड़े से गुनगुने दूध में गुनगुने दूध में भिगोया हुआ केसर डालें। केसर न सिर्फ बेहतरीन प्राकृतिक रंग देने का काम करेगा, बल्कि हलवे की खुशबू को कई गुना बढ़ा देगा। इन दोनों सामग्रियों को गाजर के साथ अच्छी तरह से मिलने तक चलाते रहें।

बता दें कि हलवे में असली सोंधापन और चमक घी से आता है। इसलिए कड़ाही में 200-300 ग्राम शुद्ध देसी घी डालें। इसके बाद हलवे को करीब 10-15 मिनट तक अच्छे से भूनें।

जब हलवा कड़ाही के किनारे को छोड़ने लगे और घी से अलग होने लगे, तो समझ लें कि अब यह तैयार है। अब इसमें कटे हुए काजू-बादाम और किशमिश डालकर मिलाएं। इसको जितना अच्छे से भूनेंगे, हलवा उतना ही स्वादिष्ट बनेगा।

गाजर का हलवा बनाने में सारा खोया पकने में न डालें। थोड़ा सा खोया, बारीक कटे ड्राई फ्रूट्स और किशमिश बचाकर रखें। जब गाजर का हलवा पूरी तरह से तैयार हो जाए, तो इन चीजों को ऊपर से गॉर्निशिंग के रूप में डालें। इस तरह से बनाने से हलवा बिल्कुल हलवाई की दुकान या शादी के स्टॉल जैसा अट्रैक्टिव लगता है।

# काली शीशी रंगने का झंझट खत्म! वायरल क्लीनिंग हैक है सुपर हिट



जली हुई काली कड़ाही को साफ करने के लिए अब घंटों रगड़ने की जरूरत नहीं, बेकिंग सोडा और कोल्ड ड्रिंक का यह किचन हैक जमी हुई कालिख को पपड़ी बनाकर आसानी से निकाल देगा। यह तरीका न केवल आपका समय बचाता है, बल्कि बिना मेहनत कड़ाही को नई जैसी चमक भी देता है। रसोई में कड़ाही का जल जाना तो सामान्य बात है, लेकिन उस पर चिपकी जली हुई काली परत साफ करना काफी मुश्किल हो जाता है। कई बार लोग उसे लोहे के स्क्रबर से रगड़ते रहते हैं, जिससे कड़ाही पर खरोंच पड़ जाती है, फिर भी कालिख पूरी तरह साफ नहीं होती। कुछ लोग तो इसी में काफी समय और मेहनत लगा देते हैं। लेकिन अब आपको इस झंझट में पड़ने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि बेकिंग सोडा और कोल्ड ड्रिंक के रिएक्शन से गंदगी को कैसे चकाचक साफ हो जाएगी। यदि आप भी अपनी जली कड़ाही को जल्दी और आसानी से साफ करना चाहते हैं, तो इस ट्रिक को स्टेप बाय स्टेप ट्राई करें। जली हुई कड़ाही को साफ करने के लिए इसके पूरे काले हिस्से पर बेकिंग सोडा छिड़कें। इस बात का ध्यान रखें कि सोडा की एक मोटी परत कालीख के ऊपर जम जानी चाहिए। बेकिंग सोडा गंदगी को सोखने और उसे ढीला करने का काम शुरु कर देता है।

सबसे पहले कड़ाही पर बेकिंग सोडा लगाकर उसे पुराने अखबार या किसी भी साधारण कागज से अच्छी तरह ढक दें। इसके बाद कागज के ऊपर कोल्ड ड्रिंक डालें, इतनी मात्रा में कि कागज पूरी तरह भीगकर कड़ाही से चिपक जाए। कोल्ड ड्रिंक में मौजूद एसिड और सोडा की प्रतिक्रिया जमी हुई कालिख को अंदर से ढीला करने लगती है, जिससे वह आसानी से निकल जाती है।

इसको आप कम से कम 20 मिनट के लिए ऐसे हो छोड़ दें। 20 मिनट के बाद आप देखेंगे कि पेपर गल चुका है और इसके नीचे की कालीख नरम पड़कर फूलने लगी है। इसके बाद ही सावधानी से सारा कागज हटा दें।

कागज को रिमूव करने के लिए फिर से थोड़ा बेकिंग सोडा छिड़कें और उसके ऊपर खौलता हुआ गर्म पानी डालें। गर्म पानी के संपर्क में आते ही कालीख और भी ज्यादा ढीली हो जाएगी। इसको रगड़ने की कोई जरुरत नहीं है, क्योंकि गंदगी अपनी जगह छोड़ चुकी होगी।

अब एक चम्मच या किसी साधारण चमचे की मदद से ढीली पड़ चुकी कालिख को धीरे-धीरे खुरच लें। आप देखकर चौंक जाएंगे कि जो काम पहले घंटों लेता था, वह कुछ ही मिनटों में पूरा हो जाएगा और जमी हुई कालिख परत की तरह उतरने लगेगी। अंत में सारा गंदा पानी और निकली हुई पपड़ी को हटा दें।

आखिर में आपको चमक के लिए कड़ाही पर फिर से थोड़ा बेकिंग सोडा डालें और साथ में कोई भी सफेद टूथपेस्ट लगाएं। इन दोनों का पेस्ट पूरी कड़ाही पर लगाकर 5-7 मिनट छोड़ दें। लास्ट में स्टील वूल से हल्का रगड़कर साफ पानी से धो लें। ऐसा करने से आपकी कड़ाही एकदम चांदी की तरह चमक जाएगी।

## होम गार्डनिंग में मुरझाए गए हैं 5 खादें, 7 दिन में साबुत जादू

चाहे बेल वाले पौधे हों या फिर फूल वाले पौधे। इनमें खादों की सही मात्रा का इस्तेमाल करने से जादुई असर दिखाता है। लेकिन इन खादों का इस्तेमाल ध्यान में रखकर करना चाहिए। जिससे कि मौसम और पौधे की जरूरत के हिसाब से आप सही खाद का चुनाव कर सकें। होम गार्डनिंग का शौक रखने वाले लोग अक्सर तरह-तरह के फल-फूलों के पौधे लगाते हैं। लेकिन वह अक्सर इस बार से परेशान होते हैं कि पौधों की ग्रोथ रुक गई है या कलियां आने से पहले गिर रही हैं। बता दें कि मिट्टी में समय के साथ पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। जिसको सिर्फ पानी देकर पूरा नहीं किया जा सकता है। ऐसे में आप मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाकर पौधों को जड़ से मजबूत बनाती हैं।फिर वह चाहे बेल वाले पौधे हों या फिर फूल वाले पौधे। इनमें खादों की सही मात्रा का इस्तेमाल करने से जादुई असर दिखाता है। लेकिन इन खादों का इस्तेमाल ध्यान में रखकर करना चाहिए। जिससे कि मौसम और पौधे की जरूरत के हिसाब से आप सही खाद का चुनाव कर सकें। सीवीड फर्टिलाइजर पौधों के लिए टॉनिक की तरह काम करती है। यह एक ठंडी खाद है और पौधों को धीरे-धीरे पोषण देती है। इसमें सूक्ष्म पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। 1 लीटर पानी में 10 ग्राम सीवीड घोलें और सामान्य पानी की तरह पौधों में डाल दें। इसको 6 महीने में सिर्फ 1 बार डालें। आप चाहें तो इसको सीधे मिट्टी में छिड़क सकते हैं। अगर आपके होम गार्डनिंग के पौधे एकदम से सूखने लगे या खराब होने लगें, तो इमरजेंसी में डीएपी का इस्तेमाल करें। इसका इस्तेमाल फौरन एनर्जी देने के लिए किया जाता है। डीएपी को पानी में घोलकर पौधों की जड़ों के पास डालें। यह खाद फूलों वाले पौधों के लिए सबसे अच्छा काम करती है और जड़ों को तेजी से फैलाती है। अगर आप डीएपी का इस्तेमाल नहीं करना चाहते हैं, तो रॉक फास्फेट एक बेहतरीन ऑप्शन है। इसको आप सीधा मिट्टी में डाल सकते हैं या फिर पानी में मिलाकर दे सकते हैं। इसको डालते समय गमले की मिट्टी में नमी होना जरूरी है। तभी यह खाद सक्रिय रूप से काम करेगा।

# ब्लॉक्ड सिंक का जादुई किचन हैक, खतरनाक एसिड के बिना मिनटों में मिलेगी राहत



किचन के जाम सिंक को खोलने के लिए खतरनाक तेजाब की जगह नमक और गरम पानी का घरेलू उपाय अपनाएं, जो पाइप में जमी चिकनाई और गंदगी को सुरक्षित रूप से काटकर मिनटों में नाली साफ कर देता है।

हर घर की किचन में सिंक बेहद जरुरी हिस्सा होता है। इसका इस्तेमाल सबसे ज्यादा होता है। कई बार होता है कि बर्तन धोते समय खाने के बारीक कण, चाय पत्ती, तेल और चिकनाई पाइप में जाकर जमा हो जाती है। जब गंदगी ज्यादा बढ़ जाती है तो यह सख्त परत बना लेती है और नतीजन सिंक का पानी आना बंद हो जाता है। ऐसे में लोग इस समस्या को दूर करने के लिए प्लंबर को बुलाते हैं या फिर बाजार से खतरनाक तेजाब खरीदते हैं। आप नहीं जानते हैं कि तेजाब न केवल प्लास्टिक के पाइप को गला देता है बल्कि नुकसान भी पहुंचा सकता है। इसलिए आप घर की रसोई में मौजूद नमक इस समस्या को दूर कर सकता है। आइए आपको बताते हैं नमक कैसे जाम सिंक की समस्या को दूर करता है।

नमक को नेचुरल एब्रेसिव के रुप से जाना जाता है, जो पाइप के अंदर सख्त गंदगी और जमें हुए फैट को काटने का काम करता है। जब इसे खोलते हुए गर्म पानी के साथ मिलाया जाता है तो यह पाइप के अंदर जमी चिकनाई को हटा देगा और नमक पाइप के दीवारों को अंदर से रगड़कर साफ करता है।

सबसे पहले करीब दो से तीन लीटर पानी अच्छी तरह उबाल लें। ध्यान रखें, पानी जितना अधिक गरम होगा, जमा हुई चिकनाई उतनी ही तेजी से पिघलेगी। इसके बाद सिंक के जालीदार छेद में आधा कप साधारण नमक डालें और सुनिश्चित करें कि नमक सीधे छेद के अंदर जाए। नमक डालने के बाद लगभग 5 मिनट तक प्रतीक्षा करें। ताकि वह पाइप के भीतर जमी गंदगी तक पहुंच सके। अंत में उबलता हुआ गरम पानी सावधानी से धीरे-धीरे ड्रेन होल में डाल दें।

पानी की धार तेज रखें कि जिससे दबाव से कचरा बाहर निकल जाए। यदि पाइप पूरी तरीके से जाम है तब नमक के साथ ही बेकिंग सोडा और सिरका भी मिला सकती हैं। इसलिए आप आधा कप बेकिंग सोडा और आधा कप नमक डालें। फिर ऊपर से एक कप सिरका डालें। जब झाग बनने लगें तो उसे 15 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर खोलता हुआ पानी डालें। ऐसा करने से आपका काम बन जाएगा।

# घर पर बनाएं रेस्टोरेंट स्टाइल गोभी मुसल्लम

सर्दियों में फूलगोभी की साधारण रेसिपी से हटकर कुछ नया ट्राई करना चाहते हैं, तो गोभी मुसल्लम एक बेहतरीन विकल्प है। जानिए इसे बनाने की पूरी विधि और घर पर तैयार करें यह स्वादिष्ट और यूनिक डिश।

सर्दियों के मौसम में सबसे ज्यादा साग और हरी सब्जियां खाईं जाती है। इस सीजन में अत्यधिक पसंद की जाने वाली खरीदने वाली सब्जी में से एक है फूलगोभी। गोभी से लोग कई तरह-तरह की डिश बनाते हैं, चाहे वह भुजिया हो, कोफ्ता हो या फिर मिक्स वेज। इतना ही नहीं बल्कि गोभी के पराठे भी खूब मजे से खाते हैं। यदि आप भी रोजाना गोभी की पुरानी और साधारण रेसिपी बना-बनाकर थक गए हैं, तो इस बार गोभी मुसल्लम जरुर ट्राई करें।

# घर पर बना भृंगराज तेलः बालों का अंतिम समाधान है भृंगराज, घर पर बनाएं ये हर्बल तेल



आज भी आप भृंगराज को आसानी से अपने घर के बगीचे में उगा सकती हैं। बता दें कि भृंगराज तेल में मौजूद पोषक तत्व बालों को अंदर से मजबूत बनाने का काम करता है और बालों को झड़ने से रोकता है। ऐसे में आप भी इस तेल का इस्तेमाल करके अपने बालों को लंबा, घना और मजबूत बना सकते हैं। आयुर्वेद में भृंगराज को सदियों से बालों की समस्याओं का रामबाण माना जाता है। यह आज भी अपनी अद्भुत शक्तियों के लिए जाना जाता है। दादी-नानी के जमाने में लोग भृंगराज की पत्तियां तोड़कर लाते और उनसे तेल बनाते थे। लेकिन आज भी आप इसको आसानी से अपने घर के बगीचे में उगा सकती हैं। बता दें कि भृंगराज तेल में मौजूद पोषक तत्व बालों को अंदर से मजबूत बनाने का काम करता है और बालों को झड़ने से रोकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर भृंगराज तेल बनाने और इसके इस्तेमाल के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं। जिससे आप भी इसका इस्तेमाल करके अपने बालों को लंबा, घना और मजबूत बना सकते हैं।

## कानपुर की फेमस कुरकुरी पकौड़ी अब घर पर बनाएं

वीकेंड पर कुछ नया और चटपटा ट्राई करना चाहते हैं, तो कानपुर की यह वायरल आलू-पोहा पकौड़ी एक बेहतरीन विकल्प है। जानें आलू, पोहा और मटर से बनने वाली इस कुरकुरी पकौड़ी की आसान रेसिपी, जो शाम की चाय का मजा दोगुना कर देगी। हर महिला अक्सर परेशान रहती है सुबह नाश्ते में क्या बनाएं। कई बार तो यह सोचने में घंटे लग जाते हैं कि क्या ब्रेकफास्ट में बनाएं। जब कुछ समझ नहीं आता तो लोग पास्ता, पराठा या पोहा बनाकर काम चलाते हैं, लेकिन अब वीकेंड को खास बनाना चाहते हैं, तो कुछ नया और अलग बनाने को करता है। वीकेंड को खास बनाने के लिए घर पर ही कुछ चटपटा और कुरकुरा खाने का जरुर बनाएं। अब इस वायरल रेसिपी को जरुर ट्राई करें।

# गोभी खाने से डर लगता है, इन आसान हेल्थ टिप्स से मिनटों में कीड़े साफ करें

आज हम आपको गोभी से कीड़े निकालने के लिए कुछ ऐसे ट्रिक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आजमाकर आप भी देख सकती हैं। यह घरेलू उपाय काफी मददगार माने जाते हैं। इन उपायों की मदद से आपको भी गोभी बनाने के दौरान इससे कीड़े निकालने की टेंशन नहीं रहेगी।

सर्दियों के मौसम में फूलगोभी की सब्जी जितना स्वादिष्ट लगती है, इसमें छिपे बारीक कीड़े उतनी ही बड़ी समस्या बन जाते हैं। अक्सर साधारण धुलाई से गोभी के कीड़े बाहर नहीं निकलते हैं, जिससे सेहत को खतरा रहता है। इस समस्या का समाधान आप देसी और अनोखे अंदाज में निकाल सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोभी से कीड़े निकालने के लिए कुछ ऐसे ट्रिक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आजमाकर आप भी देख सकती हैं। यह घरेलू उपाय काफी मददगार माने जाते हैं। वहीं इन उपायों की मदद से आपको भी गोभी बनाने के दौरान इससे कीड़े निकालने की टेंशन



नहीं रहेगी। फूलगोभी से कीड़े निकालने के लिए आप इस पर हल्के हाथों से सरसों का तेल लगा दें। अब चिमटे की मदद से गोभी को पकड़कर सीधे गैस की धीमी आंच पर कुछ सेकेंड के लिए घुमाएं। गैस पर रखने से तेल गर्म होगा और धुएं की गंध से गोभी के रेशों के बीच छिपे कीड़े फौरन बाहर निकल आएंगे। यह तरीका उन कीटों के लिए सबसे ज्यादा कारगर है, जो गहराई में छिपे होते हैं और पानी से नहीं मरते हैं।

गोभी को साफ करने का यह एक सुरक्षित और पारंपरिक तरीका है। सबसे पहले गोभी को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें और एक बड़े बर्तन में पानी गुनगुना कर लें। इसके बाद 2 चम्मच नमक और एक चम्मच हल्दी मिलाएं। हल्दी एक नेचुरल एंटी-सेप्टिक है। वहीं नमक कीड़ों को निष्क्रिय कर देता है। गोभी के टुकड़ों को 15-20 मिनट के लिए इस पानी के घोल में डुबोकर छोड़ दें।

आप देखेंगे कि ऐसा करने से कीड़े मरकर पानी की सतह पर तैरने लगेंगे।

अगर गोभी में ज्यादा गंदगी और बारीक कीड़े नजर आ रहे हैं, तो आप सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं।

ठंडे पानी में आधा कप सफेद सिरका और एक चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं। इस मिश्रण में गोभी डालने से न सिर्फ कीड़े बाहर निकल आएंगे, बल्कि गोभी पर मौजूद कीटनाशकों का भी असर काफी हद तक कम हो जाता है। वहीं करीब 10 मिनट बाद गोभी को दोबारा साफ पानी से धोकर इस्तेमाल करें। बता दें कि कीड़ों को तापमान का बदलाव पसंद नहीं आता है। अगर आपसे पास समय है, तो कुछ देर के लिए गोभी के टुकड़ों को तेज धूप में रख दें। गर्मी के कारण कीड़े हलचल करने लगेंगे। इसके फौरन बाद गोभी को बर्फ से ठंडे पानी में डाल दें। तापमान के अचानक बदलने से कीड़े फौरन बाहर निकल आते हैं और गोभी एकदम कुरकुरी और ताजी बनी रहती है।

सब्जी बनाने से पहले गोभी को ब्लांच करना अच्छा विकल्प है। उबलते हुए पानी में एक चुटकी नमक डालकर गोभी को 2-3 मिनट के लिए इसमें डाल दें। इसके बाद छानकर ठंडे पानी से धो लें।

ऐसा करने से गोभी के अंदर मौजूद कीड़े और उनके अंडे पूरी तरह से खत्म हो जाते हैं। वहीं यह तरीका सुनिश्चित करता है कि सब्जी स्वास्थ्यवर्धक और पूरी तरह से स्वच्छ बने।

# नॉन-स्टिक पैन को ख़राब कर लें ये सफाई की गलतियाँ



नॉन-स्टिक तवे को स्टील स्क्रबर से रगड़ने या बहुत गर्म पानी से धोने जैसी गलतियां उसकी कोटिंग को खराब कर सकती हैं। इससे न केवल तवा जल्दी खराब होता है, बल्कि यह आपकी सेहत के लिए भी हानिकारक हो सकता है क्योंकि खराब कोटिंग भोजन में मिल सकती है।

आजकल सभी के घरों में नॉन स्टिक तवे का इस्तेमाल होता है। अब लोग रोटियां भी लोहे के तवे की जगह नॉन-स्टिक तवे पर ही बनाने लगे हैं। कुछ लोग नॉन-स्टिक तावा का यूज चीला, डोसा और उत्तपम बनाने के लिए करते हैं। सुबह के नाश्ते में बनने वाले चीला, डोसा और उत्तपम जैसी कई चीजें घरों में जरुर बनती है। यदि आप रोजाना नॉन-स्टिक तवे का यूज कर रहे हैं, तो आप हर दिन इसको धो भी रही होंगी। यदि आप तवे को सही ढंग से साफ नहीं करती, तो इसकी कोटिंग खराब हो जाती है। ऐसे में कोटिंग खराब होना सेहत के साथ ही तवे के लिए भी नुकसानदायक है। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे नॉन-स्टिक तवा धोने का सही तरीका बताएंगे। अक्सर लोग नए तवे को साफ रखने के चक्कर में स्टील वूल या हार्ड स्क्रबर से रगड़ने लगते हैं। उन्हें लगता है कि बर्तन है, तो साफ रहना चाहिए। ध्यान रहे कि नॉन-स्टिक तवे को हार्ड स्क्रब से रगड़ने पर इसकी कोटिंग खराब हो जाती है। रोज आप ऐसा करते हैं, तो तवे की कोटिंग खराब हो जाती है और तवे पर चीला नहीं बन पाता है और फटने लगता है। क्योंकि नॉन-स्टिक कोटिंग पर स्क्रैच आ जाते हैं, यह आपको दिखाई नहीं देंगे। लेकिन खाना चिपकने लगता है। कुछ लोग स्क्रब की जगह, बहुत ही ज्यादा गर्म पानी से तवे धो लेते हैं। इससे तेल भी साफ हो जाएगा और रगड़ने की ज्यादा जरुरत नहीं पड़ेगी। लेकिन ऐसा नहीं, ज्यादा गर्म पानी से नॉन स्टिक तवे को धोना उसकी कोटिंग खराब कर देता है। इसलिए कोटिंग नहीं बल्कि तवे का रंग भी उतरने लग सकता है। जब भी आप चीला बनाएंगी, तो यह चीले में लगकर आपके शरीर में जाएगा, जो सेहत के लिए ठीक नहीं है। आप हल्के गर्म पानी में डालकर इसे धोएंगी, तो दिक्कत नहीं होगी।

कई लोग नॉन स्टिक तवे को धोने के बाद तुरंत ही गैस पर इसे रख देते हैं।

# खाने का स्वाद बढ़ाएगी 2 राजस्थानी चटनी



अगर आप भी एक तरह की चटनी खाकर बोर हो चुकी हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि इस विंटर सीजन में चटपटे स्वाद का तड़का लगाना चाहती हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको राजस्थान की दो स्पेशल चटनी की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

सर्दियों के मौसम तीखा और चटपटा खाने का सभी का मन करता है। तीखा मिलते ही खाने का मजा दोगुना हो जाता है। ज्यादातर घरों में खाने के साथ चटनी जरूर दी जाती है। आमतौर पर हम सभी के घर में धनिया, हरी मिर्च और टमाटर की चटनी ज्यादा बनती है। लेकिन अगर आप भी एक तरह की चटनी खाकर बोर हो चुकी हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि इस विंटर सीजन में चटपटे स्वाद का तड़का लगाना चाहती हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको राजस्थान की दो स्पेशल चटनी की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

# शेफ कुणाल कपूर की वायरल रेसिपी से लोहड़ी पर बनाएं तिल गुड़ रेवड़ी

लोहड़ी के त्योहार पर घर पर बनाएं पारंपरिक तिल गुड़ की रेवड़ी, सेलिब्रिटी शेफ कुणाल कपूर ने साझा की है इसे बनाने की आसान विधि और सामग्री की पूरी लिस्ट।

हर साल 13 जनवरी को लोहड़ी का त्योहार मनाया जाता है। इस त्योहार को बेहद ही उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाता है। लोहड़ी का पर्व खासतौर पंजाब और उत्तरी-भारत में धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन लोग आग जलाकर ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए मूंगफली, गाजक और रेवड़ी का मजा जरुर लेते हैं। यदि आप लोहड़ी पर घर पर ही अपने हाथों से बना कुछ मीठी चीज आग अर्पण करना चाहती हैं, तो आप आसान तरीके से तिल गुड़ की रेसिपी बना सकते हैं। शेफ कुणाल कपूर की तिल गुड़ रेवड़ी की ये



टेस्टी ईजी रेसिपी को जरुर ट्राई करें।

सबसे पहले आप एक पैन में तिल डालकर उन्हें करीब 5 मिनट तक अच्छी तरह से भून लें। जब तिल अच्छी तरह से भून जाएं तो इसको एक अलग बर्तन मेम निकालकर ठंडा होने के लिए साइड में रख दें। अब आप दूसरे पैन में पानी उबालने के लिए रख दें। इस पानी में गुड़ डालकर लगातार उबालते हुए एक चम्मच घी भी डाल दें। थोड़ी देर उबालने के बाद पैन में इलायची पाउडर और बेकिंग सोडा डालकर कुछ देर ऐसे ही पकाकर इसमें तिल डाल दें। अब पैने में डाली गई सभी चीजों को अच्छे से मिल जाएं तो गैस को बंद करके पूरे मिश्रण को ठंडा करने के लिए अलग रख दें। अब ठंडे हो चुके रेवड़ी के मिक्चर को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़कर गोल रोल बना लें। लास्ट में इन रेवड़ियों के गोलों को दोबारा से तिल में लपेटकर हल्का चपटा करके रेवड़ी की शेप दें।

# मंगेतर से मिलने गए मैतेई युवक की हत्या, जान की भीख मांगता रहा युवक

**फर्म**

**ऋषिकांत के परिवार वालों ने बताया कि वह नेपाल की एक फर्म में टेक्निकल इंजीनियर के तौर पर काम करता था।**




**इम्फाल।** मणिपुर में एक बार फिर दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। चुराचांदपुर में अपनी कुकी मंगेतर से मिलने गए एक 31 साल के मैतेई युवक को अगवा कर कैमरे पर गोली मार दी गई। इस घटना के बाद पूरे राज्य में फिर से तनाव बढ़ गया।

मणिपुर में बुधवार शाम एक 31 वर्षीय मैतेई युवक की कैमरे के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, युवक चुराचांदपुर में अपनी कुकी मंगेतर से मिलने गया था, जहां से उसे अगवा कर लिया गया। इस घटना के बाद गुरुवार को पूरे मणिपुर में आक्रोश फैल गया और तनाव फिर से बढ़ गया।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पहचान 31 साल के एम ऋषिकांत के तौर पर हुई है। बुधवार शाम करीब 6.30 बजे चुराचांदपुर जिले के तुइबोंग में उसकी मंगेतर के घर से सशस्त्र बदमाशों ने उसका अपहरण कर लिया था। कुछ घंटों बाद जिले के नटजांग गांव के पास उसका शव मिला। हालांकि, अभी तक हत्यारों की पहचान नहीं हो पाई है। मामला दर्ज कर लिया गया है और दोषियों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है।

ऋषिकांत के परिवार वालों ने बताया कि वह नेपाल की एक फर्म में टेक्निकल इंजीनियर के तौर पर काम करता था। वह क्रिसमस से पहले अपनी मंगेतर से मिलने आया था और 19 दिसंबर से उसी के घर पर रह रहा था। हत्यारों ने उसकी मौत का विडियो भी बनाया।

ऋषिकांत अपनी जान की भीख मांगता रहा, इसके बावजूद उसे दो गोलियां मार दी गईं। इसके साथ ही हत्यारों ने मैसेज भी जारी किया, जिसमें लिखा था नो पीस, नो पोपुलर गवर्नमेंट। इस हत्या के विरोध में गुरुवार को ऋषिकांत के पैतृक गांव काकचिंग जिले के काकचिंग खुनौ में विरोध प्रदर्शन हुए। स्थानीय लोगों ने वाबागई-सुगनू सड़क को जाम कर दिया।

खबरों के मुताबिक, दंपति ने चुराचांदपुर में रहने के लिए कुकी उग्रवादी समूहों के एक संगठन, कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन (केएनओ) से इजाजत ली थी। हालांकि, केएनओ ने इस यात्रा के बारे में कोई भी जानकारी होने और उसकी मौत में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है। गुरुवार को चुराचांदपुर में शव का पोस्टमार्टम किया गया। परिवार के लोग चुराचांदपुर नहीं जा सकते थे, इसलिए उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए शव की पहचान की। काकचिंग की एसपी एल प्रियदर्शिनी ने परिवार से मुलाकात की और पहचान प्रक्रिया में मदद की।

मणिपुर लोक भवन ने बताया कि राज्यपाल ए के भल्ला ने लोकसभा सांसद डॉ अंगोमचा बिमोल अकोईजाम के नेतृत्व वाले एक संयुक्त कार्रवाई समिति के प्रतिनिधिमंडल को सूचित किया है कि मामले को पूरी और निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपा जा रहा है।

जेएसी ने राज्यपाल से मिलकर ऋषिकांत सिंह की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के संबंध में चिंता व्यक्त करते हुए एक ज्ञापन सौंपा और उचित कार्रवाई की मांग की।

लोक भवन ने कहा, राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को यह भी बताया कि दोषियों को पकड़ने के लिए कल रात से गहन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

# कांग्रेस-थरूर में फिर छिड़ी रार

**तिरुवनंतपुरम।** शशि थरूर और कांग्रेस पार्टी के बीच लंबे समय से मतभेद चल रहे हैं और अब ये मतभेद खुलकर सामने आ रहे हैं। केरल में इस साल विधानसभा चुनाव है और शशि थरूर चुनावी परिदृश्य से गायब हैं। वे पार्टी की बैठकों में शामिल नहीं हो रहे हैं। अब कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने भी कह दिया है कि उनके बैठकों में शामिल होने या न होने से कोई फर्क नहीं पड़ता।



शशि थरूर और कांग्रेस पार्टी के बीच के मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। केरल चुनाव को लेकर हुई एक अहम बैठक में तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर नहीं पहुंचे। जब इसे लेकर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि जो भी बड़े नेता थे, वो सभी बैठक में शामिल हुए, जो बड़े नेता नहीं हैं, वे इस बैठक से गायब रहे।

शशि थरूर और कांग्रेस पार्टी के बीच इन दिनों सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। अब ये नाराजगी सतह पर आ गई है। केरल में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं और कांग्रेस पार्टी चुनाव की तैयारियों में जुटी है। जब इसे लेकर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित से सवाल किया गया तो उन्होंने कह दिया कि शशि थरूर के आने या न आने से कोई फर्क नहीं पड़ता।

दीक्षित ने कहा कि जो बड़े नेता नहीं हैं, अगर वे बैठक में शामिल नहीं होते हैं तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, संदीप दीक्षित ने कहा, सभी मजबूत और जनाधार वाले वरिष्ठ नेता पार्टी की बैठकों में शामिल हो रहे हैं। जो भी जरूरी हैं, वे सब आ रहे हैं। अगर कोई बड़ा नेता नहीं हैं और उसकी जरूरत नहीं है तो उसके न आने से कोई फर्क नहीं पड़ता। बीते काफी समय से कांग्रेस पार्टी और शशि थरूर के बीच मतभेद चल रहे हैं। हालांकि खुलकर शशि थरूर या कांग्रेस पार्टी ने कुछ नहीं कहा है, लेकिन इशारों-इशारों में थरूर कई बार कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साध चुके हैं। बीते दिनों अपने एक बयान में थरूर ने कांग्रेस पार्टी को चेताते हुए कहा था कि अगर पार्टी ने अपने जनाधार को नहीं बढ़ाया तो लगातार तीसरी बार कांग्रेस को विपक्ष में बैठना पड़ेगा। उन्होंने ये भी कहा कि कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लगता है कि केरल कांग्रेस में नेतृत्वकर्ता की कमी है। थरूर ने कहा कि अगर पार्टी को उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है तो उनके पास अन्य विकल्प भी हैं, जिनमें किताबें लिखना भी शामिल है।

# विदेशी पर्यटकों से दुष्कर्म और हत्या को बताया छोटी घटना



**बंगलूरू।** कर्नाटक के कोप्पल के सांसद एक कार्यक्रम के दौरान सानापुर गांव में एक विदेशी महिला से दुष्कर्म और हत्या को छोटी घटना बता गए। जिसके बाद उनकी तीखी आलोचना शुरू हो गई है। विभिन्न पार्टियों ने भी सांसद के बयान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जानिए क्या है ये पूरा मामला

कोप्पल के सांसद के राजशेखर हितनाल के एक बयान पर हंगामा हो गया है। दरअसल बीते साल कोप्पल के सानापुर गांव में एक विदेशी पर्यटक के साथ दुष्कर्म और एक पर्यटक की हत्या की घटना हुई थी। कोप्पल के सांसद ने एक कार्यक्रम के दौरान इसे छोटी घटना बताया। जिस पर लोगों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। कई नेताओं ने भी सांसद के बयान पर आपत्ति जताई। सोशल मीडिया पर भी सांसद की आलोचना की जा रही है।

बुधवार को कोप्पल के जिला प्रशासन कार्यालय में कोप्पल में पर्यटन को बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के साथ एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में कोप्पल सांसद के राजशेखर हितनाल भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कोप्पल सांसद ने बीते साल सानापुर गांव में विदेशी पर्यटक से दुष्कर्म और एक पर्यटक की हत्या को छोटी घटना करार दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं नहीं होनी चाहिए क्योंकि इससे पर्यटन की संभावनाएं प्रभावित होती हैं, लेकिन सांसद सानापुर की घटना को एक बार फिर छोटी घटना कह गए। बीते साल सानापुर गांव में एक इस्राइली महिला और एक स्थानीय महिला के साथ दुष्कर्म हुआ था और एक पर्यटक की हत्या कर दी गई थी। जेडीएस नेता सीवी चंद्रशेखर ने सांसद के बयान को गैर जिम्मेदाराना बताया और कहा कि जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के बजाय सांसद अपराध की गंभीर घटना को कमतर करके आंक रहे हैं।

भाजपा नेता डॉ. बासवराज ने सांसद के बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस बयान की कोई सफाई नहीं हो सकती और एक सांविधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से ऐसे बयान की उम्मीद नहीं की जाती।

उन्होंने कहा वे एक गंभीर अपराध की गंभीरता को कम करके दिखा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सानापुर की घटना के बाद से कोप्पल में पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई है।

चौतरफा आलोचना से घिरने के बाद सांसद राजशेखर हितनाल ने अपने बयान पर सफाई दी और कहा कि वे अपराध की गंभीरता को कम करके नहीं आंक रहे हैं और सानापुर की घटना दर्दनाक है और ऐसा नहीं होना चाहिए।

# अमेरिका-चीन ने खड़ी की समस्या, यूरोप से मिलेगा समाधान



**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय यूनियन के उच्चाधिकारियों की एक शीर्ष बैठक 27 जनवरी को नई दिल्ली में होनी है। इसमें भारत के साथ व्यायापार को बढ़ाने पर बात हो सकती है, जिससे चीन और अमेरिका पर निर्भरता कम की जा सकती है।

अमेरिका के द्वारा लगाए गए टैरिफ का भारत ने सफलतापूर्वक सामना किया है। इस टैरिफ के बाद भी भारत 2025-26 में तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनने में सफल रहा है। लेकिन आर्थिक विशेषज्ञ मानते हैं कि अमेरिकी टैरिफ ने भारत के व्यापार को प्रभावित किया है। यदि अमेरिकी अड़ंगा न होता तो भारत इससे भी बेहतर बढ़त हासिल करने में सफल हो सकता था। इसी तरह चीन ने भी %रेयर अर्थ मेटल% की सप्लाई रोककर भारत सहित पूरी दुनिया के सामने संकट खड़ा कर दिया था। लेकिन भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच होने जा रहे समझौते से अमेरिका-चीन की समस्याओं का दीर्घकालिक समाधान मिल सकता है। यदि भारत-यूरोपीय यूनियन के बीच डील सही तरीके से अपने अंजाम पर पहुंची तो इससे अमेरिका पर भी दबाव पड़ने की संभावना है।

भारत और यूरोपीय यूनियन के उच्चाधिकारियों की एक शीर्ष बैठक 27 जनवरी को नई दिल्ली में होगी। इस बैठक में भारत की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिस्सा लेंगे। यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपियन कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर येलेन इसमें हिस्सा लेंगे। ये दोनों मेहमान गणतंत्र दिवस समारोह पर मुख्य अतिथि भी होंगे। उर्सुला ने यूरोपीय यूनियन और भारत के बीच होने वाले व्यापार समझौते को मदर ऑफ ऑल डील्स कहा है। इससे यह संकेत मिलते हैं कि दोनों व्यापारिक साझेदार बड़े व्यापारिक समझौते कर सकते हैं जो दोनों पक्षों के हित में होंगे। हालांकि, केवल इसी दौरे में सब कुछ हो जाएगा, इस तरह की उम्मीद नहीं रखनी चाहिए। उर्सुला वॉन डेर येलेन ने कहा है कि दोनों देशों के बीच समझौते में अभी भी कई अहम उपाय किए जाने शेष हैं, लेकिन एक बेहतर समझौते तक पहुंचने में यह बैठक मील का पत्थर साबित हो सकती है। यूरोपियन यूनियन में 27 देश हैं। 2026 में इन सभी देशों की संयुक्त जीडीपी 22.52 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है। इसमें जर्मनी, फ्रांस, इटली और स्पेन का योगदान सबसे अधिक (करीब 60 प्रतिशत) होता है। इस यूनियन से अलग भी भारत के इन सभी देशों से बेहतर व्यापारिक संबंध हैं। अमेरिका भी भारत के साथ व्यापार समझौते में आगे बढ़ रहा है, लेकिन उसकी डील अभी भी संदेह के घेरे में है, जबकि यूरोपीय यूनियन ने भारत के साथ आगे बढ़ने को लेकर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। यह यूनियन अमेरिका के बाद दूसरी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था मानी जाती है। ऐसे में यदि यूरोपीय यूनियन-भारत के बीच बड़े समझौते होते हैं तो इससे दोनों पक्षों को अच्छा लाभ होगा। भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच 2024-25 में 11.8 लाख करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था।

## बालासाहेब से न मिल पाना ज्यादा तकलीफदेह था: राज ठाकरे

**मुंबई।** मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने अपने दिवंगत चाचा बाल ठाकरे को याद करते हुए कहा कि शिवसेना छोड़ने से ज्यादा दर्द उन्हें चाचा से दूर होना और मातोश्री छोड़ना था। बाल ठाकरे को श्रद्धांजलि देते हुए एक लेख में उन्होंने बताया कि उनके चाचा उनके पीछे चट्टान की तरह खड़े रहे। पढ़िए रिपोर्ट-

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि शिवसेना छोड़ने के बाद पार्टी संस्थापक बाल ठाकरे से अक्सर न मिल पाना, पार्टी छोड़ने से भी ज्यादा दर्दनाक था। उन्होंने कहा कि उनके दिवंगत चाचा बाल ठाकरे उनके पीछे चट्टान की तरह खड़े रहे।

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के मुखपत्र सामना में बाल ठाकरे को उनकी जन्मशती पर श्रद्धांजलि दी गई।

# जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची ने भंग की संसद, 8 फरवरी को होंगे मध्यावधि चुनाव



**टोक्यो।** इस बीच चीन के साथ जापान का तनाव भी बढ़ा है। तकाइची की ताइवान समर्थक टिप्पणियों के बाद बीजिंग ने कड़ा रुख अपनाया है। इसके साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी जापान पर रक्षा खर्च बढ़ाने का दबाव बना रहे हैं।

जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची ने शुक्रवार को संसद के निचले सदन को भंग कर दिया, जिससे देश में 8 फरवरी को मध्यावधि चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। तकाइची ने यह फैसला केवल तीन महीने के कार्यकाल के बाद लिया है। अक्टूबर में जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री चुनी गईं तकाइची को अब तक लगभग 70 प्रतिशत की ऊंची लोकप्रियता मिली है। माना जा रहा है कि वह इसी लोकप्रियता का लाभ उठाकर सत्तारूढ़ दल की स्थिति मजबूत करना चाहती हैं, जिसे हाल के वर्षों में भारी नुकसान झेलना पड़ा है। हालांकि, संसद भंग होने से उस बजट पर मतदान टल गया है, जिसका उद्देश्य कमजोर अर्थव्यवस्था को सहारा देना और बढ़ती महंगाई से निपटना था। 465 सदस्यीय निचले सदन के भंग होने के साथ ही 12 दिनों का चुनाव प्रचार अभियान शुरू होगा, जिसकी औपचारिक शुरुआत मंगलवार से होगी।

प्रधानमंत्री तकाइची ने कहा कि वह चाहती हैं कि जनता तय करे कि उन्हें प्रधानमंत्री बने रहना चाहिए या नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह इस चुनाव को अपने राजनीतिक भविष्य से जोड़ रही हैं। सख्त रुख वाली रूढ़िवादी नेता तकाइची अपने पूर्ववर्ती शिगेरु इशिबा से अलग नीतियों को सामने रखना चाहती हैं। उनके एजेंडे में ज्यादा सरकारी खर्च, सैन्य ताकत में इजाफा और कड़ी आव्रजन नीति शामिल है, ताकि जापान को %मजबूत और समृद्ध% बनाया जा सके।

हालांकि तकाइची की छवि युवा मतदाताओं में लोकप्रिय है, लेकिन सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) अभी भी राजनीतिक फंडिंग घोटाले के असर से उबर रही है। इसके चलते कई पारंपरिक मतदाता उभरती दक्षिणपंथी विपक्षी पार्टियों की ओर रुख कर चुके हैं। प्रधानमंत्री का लक्ष्य इस चुनाव के जरिए निचले सदन में मजबूत बहुमत हासिल करना है, ताकि उनकी सरकार बिना विपक्ष पर निर्भर हुए अपने एजेंडे को आगे बढ़ा सके।

## अप्रवासन अधिकारियों ने पांच साल के बच्चे को हिरासत में लिया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में अप्रवासन अधिकारियों ने मिनेसोटा से एक पांच साल के बच्चे को हिरासत में लिया है। बच्चे का परिवार अमेरिका में शरणार्थी है। अप्रवासन अधिकारियों ने आरोपों को खारिज किया है। जानिए अप्रवासन अधिकारियों का इस मामले पर क्या कहना है? अमेरिका में संघीय अप्रवासन अधिकारी अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई में इस कदर पागल हो गए हैं कि उन्होंने मिनेसोटा में एक पांच साल के बच्चे को हिरासत में ले लिया। बच्चा जिस स्कूल में पढ़ता है, उसके अधिकारियों ने भी घटना पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और कहा कि बच्चे को चारे की तरह इस्तेमाल किया गया। बच्चे और उसके पिता को टेक्सास में एक डिटेंशन सेंटर में रखा गया है।

# शांति बोर्ड में शामिल होकर अपने ही घर में घिरे शहबाज



**इस्लामाबाद।** अमेरिका के नेतृत्व में बने शांति बोर्ड में शामिल होकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को अपने ही देश में आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि यह फैसला संसद की सलाह के बिना लिया गया है। इन दलों ने कहा कि इस बोर्ड के सदस्य वे देश हैं, जो गाजा में हमास को निरस्त्र करना चाहते हैं। पढ़ें पूरी रिपोर्ट-
अमेरिका के साथ गलबहियां करने के चक्कर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने ही घर में सवालों के बीच घिर गए हैं। उन्हें विपक्ष की कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड की अध्यक्षता में बने शांति बोर्ड में शामिल होने के लिए शरीफ ने शरीफ ने गुरुवार को हस्ताक्षर किए। पाकिस्तान समेत 19 देशों के नेताओं ने दावोस में इस समूह के चार्टर के रूप में अपना-अपना नाम दर्ज कराया। इस दौरान जब शहबाज का हस्ताक्षर करने का वक्त आया तो वह ट्रंप के बगल में बैठक मुस्कुराते नजर आए। हालांकि, इस फैसले ने पाकिस्तान के अंदर बवाल मचा दिया। आइए पहले जानते हैं कि यह शांति बोर्ड क्यों बनाया गया है और इसको बनाने का विचार कहां से आया है। शांति बोर्ड बनाने का विचार सबसे पहले गाजा युद्ध के दौरान आया, जब अमेरिकी ने अपनी शांति योजना को पेश किया। यह बोर्ड गाजा में शांति की निगरानी करने के लिए बनाया गया। लेकिन यह बोर्ड अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के समाधान के लिए एक मध्यस्थ की भूमिका की दिशा में आगे बढ़ता दिख रहा है। बताया जा रहा है कि ट्रंप इसके माध्यम से अपना खुद का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) बना रहे हैं।

विपक्षी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष गोहर अली खान ने इस फैसले पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ ने किसी परामर्श के शांति बोर्ड में शामिल होने का फैसला किया। उन्होंने कहा, कल विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह शांति बोर्ड में शामिल हो गया है। सरकार ने संसद को नजरअंदाज किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शांति बोर्ड में शामिल होने से पहले उसकी शर्तों के बारे में संसद को बताया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, क्या आप हमास को निरस्त्र करने में भूमिका निभाएंगे? अगर यह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का कोई निकाय होता, तो सरकार खुद से कदम उठा सकती थी। लेकिन शांति बोर्ड कोई यूएन का निकाय नहीं है। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन की खबर के मुताबिक, पीटीआई के वरिष्ठ नेता असद कैसर ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार ने इतने संवेदनशील मुद्दे पर सर्वसम्मति से फैसला लेने की जहमत नहीं उठाई। उन्हें इस पर संसद में चर्चा करना चाहिए थी, ताकि विश्व समुदाय में यह धारणा बने कि पाकिस्तान में लोकतंत्र है।

## रूस के खिलाफ विशेष अंतरराष्ट्रीय अदालत बनने में देरी पर जेलेंस्की हुए नाराज

**दावोस।** दावोस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की ने रूसी आक्रामकता पर आईसीसी के विशेष न्यायाधिकरण में देरी को लेकर यूरोप की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने में बहुत देर हो रही है और यूरोप इस मुद्दे पर गंभीरता नहीं दिखा रहा।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के खिलाफ आक्रामक युद्ध के मामले में विशेष ट्रिब्यूनल (विशेष अदालत) बनाने में हो रही देरी को लेकर यूरोप पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने में बहुत देर हो रही है और यूरोप इस मुद्दे पर गंभीरता नहीं दिखा रहा। जेलेंस्की ने यह बात स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के मंच से कही। उन्होंने कहा, अक्सर यूरोप में न्याय से ज्यादा किसी और चीज को जरूरी मान लिया जाता है।

# अबूधाबी में रूस-यूक्रेन व अमेरिका के बीच त्रिपक्षीय बैठक; ट्रंप से मुलाकात के बाद जेलेंस्की खुश

**वार्ताकार**

**रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की कोशिशों के तहत रूस, यूक्रेन और अमेरिका के वार्ताकार शुक्रवार से अबू धाबी में त्रिपक्षीय बैठक करेंगे।**




**दावोस।** अबूधाबी में पिछले चार साल से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने को लेकर अहम बैठक होने वाली है। इस बैठक में रूस-यूक्रेन के साथ अमेरिका मंथन करेंगे। वहीं इससे पहले दावोस में ट्रंप और जेलेंस्की के बीच मुलाकात हुई है। रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की कोशिशों के तहत रूस, यूक्रेन और अमेरिका के वार्ताकार शुक्रवार से अबू धाबी में त्रिपक्षीय बैठक करेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यह बैठक शांति प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे लंबे समय से जारी संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में प्रगति की उम्मीद है। जेलेंस्की ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ दावोस में हुई बातचीत के बाद यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी से जुड़े प्रावधानों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि युद्ध का सबसे संवेदनशील मुद्दा क्षेत्रीय विवाद अब भी अनसुलझा बना हुआ है। अमेरिकी पक्ष की ओर से विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जारेड कुश्नर मास्त्रॅस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत के बाद सीधे अबू धाबी पहुंचेंगे। इन वार्ताओं में सैन्य स्तर पर संवाद और युद्ध के बाद आर्थिक पुनर्निर्माण से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा होने की संभावना है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ उनकी अच्छी बैठक हुई है और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए उनका साफ संदेश है कि युद्ध खत्म होना चाहिए। इस जंग में अब तक बहुत लोग मारे जा चुके हैं।

ट्रंप ने बताया कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल जल्द ही पुतिन से मुलाकात करेगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के साथ बृहस्पतिवार को वार्ता से पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि वह जब्त की गईं संपत्तियों का एक हिस्सा रूस-यूक्रेन शांति समझौते के बाद युद्धग्रस्त यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए देने को तैयार हैं।

उन्होंने कहा, अमेरिका में जब्त की गई हमारी परिसंपत्तियों की बची धनराशि का इस्तेमाल संधि होने के बाद यूक्रेन के पुनर्निर्माण में किया जा सकता है।

# सरकार बनाने के करीब कट्टरपंथी जमात



**ढाका।** बांग्लादेश में हर दिन के साथ आम चुनाव के लिए प्रचार जोर पकड़ रहा है। वहीं आंतरिक सर्वे में कट्टर जमात-ए-इस्लामी सरकार बनाने के करीब नजर आ रही है। सर्वे के अनुसार, जमात-ए-इस्लामी बीएनपी के बाद दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभर रही है।

बांग्लादेश में अवामी लीग प्रमुख व अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बिना अगले माह होने जा रहे आम चुनावों के लिए बुधवार से प्रचार शुरू हो गया। इन चुनावों में एक बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिल सकता है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक हाल ही में हुए दो अलग-अलग आंतरिक सर्वेक्षण में लंबे समय तक राजनीति से बाहर रही कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी पहली बार सरकार बनाने के बेहद नजदीक पहुंचती नजर आ रही है।

जमात को पाकिस्तान समर्थक माना जाता है और उसने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम का भी विरोध किया था। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को कड़ी टक्कर दे रही है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को 300 सीटों संसदीय चुनाव होंगे। जमात को देश की आजादी के बाद 1972 में प्रतिबंधित भी कर दिया गया था, जिसे 1975 में हटाया गया और 1979 में जियाउर रहमान के शासन में पार्टी को चुनाव में भाग लेने की अनुमति मिली।

जमात-ए-इस्लामी को लंबे समय से धर्मनिरपेक्ष समूहों की आलोचना का सामना करना पड़ा है। उसकी नीतियां बांग्लादेश की धर्मनिरपेक्ष बुनियाद को चुनौती मानी जाती हैं। जन-आंदोलन के दौरान छात्र नेताओं द्वारा गठित नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) भी इस गठबंधन का हिस्सा है। 2024 में हिंसक दमन के बीच हसीना के पांच अगस्त 2024 को देश छोड़कर भारत चले जाने के तीन दिन बाद यूनुस ने पद संभाला, उन पर भी एक पक्ष को प्रमुखता देने के आरोप हैं।

बीएनपी अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के पुत्र तारिक रहमान को प्रधानमंत्री पद का प्रमुख दावेदार माना जा रहा है। उनकी पार्टी को उनकी मां की राजनीतिक विरासत के कारण मजबूत समर्थन मिला है। खालिदा जिया का पिछले महीने निधन हो गया था।

# झूठ और अन्याय के साथ समझौता करना जघन्यतम अपराध: नवीन

**अवधनामा संवाददाता**



नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती बाइक रैली व जन सभा आयोजित कर मनाया गया

**जौनपुर।** आजादी आन्दोलन के गैर समझौतावादी धारा के महानायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रवादी नौजवान सभा और काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष आयोजन समिति जौनपुर की ओर से शुक्रवार को बाइक जुलूस व जन सभा का आयोजन किया गया। बाइक जुलूस की शुरुआत सिंगरामऊ से की गई, जो कुशहां, बटाऊबीर, बदलापुर, कलिंजरा होते हुए तेजीबाजार तक गया। दूसरा बाइक जुलूस सराय पड़ी से शुरु करके गद्दोपुर, महराजगंज, लोहिंदा होते हुए तेजीबाजार तक गया। दोनों बाइक जुलूसों के पहुंचने के बाद तेजीबाजार मेंनेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष जन सभा हुई। जिसमें काफी संख्या में छात्र नौजवानों ने भाग लिया। जन सभा शुरू होने के पहले नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर सैकड़ों लोगों ने माल्यार्पण किए। इस अवसर पर राष्ट्रवादी नौजवान सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण भी मौजूद रहे। नवीन सिंह ने जन सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आजादी आंदोलन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जीवन कठिन संघर्षों से भरा रहा। वे बचपन में अपने घर के पास रास्ते में रोजाना एक बूढ़ी मां को भीख मांगते देखकर द्रवित जाते और अपने स्कूल का टिफिन प्रतिदिन दे देते और सोचा करते कि कब हमारे समाज से इस तरह की गैर बराबरी खत्म होगी। दूसरी घटना, जो उन्हें प्रभावित किया, वह थी महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस की सबसे कम उम्र में फांसी। इसके अलावा आस-पास हो रहे अन्याय-अत्याचार देखकर उनके मन में अंग्रेजों के प्रति नफरत पैदा हो गई। उन्होंने कहा था- झूठ और अन्याय के साथ समझौता करना जघन्यतम अपराध है। इस तरह राजनैतिक संघर्ष में जब वे 1938 में कांग्रेस के हरिपुरा अधिवेशन में अध्यक्ष चुने गये, तो उन्होंने आह्वान किया कि हमारा पहला लक्ष्य है पूर्ण स्वराज्य हासिल करना और उसके बाद भारत में समाजवाद कायम करना। इसीलिए उन्होंने कहा था- मैं अपने बचपन में अंग्रेजों को देश से खदेड़ देना ही सबसे बड़ा कर्तव्य समझता था। लेकिन बाद में सोचकर देखा कि अंग्रेजों को खदेड़ देने मात्र से ही हमारे कर्तव्य समाप्त नहीं हो जायेंगे। भारत में नयी समाज व्यवस्था लागू करने के लिए एक और क्रांति की जरूरत होगी। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कुमार शुक्ल ने किया। कार्यक्रम को नवीन सिंह(अध्यक्ष राष्ट्रवादी नौजवान सभा), प्रमेन्द्र सिंह (पम्मू) चितौड़ी, दिलीप कुमार खरवार, देवव्रत निषाद, कुंवर आजाद सिंह, कृष्णा सिंह ने सम्बोधित किए। अंजली सरोज, जिमी गुप्ता ने क्रांतिकारी व देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर इन्दुकुमार शुक्ल, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, अपूर्व कुमार दुबे, संतोष कुमार प्रजापति, मीता गुप्ता, पूनम प्रजापति, दिवाकर सिंह, जटाशंकर सिंह, नवीन गुप्ता, नवीन सिंह, शिवभवन सिंह, राजबहादुर विश्वकर्मा, राकेश निषाद, विनोद मौर्य, प्रवीण सिंह, विजयप्रकाश गुप्त, इदरीश, रहमान, देवव्रत निषाद, संजय सिंह, शमीम अहमद, नन्हकूराम, कुमकुम गुप्ता, पायल, दीक्षा खरवार, श्वेता विश्वकर्मा, एकता, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## नेता जी की जयंती पर प्रयास ने किया वस्त्र वितरण

**आजमगढ़।** आजादी के जननायक नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 129वीं जयंती प्रयास सामाजिक संगठन के बैनर तले नगर के बेलइसा मंडी पर विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम नेता जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करके उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा किया गया। इसके बाद जरूरतमंदों में वस्त्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह व संचालन आदित्य आजमी ने किया। आजमगढ़ मंडल अध्यक्ष राणा बलवीर सिंह ने कहाकि भारत की आजादी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लोग इन्हें प्यार से नेताजी भी कहकर पुकारते थे। 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस का जन्म ओडिशा के कटक में हुआ था। सुभाष चंद्र बोस को साहस, देश भक्ति और त्याग के मिसाल के तौर पर भी जाना जाता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने सिविल सेवा की परीक्षा पास कर ली थी लेकिन फिर भी इन्होंने अंग्रेजी सरकार के लिए काम करने से मना कर दिया था। उन्होंने अपने जीवन को आजादी की लड़ाई में न्यौछावर कर दिया।

# छात्रवृत्ति लंबित मामलों पर डीएम सख्त

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनांतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों में लंबित आवेदन पत्रों की विद्यालयवार समीक्षा करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी से कहा कि विद्यालयों के प्रबंधकों, प्राचार्यों से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक दशा में अगले 02 दिन में छात्रवृत्ति के लंबित आवेदन पत्रों को विद्यालय स्तर से अग्रसारित करना सुनिश्चित करें, इस कार्य में किसी भी स्तर पर विलंब न किया जाए यदि किसी की लापरवाही के कारण एक भी छात्र छात्रवृत्ति योजना का लाभ पाने से वंचित रहा तो संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित कर दंडात्मक कार्यवाही होगी यदि विद्यालय स्तर से लापरवाही बरती गई तो विद्यालय प्रबंधतंत्र के विरुद्ध एक्शन लिया जायेगा। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति के 1255, अनुसूचित जाति के 321, सामान्य जाति के 249, अल्पसंख्यक वर्ग के 44, अनुसूचित जनजाति वर्ग के 02 कुल 1871 आवेदन महाविद्यालय स्तर पर अग्रसारित हेतु लंबित हैं। सिंह ने समीक्षा के दौरान पाया कि अभी चौ. देवी सिंह महाविद्यालय में 99, श्री बाबूराम महाविद्यालय में 87, सूरजमुखी महाविद्यालय में 71, श्रीराम सिंह महाविद्यालय में 59, चौ. सूरज सिंह महाविद्यालय में 56, श्री विजयस्वरूप महाराज महाविद्यालय में 51, श्री चित्रगुप्त डिग्री कॉलेज में 47, चौ. माधव सिंह स्मारक महाविद्यालय में 33, जय मॉ इस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन, श्री गोवर्धन महाविद्यालय किशनी, चौ. नत्थू सिंह महाविद्यालय में 31-31, नेशनल महा विद्यालय भोगांव में 28, श्री जे.एस.एस.एस. महा विद्यालय में 27, श्री बाबूराम औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में 26, चौ. नत्थू सिंह डिग्री कॉलेज करहल, ठाकुर निरोत्तम सिंह महाविद्यालय में 25-25, श्री राज कुमार सिंह डिग्री कॉलेज ऑफ एजूकेशन में 24 आवेदन पत्र अग्रसारण हेतु लंबित है, जिस पर उन्होने सम्बन्धित विद्यालयों के प्रबन्धकों से कहा कि विद्यालय स्तर से छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र 27 जनवरी तक अग्रसारित करने की अंतिम तिथि शासन स्तर से निर्धारित है, प्रबन्धतंत्र निर्धारित तिथि से पूर्व अवशेष छात्रवृत्ति के आवेदन पत्रों को अपने स्तर से प्रत्येक दशा में अग्रसारित करना सुनिश्चित करें।

# नेताजी का योगदान स्वतंत्रता संग्राम का स्वर्णिम अध्याय है: कुलपति प्रो. वंदना

**अवधनामा संवाददाता**



- आज़ाद हिंद फौज ने देशवासियों में साहस और राष्ट्रप्रेम जगाया : कमांडिंग ऑफिसर आलोक सिंह
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर विश्वविद्यालय में देश के नाम पदयात्रा का आयोजन

**जौनपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती एवं उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को देश के नाम पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह पदयात्रा विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार सरस्वती सदन से प्रारंभ होकर रोवर्स रेंजर्स भवन में स्थापित नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा तक निकाली गई। संकाय भवन में विकसित उत्तर प्रदेश- विकसित भारत विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। पदयात्रा का शुभारंभ विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह एवं एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर आलोक सिंह धर्मराज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। राष्ट्रभक्ति के नारों और देशभक्ति गीतों के साथ निकली पदयात्रा से पूरा विश्वविद्यालय परिसर देशप्रेम से गूंज उठा। रोवर्स रेंजर्स भवन पहुंचने पर सभी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का योगदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का स्वर्णिम अध्याय है। उनका त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर आलोक सिंह धर्मराज ने कहा कि नेताजी ने आज़ाद हिंद फौज के गठन के माध्यम से देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत कर आज़ादी के संघर्ष को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। कार्यक्रम का समन्वय उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के समन्वयक प्रो. प्रदीप कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, सह-नोडल अधिकारी डॉ. अन्नू त्यागी एवं शशिकांत यादव रहे।

## डीएम ने विकास खण्ड सिरकोनी में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य का किया औचक निरीक्षण



**जौनपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सिरकोनी में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यो का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित कार्मिकों से अनमैप्ड मतदाताओं की मैपिंग, कितने अनमैप्ड मतदाताओ की मैपिंग हो गई है, कितने अनमैप्ड मतदाताओं की आज सुनवाई हुई है आदि के संबंध में जानकारी ली और निर्देशित किया कि जो मतदाता आज सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं हुए हैं, उन्हें पुन सुनवाई हेतु तिथि दी जाए। इस दौरान उन्होंने बीएलओ नीलम चौबे जिन्होने आवंटित नोटिस को समय से तामिल करा दिया, 13 लोगो का साक्ष्य मिलान करा दिया गया, जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा उनके कार्यो की सराहना करते हुए अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया और सभी कार्मिकों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अधिक से अधिक युवा मतदाताओं के नाम सम्मिलित करें: डीएम

**विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण की उपस्थिति में बैठक संपन्न**

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विस्तार से अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गयी और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण से फीडबैक लेते हुए इस कार्य में आ रही कठिनाईयों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी। उन्होंने अवगत कराया कि माननीय भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में 06 जनवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन किया गया है तथा 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियाँ प्राप्त की जा रही है। दावा एवं आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया नोटिस चरण, सुनवाई, सत्यापन 06 जनवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जाएगी तथा 06 मार्च 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 31 जनवरी 2026 (शनिवार) एवं 01 फरवरी 2026 (रविवार) को विशेष अभियान तिथियाँ निर्धारित की गई हैं। आयोग द्वारा निर्धारित चार अर्हता तिथियों (01 जनवरी 2026 के अतिरिक्त, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर) के अनुसार पात्र होने वाले सभी अर्ह मतदाताओं से निर्धारित प्रपत्रों पर आवेदन प्राप्त कर नियमानुसार उनके नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऐसे युवा मतदाता जो 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं तथा जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे घोषणा पत्र सहित फार्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। आलेख्य प्रकाशित नामावली में सम्मिलित नाम को हटाने हेतु फार्म 7, व विद्यमान मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि में संशोधन करने या मतदाता फोटो पहचान पत्र के प्रति स्थापन, दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन करने एवं निवास स्थान परिवर्तन हो जाने के संबन्ध में फार्म-8 घोषणा पत्र के साथ बीएलओ के पास जमा कर सकते है। उन्होंने समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपेक्षा की कि अधिक से अधिक संख्या में फार्म-6,7 एवं फार्म-8 भरवाने हेतु नियुक्त बीएलए को निर्देशित करने का कष्ट करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में अधिक से अधिक युवा मतदाताओं के नाम सम्मिलित करने हेतु ECINET mobile app और htttp//voters.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने के लिए नागरिकों को व्यापक रूप से जागरूक किया जाए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी परमानन्द झा, जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत प्रजापति, कांग्रेस से राकेश सिंह डब्बू, सीपीआईएम के एस रघुवंशी, बीएसपी से चन्द्रेज भारती, आम आदमी पार्टी से सुबास, बीजेपी से स्कन्द पटेल, सुदर्शन सिंह, विजय कुमार पटेल, यादवेन्द्र प्रताप सिंह, सपा से हीरालाल विश्वकर्मा, अपना दल से जयप्रकाश पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नेता जी की जयंती पर प्रयास ने किया वस्त्र वितरण



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** आजादी के जननायक नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 129वीं जयंती प्रयास सामाजिक संगठन के बैनर तले नगर के बेलइसा मंडी पर विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम नेता जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करके उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा किया गया। इसके बाद जरूरतमंदों में वस्त्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह व संचालन आदित्य आजमी ने किया। आजमगढ़ मंडल अध्यक्ष राणा बलवीर सिंह ने कहाकि भारत की आजादी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लोग इन्हें प्यार से नेताजी भी कहकर पुकारते थे। 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस का जन्म ओडिशा के कटक में हुआ था। सुभाष चंद्र बोस को साहस, देश भक्ति और त्याग के मिसाल के तौर पर भी जाना जाता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने सिविल सेवा की परीक्षा पास कर ली थी लेकिन फिर भी इन्होंने अंग्रेजी सरकार के लिए काम करने से मना कर दिया था। उन्होंने अपने जीवन को आजादी की लड़ाई में न्यौछावर कर दिया। कोषाध्यक्ष शम्भु दयाल सोनकर ने कहा कि देश को आजाद हिन्द फौज की स्थापना नेताजी ने अंग्रेजो से देश को आजाद कराने के लिए किया था। उनके जीवन के आदर्श पाठ को पढ़कर आत्मसात कर नये भारत के सृजन में अपना योगदान देने की आवश्यकता है। उनके योगदान को देशवासी कभी भूला नहीं सकते। इस अवसर पर संजीव राय, इंजी सुनील यादव, अमित यादव, आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा के साथ सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** सिटी पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ज्ञान, विद्या और कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की भव्य पूजा-अर्चना विधि-विधान से संपन्न हुई। विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। विद्यालय के प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी पूजा ऊमरवैश्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजन कर आरती उतारी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने पीत वस्त्र धारण कर सामूहिक रूप से पूजा में भाग लिया तथा विश्व कल्याण एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी अवसर पर विद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनके आदर्श, साहस और देशभक्ति आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से नेताजी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

# महान भारतीय राष्ट्रवादी और स्वतंत्रता सेनानी थे नेता जी: कुन्दन

- नेता जी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर चर्चा कर ने दी श्रद्धाजंलि

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** नेहा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती नगर के सिविल लाइंन स्थित कार्यालय पर मनायी गयी। इस अवसर पर सर्वप्रथम नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि कवि एवं समाजसेवी पंडित सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस और उनकी सेना आजाद हिंद फौज का आजादी की लड़ाई में अविस्मरणीय योगदान है। वे भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे। अध्यक्षीय संबोधन में कवि और साहित्यकार संजय कुमार पांडेय सरस ने कहा कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा बुलंद कर नेताजी ने अंग्रेजी शासन को भयभीत कर दिया था, आजादी के महानायक के रूप में उनकी कीर्ति अमर है। संस्था के प्रबंधक रवि कुमार जायसवाल ने कहाकि नेताजी के विचार विश्वव्यापी थे। नेता जी एक महान भारतीय राष्ट्रवादी और स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने ÷तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा÷ और ÷दिल्ली चलो÷ जैसे नारों से देश को प्रेरित किया, आज़ाद हिंद फौज का गठन किया और अंग्रेजों से भारत की आजादी के लिए संघर्ष किया, जिससे वे 'नेताजी' के रूप में पूजनीय बन गए। अंत में दीपक जायसवाल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पुष्प अर्पित करने वालो में अशोक कुमार तिवारी, बृजेश विश्वकर्मा, पतिराम यादव, पतरू राम गुप्ता, दिनेश यादव, सुशील यादव, गोलू बरनवाल, संजय अग्रवाल, गुड्डू यादव, मनीष सिंह, आदि शामिल रहे।

# श्रृंगार महोत्सव के प्रथम दिन हजारों भक्तों ने माता रानी के दरबार में टेका मत्था

- वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन, पूजन, माता रानी के जयकारों से भक्तिमय हुआ वातावरण

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** मां शीतला चौकियां धाम में तीन दिवसीय श्रृंगार महोत्सव के प्रथम दिवस पर प्रातःकाल मन्दिर के कपाट खुलने के पश्चात माता रानी का भव्य श्रृंगार करके मन्दिर महंत विवेकानंद पंडा ने आरती पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन, पूजन, माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्तों की भारी भीड़ देर शाम तक माता रानी के दर्शन पूजन करने के लिये लगी रही। भक्तजन कतार में खड़े होकर माता रानी का दर्शन पूजन करते नज़र आये।

इसके पहले सुबह 8 बजे स्वामी चक्रपाणि महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू महासभा का आगमन शीतला चौकियां धाम में हुआ जहां मन्दिर के महंत विवेकानंद पंडा ने गाजे–बाजे के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। दर्शन पूजन कराने के उपरान्त भेंट स्वरूप अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। वहीं मंदिर में यज्ञाचार्य आचार्य अजय मिश्रा के साथ सहयोगी वेदपाठी आचार्य ब्राह्मण के नेतृत्व में मुख्य यजमान राजू त्रिपाठी समेत सहयोगी मन्दिर ब्राह्मण परिवार द्वारा आयोजित दुर्गा सप्तशती पाठ पूजन शुरू हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन पूजन से सारा वातावरण भक्तिमय बना रहा। वहीं मंदिर के अगल–बगल स्थित सत्य नारायण मंदिर, काल भैरवनाथ मन्दिर, काली माता मंदिर में भव्य श्रृंगार किया गया। दर्शनार्थी माता रानी के दर्शन पूजन करने के पश्चात सभी मंदिरों में दर्शन करते नज़र आये।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 18.02.2026 को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 06-Dy.CE-GSU-LKO-2025-26 दिनांक 22.01.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 05-DyCE-GSU-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत जौनपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, सुल्तानपुर, उन्नाव तथा अन्य स्टेशनों पर 17 अदद लिफ्टों का सिविल कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 240.70 लाख |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 2,70,400/- |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 03.02.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 18.02.2026 को 11:30 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 244/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सीतापुर/खीरी वृत्त, लो.नि.वि., सीतापुर**

पत्रांक- 342/352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/2025-26 दिनांक- 14.01.2026

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में सेतु कार्य हेतु स्तम्भ सं0-08 में वर्णित पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जनपद/विधान सभा/खण्ड का नाम | कार्य का नाम | निर्माण की लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सीतापुर/ महोली नि0खं0-4 | नेरी सिधौली महमूदाबाद मार्ग के कि0मी0-18 कठिना नदी पर निर्मित दीर्घ सेतु के मरम्मत का कार्य (सिविल कार्य)। | 57.00 | 4.85 | 2715.00 | 02 माह | 'ए','बी', 'सी' (सेतु कार्य में पंजीकृत) |
| 2 | सीतापुर/ महोली नि0खं0-4 | बरेली सीतापुर बाईपास (महोली) के कि0मी0-03 में स्थित चड़रा पुल एवं एप्रोच के सुरक्षा सम्बन्धी कार्य (सिविल कार्य)। | 44.00 | 4.20 | 2715.00 | 02 माह | 'ए','बी', 'सी' (सेतु कार्य में पंजीकृत) |
| 3 | सीतापुर/हरगॉव नि0खं0-4 | महोली हरगॉव लहरपुर भदफर मार्ग (एस0एच0-140) के कि0मी0-29 में सरायं नदी पर निर्मित दीर्घ सेतु के मरम्मत एवं एप्रोच प्रोटेक्शन का कार्य (सिविल कार्य)। | 94.00 | 6.70 | 2715.00 | 02 माह | 'ए','बी', 'सी' (सेतु कार्य में पंजीकृत) |
| 4 | सीतापुर/हरगॉव नि0खं0-4 | हरगांव दतेली पिपरझला मार्ग के कि0मी0-10 में सरायं नदी पर निर्मित दीर्घ सेतु के मरम्मत एवं एप्रोच प्रोटेक्शन का कार्य (सिविल कार्य)। | 95.00 | 6.75 | 2715.00 | 02 माह | 'ए','बी', 'सी' (सेतु कार्य में पंजीकृत) |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 27.01.2026 से 05.02.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 05.02.2026 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 05.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(इ. राघवेन्द्र सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-4, लो.नि.वि., सीतापुर

UPID-244419 Dated-22-01-2026
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(इ. सतीश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो.नि.वि., सीतापुर


# शादी समारोह से आभूषण चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** थाना मेहनाजपुर घटना का संक्षिप्त विवरण (पूर्व की घटना) दिनांक 21.01.2026 को आवेदक बलजीत यादव पुत्र अनेक सिंह यादव, निवासी ग्राम करेला, पोस्ट कैथल, थाना चंदौसी, जनपद संभल (उ0प्र0) द्वारा थाना मेहनाजपुर पर लिखित तहरीर दी गई कि वह अपने विवाह हेतु लड़की देखने के लिए अपने जीजा विजय पाल यादव पुत्र रामफल सिंह यादव, निवासी ग्राम नाधौंस, थाना बेहजोई, जनपद संभल के माध्यम से प्रयास कर रहा था। इसी क्रम में विजय पाल यादव द्वारा अपनी जान-पहचान के भूदेव कुशवाहा पुत्र रामप्रकाश, निवासी ग्राम हरितपुर खुसाल, थाना बेहजोई, जनपद संभल से संपर्क किया गया। भूदेव कुशवाहा द्वारा अपने परिचित हर्ष यादव पुत्र झारखंडे यादव, निवासी ग्राम मटियरा, थाना बलुआ, जनपद चंदौली से लड़की के संबंध में जानकारी ली गई। हर्ष यादव द्वारा अपने पड़ोसी विजय कुमार पुत्र बहादुर राम, निवासी ग्राम मटियरा, थाना बलुआ, जनपद चंदौली से संपर्क किया गया, जिन्होंने अनन्या कुमारी पुत्री रामराज, निवासी ग्राम छित्तूपुर, थाना लंका, जनपद वाराणसी (उम्र लगभग 19 वर्ष) का फोटो उपलब्ध कराया। फोटो पसंद आने पर गरीब लड़की होने का हवाला देते हुए खर्च के नाम पर 1,00,000/- देने तथा मां पल्हमेश्वरी देवी मंदिर, पल्हना में शादी करने की बात तय हुई। दिनांक 19.01.2026 को वादी अपने भाई किशन पाल यादव एवं जीजा विजय पाल यादव के साथ आजमगढ़ आया तथा पल्हना में रुका। उसी दिन मंदिर में विवाह संपन्न हुआ। रात्रि विश्राम की व्यवस्था न होने के कारण दोनों पक्ष ठहरने की व्यवस्था तलाशते हुए थाना मेहनाजपुर क्षेत्रान्तर्गत चकेरा परिसिनिया स्थित भोले बाबा मंदिर पहुंचे, जहाँ एक बड़े कमरे में दोनों पक्ष रात्रि में रुके। बातचीत के दौरान लड़की की उम्र 18 वर्ष से कम होने की जानकारी मिलने पर विवाद हुआ, जिसके बाद बातचीत बंद हो गई। सुबह जब वादी पक्ष जागा तो पाया कि लड़की पक्ष के लोग फरार हो चुके थे तथा उनका एक बैग, जिसमें 02 नई साड़ियाँ, कपड़े, 01 जोड़ी पायल, 02 जोड़ी बिछिया, चूड़ियाँ एवं 5000/- नगद था, चोरी कर ले गए। इस संबंध में थाना मेहनाजपुर पर मु0अ0सं0 005 /2026, धारा 305(1)/ 318 (4) बीएनएस, बाद में बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना उ0नि0 बेचू प्रसाद यादव द्वारा की जा रही थी। उ0नि0 बेचू प्रसाद यादव मय पुलिस टीम एवं म0हे0का0 अंजना राज के साथ मुखबिर सूचना पर जियापुर स्थित पानी टंकी के सामने रमेश सिंह के बंद होटल से एक साथ दबिश देकर तीनों वांछित अभियुक्तों/अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। हर्ष यादव पुत्र झारखंडे यादव, निवासी ग्राम मटियरा, थाना बलुआ, जनपद चंदौली (उम्र लगभग 17 वर्ष). विजय कुमार पुत्र बहादुर राम, निवासी ग्राम मटियरा, थाना बलुआ, जनपद चंदौली (उम्र लगभग 24 वर्ष) . चंदा देवी पत्नी जितेंद्र, निवासी ग्राम मटियरा, थाना बलुआ, जनपद चंदौली (उम्र लगभग 30 वर्ष) गिरफ्तारी का समय लगभग 12:20 बजे। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ व विवेचना में प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण द्वारा पूर्व नियोजित रूप से गरीब परिवार की लड़की का परिचय देकर मध्यस्थों के माध्यम से वादी से संपर्क किया जाता था तथा फोटो भेजकर विवाह तय कराया जाता था। विवाह के नाम पर खर्च हेतु नकद धनराशि प्राप्त कर मंदिर में शादी कराई जाती थी। रात्रि विश्राम के दौरान जानबूझकर विवाद उत्पन्न कर बातचीत बंद कर दी जाती थी।

## सांसद धर्मेन्द्र यादव का स्वागत समारोह आयोजित

**आजमगढ़।** सेन्ट्रल बार एसोसिएशन मण्डल आजमगढ़ के सभागार में सांसद धर्मेन्द्र यादव का स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष नागेन्द्र प्रसाद मौर्य एडवोकेट तथा संचालन मंत्री राना अजेय प्रताप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम शुभारम्भ माननीय सांसद धर्मेन्द्र यादव द्वारा माँ सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। सर्वप्रथम श्री कौशल कुमार राय जी द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात संघ की मांग सभागार के विस्तार हेतु सेन्ट्रल बार एसोसिएशन मण्डल आजमगढ़ के सदस्यों के आग्रह को सहर्ष स्वीकार करते हुए सांसद धर्मेन्द्र यादव द्वारा सभागार एवं पुस्तकालय के विस्तार हेतु घोषणा की गयी है। और यह कहा कि भविष्य में भी आपकी मांगों को पूरा करते रहेंगे।

## इंडस टावर्स के वृक्षारोपण और आजीविका प्रोग्राम ने उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में जलवायु संरक्षण एवं ग्रामीण समृद्धि को किया प्रोत्साहित

**कानपुर।** दुनिया की सबसे बड़ी टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में से एक, इंडस टावर्स लिमिटेड ने सस्टेनेबल ग्रीन इनिशिएटिव फाउंडेशन (एसजीआईएफ) के सहयोग से, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण के ज़रिए पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। अपने मुख्य सीएसआर प्रोग्राम 'प्रगति' के तहत, इंडस टावर्स ने छोटे और सीमांत किसानों की ज़मीनों पर 60,000 फल वाले पेड़ लगाने में मदद की है, जिससे पूर्वी उत्तर प्रदेश के इस संसाधन-संवेदनशील क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और आजीविका के सुधार में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।

इस पहल पर पर बात करते हुए तेजिन्दर कालरा, सीओओ, इंडस टावर्स लिमिटेड ने कहा, ''इंडस टावर्स में हमारा मानना है कि पर्यावरण की सुरक्षा और ग्रामीण प्रगति दोनों एक साथ जारी रहने चाहिए। सोनभद्र में हमारा वृक्षारोपण अभियान दर्शाता है कि वैज्ञानिक तरीकों से वृक्षारोपण, समुदाय के सहयोग और निरंतर क्षमता निर्माण के द्वारा पारिस्थितिक एवं आर्थिक दोनों स्तरों पर सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। छोटे एवं सीमांत किसानों को फल वाले पेड़ लगाने में सहयोग प्रदान कर, हम जलवायु संरक्षण में योगदान दे रहे हैं, साथ ही किसानों को भी गरिमा के साथ स्थायी आजीविका कमाने में सक्षम बना रहे हैं। देश भर में हमारे प्रयास हरित, सशक्त एवं अधिक प्रत्यास्थ समुदायों के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।''

यह प्रोग्राम भारत सरकार के नेशनल एक्शन प्लान ऑन क्लाइमेट चेंज और ग्रीन इंडिया मिशन के अनुरूप काम करते हुए, सुनिश्चित करता है कि वृक्षारोपण के प्रयास-जलवायु संरक्षण, जैव विविधता में सुधार तथा ग्रामीण स्थायित्व के राष्ट्रीय लक्ष्यों को समर्थन प्रदान करें। वृक्षारोपण के वैज्ञानिक तरीकों, फील्ड की सख्त निगरानी और समुदाय की भागीदारी के ज़रिए, यह पहल किसानों के खेतों को फल उगाने वाले बागानों में बदल देती है। इससे उन्हें न सिर्फ लम्बे समय के लिए आजीविका के स्रोत मिलते हैं, बल्कि जलवायु संरक्षण में भी सहयोग मिलता है। कुल मिलाकर ये प्रयास क्षेत्र में पर्यावरण के स्वास्थ्य में सुधार लाते हैं।

सोनभद्र में वृक्षारोपण अभियान के दौरान किसानों को बागवानी के बेहतर ज्ञान एवं खेती के पर्यावरण अनुकूल तरीकों के साथ सशक्त बनाने पर ज़ोर दिया गया। प्रशिक्षण सत्रों, फील्ड डेमोन्स्ट्रेशन तथा प्रासंगिक सरकारी विभागों के सहयोग से किसानों को मिट्टी की तैयारी, पौधों के पोषण, सिंचाई की योजना एवं बागान प्रबन्धन के बारे में मार्गदर्शन दिया गया।

## 2025 में विदेशी निवेश 73 प्रतिशत बढ़कर 47 अरब डॉलर

दुनियाभर में जारी आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़ी एक अच्छी खबर सामने आई है। विदेशी निवेश के मोर्चे पर भारत का प्रदर्शन मजबूत होने की खबर है। संयुक्त राष्ट्र की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई के प्रवाह में 73 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। यह उछाल ऐसे समय में आया है जब पड़ोसी देश चीन में लगातार तीसरे वर्ष विदेशी निवेश कम हुआ है।

गुरुवार को जारी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट ट्रेंड्स मॉनिटर के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में एफडीआई प्रवाह बढ़कर 47 बिलियन डॉलर (लगभग 3,900 करोड़ रुपये) हो गया है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि इस वृद्धि का मुख्य कारण भारत के सेवा क्षेत्र और विनिर्माण क्षेत्र के निवेश में आया बड़ा उछाल है।

रिपोर्ट में वित्त, सूचना प्रौद्योगिकी और अनुसंधान व विकास से जुड़े क्षेत्रों को प्रमुख आकर्षण के केंद्र के रूप में पहचाना गया है। इसके अलावा, भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ जोड़ने के मकसद से बनाई गई नीतियों ने भी विनिर्माण क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**रिपोर्ट में चीन और अमेरिका के बारे में क्या?**

रिपोर्ट के अनुसार, जहां प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में भारत ने लंबी छलांग लगाई है, वहीं चीन के लिए आंकड़े निराशाजनक रहे। चीन में एफडीआई प्रवाह लगातार तीसरे वर्ष गिरते हुए आठ प्रतिशत कम होकर अनुमानित 107.5 बिलियन डॉलर रह गया।

वैश्विक स्तर पर एफडीआई के आंकड़ों के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं-

वैश्विक वृद्धि: 2025 में वैश्विक एफडीआई 14 प्रतिशत बढ़कर अनुमानित 1.6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया।

अमेरिका शीर्ष परः संयुक्त राज्य अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा एफडीआई प्राप्तकर्ता बना रहा, यहां एफडीआई में दो प्रतिशत का इजाफा हुआ।

## सैमसंग ने सैमसंग हेल्थ ऐप पर 'फिट इंडिया वॉक-ए-थॉन 26' की घोषणा की



**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज सैमसंग हेल्थ ऐप पर फिट इंडिया वॉक-ए-थॉन'26 की घोषणा की। यह स्टेप-काउंट चैलेंज लोगों को रोज़मर्रा की गतिविधियों के ज़रिए बेहतर स्वास्थ्य अपनाने के लिए प्रेरित करता है। यह गणतंत्र दिवस के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य का संकल्प लेने वाले भारत के यूज़र्स के लिए उपलब्ध होगा। इस चैलेंज के लिए रजिस्ट्रेशन 22 जनवरी, 2026 से सैमसंग हेल्थ ऐप पर शुरू होंगे, जबकि चैलेंज 26 जनवरी से 24 फरवरी, 2026 तक चलेगा। इसमें भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को 30 दिनों की अवधि में 2,00,000 कदम पूरे करने होंगे। चैलेंज के दौरान यूजर्स अपने कदमों की गिनती ट्रैक कर सकेंगे। इसके साथ ही एक लीडरबोर्ड की सुविधा भी होगी, जिससे प्रतिभागी अपनी प्रगति देख सकेंगे और अन्य प्रतिभागियों के साथ अपनी स्थिति की तुलना कर पाएंगे। जो प्रतिभागी 2,00,000 कदमों का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा करेंगे, वे लकी ड्रॉ में शामिल होंगे। चैलेंज पूरा होने पर उन्हें सैमसंग मेंबर्स ऐप के बेनिफिट्स सेक्शन में एक स्क्रैच कार्ड मिलेगा।

## ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर अनधिकृत कीटनाशकों की बिक्री पर क्रॉपलाइफ इंडिया की चिंता




**लखनऊ।** क्रॉपलाइफ इंडिया, 17 अनुसंधान एवं विकास आधारित फसल संरक्षण कंपनियों का संगठन, ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर अनधिकृत फसल संरक्षण उत्पादों की बिक्री को लेकर गंभीर चिंता जताई है। संगठन ने कहा कि ऑनलाइन कीटनाशक बिक्री में नियामक निगरानी, नियमों का पालन और जवाबदेही को तत्काल मजबूत करने की जरूरत है। क्रॉपलाइफ इंडिया ने यह भी कहा कि जब सरकार ड्राफ्ट पेस्टीसाइड्स मैनेजमेंट बिल, 2025 के तहत कीटनाशक कानूनों की समीक्षा कर रही है, तब ऑनलाइन बिक्री से जुड़े नए जोखिमों को स्पष्ट रूप से शामिल किया जाना चाहिए। यह मुद्दा नई दिल्ली में आयोजित क्रॉपलाइफ इंडिया के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर फसल संरक्षण उत्पादों की बिक्री विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन में उठाया गया। सम्मेलन में नीति-निर्माता, नियामक, उद्योग प्रतिनिधि और अन्य हितधारक शामिल हुए। चर्चा इस बात पर केंद्रित रही कि कृषि-इनपुट्स की बिक्री तेजी से ऑनलाइन हो रही है और किसानों तथा आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा के लिए क्या नियम जरूरी हैं।

## आइडब्ल्यूडीसी 3.0 ने 1,500 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी



**कोच्चि।** अंतर्देशीय जलमार्ग विकास परिषद (आईडब्ल्यूडीसी 3.0) की तीसरी बैठक भारत के अंतर्देशीय जल परिवहन नेटवर्क के विस्तार, प्रमुख अवसंरचना निवेशों को मंजूरी देने और देश की नदियों की पूरी आर्थिक क्षमता को उजागर करने के लिए केंद्र-राज्य समन्वय को मजबूत करने के लिए एक व्यापक रोडमैप के साथ संपन्न हुई। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सरबानंदा सोनोवाल की अध्यक्षता में हुई इस पूर्ण दिवसीय बैठक में हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री; बिहार सरकार के परिवहन मंत्री श्रवण कुमार; नागालैंड सरकार के विद्युत और संसदीय कार्य मंत्री के. जी. केन्ये; अरुणाचल प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री ओजिंग तासिंग; और पंजाब सरकार के जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल; उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी उपस्थित थे। यह बैठक सतत और कुशल लॉजिस्टिक के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में अंतर्देशीय जल परिवहन को मजबूत करने की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई। आईडब्ल्यूडीसी 3.0 ने हरित परिवहन को गति देने, बहुआयामी लॉजिस्टिक्स को मजबूत करने और नदी आधारित आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1,500 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की पहचान की।

## वाराणसी में सौर ऊर्जा क्रांतिः पनियारा बनेगा क्षेत्र का पहला मॉडल सोलर विलेज, रिन्यू और जिला प्रशासन के बीच हुआ समझौता



**वाराणसी।** ग्रामीण भारत में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, भारत की अग्रणी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी रिन्यू ने वाराणसी जिला प्रशासन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य आराजीलाइन ब्लॉक के पनियारा गाँव को क्षेत्र के पहले मॉडल सोलर विलेज के रूप में विकसित करना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने इस पहल की सराहना की और इसे प्रधानमंत्री के पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के विजन के अनुरूप बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह परियोजना न केवल पनियारा बल्कि पूरे जिले के लिए एक मिसाल बनेगी। रिन्यू की सह-संस्थापक और चेयरपर्सन (सस्टेनेबिलिटी), वैशाली निगम सिन्हा ने कहा रिन्यू में हमारा दृढ़ विश्वास है कि भारत का ऊर्जा परिवर्तन समावेशी, न्यायसंगत और सामुदायिक सशक्तिकरण पर आधारित होना चाहिए। पनियारा को एक मॉडल सौर गांव के रूप में विकसित करने का हमारा कार्य पीएम सूर्य घर मॉडल सोलर विलेज पहल के दृष्टिकोण से पूरी तरह मेल खाता है, जो घरों और गांवों को भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा के केंद्र में रखता है। ऊर्जा लागत को कम करके, स्थानीय भागीदारी को सक्षम बनाकर, और विश्वसनीय सौर ऊर्जा तक पहुंच के माध्यम से आजीविका को मजबूत करके, हम राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को जमीनी स्तर पर ठोस परिणामों में बदलने में मदद कर रहे हैं। अपने लाइटिंग लाइव्स कार्यक्रम के माध्यम से, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि स्वच्छ ऊर्जा केवल एक तकनीकी बदलाव न रहे, बल्कि ग्रामीण भारत में स्थायी सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का एक उत्प्रेरक बने।

## रणबीर कपूर बने पीएनजी ज्वेलर्स के नए ब्रांड एंबेसडर



**अयोध्या।** वर्ष 1832 से चली रही विरासत और भारत के सबसे प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांड्स में से एक, पीएनजी ज्वेलर्स ने बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है ।परंपरा, विश्वासार्हता और आधुनिक आकर्षण के साथ रणबीर कपूर पीएनजी ज्वेलर्स की सफर में एक रोमांचक नया अध्याय जोड़ते हैं क्योंकि ब्रांड अपनी राष्ट्रीयमौजूदगी को और मजबूत कर रहा है ।इस साझेदारी को लेकर अपनी खुशी और इसके ब्रांड पर दूरगामी प्रभाव को साझा करते हुए पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष और व्यवस्थापकीय संचालक डॉ. सौरभ गाडगीळ ने कहा, रणबीर कपूर विरासत और आधुनिक आकांक्षाओं का एक आदर्श संतुलन प्रस्तुत करते हैं । जिस तरह पीएनजी ज्वेलर्स दशकों में अपने मूल्यों से जुड़े रहते हुए विकसित हुआ है, उसी तरह रणबीर ने भी अपनी प्रामाणिकता और प्रासंगिकता के साथ एक प्रतिष्ठित विरासत को आगे बढ़ाया है । यह साझेदारी केवल पब्लिसिटी तक सीमित नहीं है, बल्कि साझा मूल्यों और भविष्य की एक समान दृष्टि का प्रतिबिंब है।

## फॉक्सवैगन ने भारत में शुरू की टायरॉन आर लाइन की असेंबली




**नई दिल्ली।** फॉक्सवैगन इंडिया ने भारत में टायरॉन आर-लाइन के स्थानीय असेंबली उत्पादन की शुरुआत के साथ एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर स्थित प्लांट में असेंबल की जा रही टायरॉन आर-लाइन, ब्रांड की वर्ष 2026 की पहली तिमाही में लॉन्च योजना के अनुरूप प्रोडक्शन लाइन से निकलना शुरू हो गई है इस अवसर पर बोलते हुए, श्री पियूष अरोड़ा, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया, ने कहा हमारे छत्रपति संभाजी नगर प्लांट में एक और विश्व-स्तरीय मॉडल टायरॉन आर-लाइन के उत्पादन की शुरुआत, फॉक्सवैगन इंडिया के एसयूवी पोर्टफोलियो के लिए एक रणनीतिक कदम है। यह उपलब्धि ग्राहकों को हमारे इंजीनियरिंग प्रयासों के केंद्र में रखने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिससे हर पहलू हमारे ग्राहकों की जीवनशैली और आकांक्षाओं के अनुरूप हो। हमारा उद्देश्य प्रीमियम एसयूवी ग्राहकों के लिए एक विशिष्ट विकल्प प्रस्तुत करना है, साथ ही भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार की बदलती अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए हमारी परिचालन क्षमता और तत्परता को और सुदृढ़ करना है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, श्री नितिन कोहली, ब्रांड डायरेक्टर, फॉक्सवैगन पैसेंजर कार्स इंडिया, ने कहा हमें विश्वास है कि भारत में प्रीमियम जर्मन-इंजीनियर्ड कारों की मजबूत मांग है और हमारी योजना इन कारों को ग्राहकों के लिए और अधिक सुलभ बनाना है। टायरॉन आर-लाइन आज छत्रपति संभाजी नगर प्लांट में उत्पादन लाइन से उतरी है, वह भी इसके वैश्विक लॉन्च के एक वर्ष से भी कम समय में और यही भारत में विकास को गति देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## 686 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्राइज पूल के साथ ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप 2026 का गेम लाइनअप और शेड्यूल घोषित




**लखनऊ।** ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप फाउंडेशन ने आज ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप 2026 के लिए 686 करोड़ रुपए से ज्यादा के कुल प्राइज पूल के साथ पूरा गेम लाइनअप और शेड्यूल घोषित किया। दुनिया का सबसे बडा ईस्पोर्ट्स इवेंट 6 जुलाई से 23 अगस्त 2026 तक सऊदी अरब की राजधानी रियाध में आयोजित होगा। इस दौरान 100 से अधिक देशों के 2,000 से ज्यादा खिलाड़ी और 200 क्लब्स, 24 अलग अलग गेम्स में 25 टूर्नामेंट्स के जरिए सात हफ्तों तक मुकाबला करेंगे। इन मुकाबलों के बाद अगले ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप क्लब चैंपियन का फैसला होगा।

रिकॉर्ड तोड प्राइज पूल ईडब्ल्यूसी के एक प्रीमियम स्पोर्टिंग इवेंट के रूप में लगातार विकसित होने को दर्शाता है और यह ग्लोबल ईस्पोर्ट्स इकोसिस्टम में मल्टी टाइटल प्रतियोगिता का प्रमुख मंच बन चुका है। तीसरे साल भी क्रॉस गेम फॉर्मेट में आयोजित होने वाला ईडब्ल्यूसी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों, क्लब्स, गेम्स और फैंस को एक साझा कैलेंडर के तहत जोड़ता है, जो ग्लोबल ईस्पोर्ट्स सीजन की रफ्तार तय करता है।

ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप फाउंडेशन के सीईओ राल्फ राइशर्ट ने कहा, यह लाइफ चेंजिंग प्राइज पूल ईस्पोर्ट्स के केंद्र में मौजूद लोगों, यानी खिलाड़ियों और उन क्लब्स के लिए है, जो साल दर साल उनमें निवेश करते हैं। ईडब्ल्यूसी इसलिए अलग है क्योंकि यहां क्लब चैंपियनशिप होती है। एक टाइटल एक विजेता तय करता है, जबकि ईडब्ल्यूसी सभी गेम्स में परफॉर्म करने वाले अल्टीमेट क्लब चैंपियन को चुनता है।

2026 में ईडब्ल्यूसी क्लब चैंपियनशिप, जो ईडब्ल्यूसी की प्रमुख क्रॉस गेम प्रतियोगिता है, टॉप 24 क्लब्स को 30 मिलियन डॉलर 274 करोड़ रुपए का इनाम देगी। यह पिछले साल की तुलना में 27.48 करोड़ रुपए ज्यादा है। विजेता क्लब को 64 करोड़ रुपए मिलेंगे, जबकि बाकी टॉप पोजिशन पर रहने वाले क्लब्स के लिए भी इनामी राशि बढाई गई है।

## मोटोरोला ने मोटोरोला सिग्नेचर के साथ भारत में फ्लैगशिप सेगमेंट को अपग्रेड किया

**नई दिल्ली।** मोटोरोला, मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में ग्लोबल लीडर तथा भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड, ने आज भारत में मोटोरोला सिग्नेचर को लॉन्च किया है। यह अल्ट्रा-प्रीमियम फ्लैगशिप स्मार्टफोन बेहद लग्ज़री है, और अपने सेगमेंट में एक नया बेंचमार्क स्थापित करता है। इसे उन उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किया गया है जो बेजोड़ उत्कृष्टता चाहते हैं, सिग्नेचर फ्लैगशिप अनुभव को दुनिया के पहले कैमरा इनोवेशन, शानदार लग्जरी क्राफ्टमैनशिप, नेक्स्ट-जेनरेशन परफॉर्मेंस और क्यूरेटेड लाइफस्टाइल प्रिविलेज के साथ फिर से परिभाषित करता है। इस प्रीमियम इकोसिस्टम को और मजबूत करते हुए, मोटोरोला ने मोटो वॉच पावर्ड बाय पोलर भी लॉन्च की है, जो टाइमलेस वॉच डिजाइन में सेगमेंट-अग्रणी वेलनेस ट्रैकिंग देती है। मोटोरोला सिग्नेचर में दुनिया का एकमात्र ट्रिपल सोनी लिटिया प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम है, जिसे डीएक्सोमार्क गोल्ड लेबल सर्टिफिकेशन की मान्यता मिली है और वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में यह असाधारण फोटो और वीडियो परफॉर्मेंस देता है। डीएक्सोमार्क के कैमरा परफॉर्मेंस



इंडेक्स पर 164 के कैमरा स्कोर के साथ, मोटोरोला सिग्नेचर 100,000 रुपये के सेगमेंट में भारत का नंबर 1 कैमरा फोन बन गया है। सिस्टम के केंद्र में 50एमपी सोनी लिटिया 828 मेन कैमरा है, जो अब तक का सबसे बड़ा 50एमपी सेंसर है। यह सिनेमैटिक इमेजिंग देता है, जिसमें डॉल्बी विजनो वीडियो रिकॉर्डिंग 8के और 4के में 60एफपीएस तक, क्वाड पिक्सल टेक्नोलॉजी, एडवांस्ड नॉइज रिडक्शन और 3.5 डिग्री ऑप्टिकल इमेज स्टेबलाइजेशन शामिल है, जो किसी भी तरह की रौशनी में बेहद सटीक परिणाम देता है। इसमें 50एमपी सोनी लिटिया 600 पेरिस्कोप कैमरा भी दिया गया है, जिसमें 3एक्स ऑप्टिकल जूम, ओआईएस और 100 एक्स तक सुपर जूम प्रो है।

साथ ही 50एमपी अल्ट्रा-वाइड प्लस मैक्रो विजन कैमरा 122 डिग्री फील्ड ऑफ व्यू और क्लोज-फोकस मैक्रो कैपेबिलिटी के साथ आता है। 50एमपी सोनी लिटिया 500 फ्रंट कैमरा 4के वीडियो 60चि पर सपोर्ट करता है। पूरे कैमरा सिस्टम को पैंटोन वैलिडेटेड कलर और स्किनटोन कैलिब्रेशन तथा मल्टीस्पेक्ट्रल 3-इन-1 लाइट सेंसर से और बेहतर बनाया गया है, जो सटीक एक्सपोजर, व्हाइट बैलेंस और शानदार कलर रिप्रोडक्शन के लिए है। इमेजिंग अनुभव को पावर देने वाला मोटो एआई और गूगल एआई फीचर्स का एक एडवांस्ड सूट है, जो प्रोफेशनल फोटोग्राफी को आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। एआई सिग्नेचर स्टाइल सीन के आधार पर इंटेलिजेंटली कलर, कंट्रास्ट और टोन को अपनाता है, जबकि एआई एक्शन शॉट हाई-मोशन मोमेंट्स को एन्हांस्ड शटर स्पीड और क्लैरिटी के साथ फ्रीज करता है। एआई ग्रुप शॉट मल्टीपल फ्रेम्स को मर्ज करके हर चेहरे को शार्प बनाता है, बंद आंखों को खत्म करता है, और एआई ऑटो स्माइल कैप्चर परफेक्ट मोमेंट को ऑटोमैटिक तरीके से कैप्चर करता है। एआई फोटो एन्हांसमेंट इंजन, एआई एडाप्टिव स्टेबलाइजेशन और एआई कलर ऑप्टिमाइजेशन रियल टाइम में डिटेल, डायनामिक रेंज और नेचुरल स्किन टोन्स को रिफाइन करते हैं, जबकि गूगल फोटोज एआई टूल्स जैसे एआई मैजिक एडिटर, एआई मैजिक इरेज़र, एआई फोटो अनब्लर, फोटो टू वीडियो और सिनेमैटिक फोटोज कैप्चर के बाद दमादार एडिटिंग, ऑर्गनाइजेशन और स्टोरीटेलिंग को सक्षम बनाते हैं। कारीगरी और खूबसूरती पर बेजोड़ फोकस के साथ डिजाइन किया गया, मोटोरोला सिग्नेचर ब्रश्ड एयरक्राफ्ट-ग्रेड एल्यूमिनियम और रिच फैब्रिक-इंस्पायर्ड फिनिशेस से बनी एक लग्जरी, परिष्कृत, अल्ट्रा-थिन डिजाइन पेश करता है।

## दुनियाभर के अस्थिर माहौल में मजबूत घरेलू फंडामेंटल्स भारतीय बाजारों को सहारा देंगेः पीएल वेल्थ मैनेजमेंट



**लखनऊ।** पीएल वेल्थ ने अपनी ताज़ा रिपोर्ट मार्केट आउटलुक जनवरी 2026 में कहा है कि भारत 2026 में दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कहीं अधिक मज़बूत स्थिति में है। जहाँ वैश्विक बाजार धीमी ग्रोथ, नीतियों की अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनावों से जूझ रहे हैं, वहीं भारत का नज़रिया भरोसेमंद बना हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू खपत, सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे पर लगातार खर्च और कंपनियों की मज़बूत वित्तीय स्थिति बाजार को स्थिरता प्रदान करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 भारतीय शेयर बाजार के लिए 'ठहराव' का साल रहा। जहाँ वैश्विक बाजारों ने अच्छा मुनाफा कमाया, वहीं भारतीय बाजार थोड़े पीछे रहे क्योंकि यहाँ वैल्यूएशन सामान्य हुई और विदेशी निवेशक लगातार बिकवाली करते रहे। इसके विपरीत, घरेलू संस्थागत निवेशकों का भरोसा बना रहा और एसआईपी के ज़रिये आने वाले निवेश ने बाजार को बड़ी गिरावट से बचाए रखा। पीएल वेल्थ मैनेजमेंट के सीईओ इंदरबीर सिंह जॉली ने कहा भारत 2026 में मज़बूत ग्रोथ और कम महंगाई के एक बेहतरीन तालमेल के साथ कदम रख रहा है। हालांकि वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण थोड़े समय के लिए उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, लेकिन भारत में लंबी अवधि का निवेश बेहद आकर्षक है। ऐसे में निवेशकों को धैर्य और अनुशासन के साथ अच्छी क्वालिटी के शेयरों पर ध्यान देना चाहिए। वैश्विक स्तर पर, 2026 में आर्थिक वृद्धि मध्यम लेकिन असमान रहने की उम्मीद है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी बनी रहेगी, जिसमें जीडीपी वृद्धि और धीमी होने की उम्मीद है क्योंकि वित्तीय स्थितियां काफी सख्त बनी हुई हैं। अमेरिका में मुद्रास्फीति लगभग 3प्रतिशत तक कम हो गई है, लेकिन लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है।

## प्रेस्टीज ने हेल्दी कुकिंग के लिए 'कास्टलाइट' लाइट वेट कास्ट आयरन कुकवेयर रेंज लॉन्च की



**नई दिल्ली।** किचन अप्लायंसेज़ के अग्रणी ब्रांड प्रेस्टीज ने अपनी नई और इनोवेटिव कुकवेयर रेंज 'कास्टलाइट लाइट वेट कास्ट आयरन' लॉन्च की है। ÷कुक स्ट्रॉन्ग. स्टे लाइट. फॉर हेल्थफुल कुकिंग' की थीम पर आधारित यह रेंज कास्ट आयरन की मजबूती और बेहतरीन परफॉर्मेंस को आधुनिक फीचर्स के साथ जोड़ती है, जिससे रोज़मर्रा की कुकिंग और भी आसान और स्वास्थ्यवर्धक बनती है। कास्टलाइट रेंज को 15 साल की वारंटी और कई प्रमुख खूबियों के साथ पेश किया गया है। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह हल्का और जंगरोधी रहे और इसे साफ करना बेहद आसान हो। इसमें हाई हीट रिटेंशन की सुविधा दी गई है, जिससे खाना समान रूप से पकता है। साथ ही, इसके स्टे-कूल हैंडल्स इसे इस्तेमाल के दौरान सुरक्षित बनाते हैं। यह रेंज हेल्दी कुकिंग में भी मददगार है क्योंकि इसमें कम तेल में खाना बनाया जा सकता है और यह हर तरह के व्यंजन पकाने के लिए उपयुक्त है। इस कुकवेयर रेंज का इस्तेमाल गैस, रेडिएंट रिंग, सॉलिड प्लेट, इंडक्शन और सिरेमिक कुकटॉप्स के साथ किया जा सकता है। कीमतें इस प्रकार हैं÷पैटर्न्ड इनैमल कोटेड रेंज में फ्राइ पैन 3,595 रूपये (20 सेमी) और 4,065 रूपये (24 सेमी) में उपलब्ध हैं, जबकि कढ़ाही 3,935 रूपये (20 सेमी) और 4,395 रूपये (24 सेमी) में मिलेंगी। इनैमल कोटेड रेंज में ओम्नी तवा 28 सेमी की कीमत 3,095 रूपये और कॉन्केव तवा 25 सेमी की कीमत 2,695 रूपये है। इस रेंज में फ्राइ पैन 3,595 रूपये (20 सेमी) और 4,065 रूपये (24 सेमी), जबकि कढ़ाही 3,935 रूपये (20 सेमी) और 4,395 रूपये (24 सेमी) में उपलब्ध हैं। नाइट्राइड लाइट वेट कास्ट आयरन रेंज में फ्राइ पैन 3,465 रूपये (20 सेमी) और 3,945 रूपये (24 सेमी) में, जबकि कढ़ाही 3,795 रूपये (20 सेमी) और 4,295 रूपये (24 सेमी) में उपलब्ध हैं।

टीटीके प्रेस्टीज लिमिटेड, टीटीके ग्रुप का हिस्सा है। पिछले छह दशकों में टीटीके प्रेस्टीज लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी रसोईघर उपकरण कंपनी के तौर पर उभरी है और देश की गृहिणियों की जरूरतों को पूरा कर रही है। प्रेस्टीज ब्राण्ड का हर उत्पाद सुरक्षा, नवाचार, टिकाऊपन और विश्वास के स्तंभों पर बना है और इस ब्राण्ड को लाखों घरों की पहली पसंद बनाता है।

## श्री शिशिर बजाज और बजाज समूह परिवार ने एआई वीडियो के माध्यम से श्री कमलनयन बजाज की श्रद्धांजलि अर्पित की



**नई दिल्ली।** श्री कमलनयन बजाज की 111वीं जयंती के अवसर पर, श्री शिशिर बजाज के नेतृत्व में बजाज परिवार ने एक विशेष एआईनिर्मित श्रद्धांजलि वीडियो जारी किया, जो उस महान व्यक्तित्व के असाधारण जीवन और युग को जीवंत करता है, जिन्होंने बजाज समूह की सच्ची उद्यमशील नींव रखी और भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर बजाज फाउंडेशन के चेयरमैन श्री शिशिर बजाज ने कहा मेरे पिता का मानना था कि जो हम बनाते हैं वह टिकाऊ होना चाहिए, और जो टिकाऊ हो, उसे समाज की सेवा करनी चाहिए। यह स्मृतिवीडियो कमलनयन बजाज की उस यात्रा को दर्शाता है जिसमें वे महात्मा गांधी से प्रेरित एक युवा स्वतंत्रता सेनानी से एक दूरदर्शी उद्योगपति और राष्ट्रनिर्माता बने। वे मानते थे कि व्यवसाय केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र की सेवा करने का एक देशभक्ति कर्तव्य है। 23 जनवरी 1915 को जमनालाल बजाज और जानकीदेवी बजाज के घर जन्मे कमलनयन बजाज तीन महान व्यक्तित्वों के नैतिक प्रभाव में पले-बढ़े अपने पिता जमनालाल बजाज, अपने मार्गदर्शक महात्मा गांधी और अपने गुरु आचार्य विनोबा भावे। जीवन में प्रवेश करते समय ही उनके मूल्य स्पष्ट थे। मात्र 15 वर्ष की आयु में उन्होंने दांडी मार्च में भाग लिया और स्वदेशी व खादी आंदोलनों के प्रारंभिक समर्थक बने।

## बॉलीवुड के ये 5 सितारे हैं कॉमेडी के बेताज बादशाह




**मुंबई।** बॉलीवुड में कॉमेडी का मतलब सिर्फ पंचलाइन या जबरदस्त हंसी वाले गैग्स नहीं है, बल्कि इसके लिए सही टाइमिंग, अभिनय में ठहराव और अफरा-तफरी भरे माहौल को भी मनोरंजन में बदलने का हुनर बेहद ज़रूरी है। कॉमेडी के असली बादशाह वही कलाकार हैं, जो अपने किरदार को बखूबी समझते हुए तालमेल के साथ अभिनय करते हैं, और बेतुकी बातों को भी यकीन दिलाने वाले अंदाज़ में कह जाते हैं। ज़ी5 पर मस्ती 4 की रिलीज के साथ ही हिंदी सिनेमा के दिग्गज कॉमेडी कलाकार एक बार फिर से साथ नजर आने वाले हैं, तो आइए उन 5 अभिनेताओं के बारे में जानें, जिन्होंने हमेशा इस जॉनर पर राज किया और पर्दे पर भारतीय दर्शकों के लिए कॉमेडी के मायने भी बदल दिए।

सिचुएशनल कॉमेडी की बात की जाए, तो इसमें बहुत ही कम अभिनेताओं ने रितेश देशमुख की तरह महारत हासिल की है। कमाल की टाइमिंग और चेहरे के हाव-भाव के अलावा उलझन, मासूमियत और हंगामे वाले किरदारों को बखूबी पर्दे पर उतारना ही उनके अभिनय की सबसे बड़ी खासियत है। बीते कुछ सालों में, और खासकर मस्ती फ्रैंचाइज़ी के बाद से तो रितेश स्मार्ट और बेहतरीन किरदारों के जरिए दर्शकों को हंसाने के लिए जाने जाते हैं। मस्ती 4 में उन्होंने एक बार फिर से साबित कर दिया कि वह बॉलीवुड में कॉमेडी के सबसे भरोसेमंद कलाकार क्यों हैं– वे फिल्म के पागलपन भरे माहौल को बड़ी बारीकी से संभालते हैं और अजीबोगरीब अंदाज़ वाले सीन को भी बिल्कुल सहज बना देते हैं। अगर कॉमेडी का कोई सिलेबस होता, तो अक्षय कुमार उसमें एक पूरा अध्याय होते। हेरा फेरी, गरम मसाला, भूल भुलैया जैसी यादगार फिल्मों में उनके डायलॉग तो आज भी लोगों की ज़ुबान पर हैं। उनकी खूबी क्या है लाजवाब टाइमिंग। अभिनय की बारीकी। पागलपन भरा अंदाज़। चाहे वे उलझन में हों, डरे हुए हों या अफ़रा-तफ़री में झूठ बोल रहे हों, अक्षय घबराहट वाले ऐसे दृश्यों में भी हंसाने का हुनर बखूबी जानते हैं।

कुणाल खेमू किसी जबरदस्त किरदार के बिना भी अभिनय से दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचने में माहिर हैं। गोलमाल का गोटी तो याद ही होगा? या गो गोवा गॉन का वो नशे में धुत जीनियस? बिल्कुल। वह अपने अभिनय में मासूमियत, बेवकूफी और हैरानी की ऐसी शानदार जुगलबंदी पेश करते हैं, जो तब सामने आता है जब दर्शकों को इसकी बिल्कुल उम्मीद नहीं होती। वह ऐसे कलाकार हैं, जो बस एक लाइन बोलकर भी पूरा सीन अपने नाम कर लेते हैं।

# बसंत पंचमी के अवसर पर शिक्षण संस्थानों में पूजी गई विद्या की देवी मां सरस्वती

**बसंत ऋतु का हुआ आगाज**

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को शिक्षण संस्थानों में कलम की देवी मां सरस्वती का पूजन अर्चन के साथ ही वसंत का आगमन हो गया है। ज्ञान एवं विद्या की देवी मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई तथा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बसंत के आगमन के उल्लास को व्यक्त किया गया।

कप्तानगंज स्थित जेपी इंटर कालेज में विधायक विनय प्रकाश व प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती पूजन किया गया। इसी प्रकार नगर पंचायत मथौली स्थित श्री मुरलीधर भागवत लाल पीजी कालेज में प्राचार्य डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव, राधिका देवी इंटर कालेज में प्रबंधक नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, किसान इंटर कालेज में प्रधानाचार्य रामप्रीत यादव, पीजी स्कूल में प्रधानाचार्य संगीता सिंह, झांगा बाजार स्थित केदार नाथ ओझा इंटर कालेज में प्रबंधक प्रमोद ओझा, एम के पब्लिक स्कूल लक्ष्मीपुर में प्रबंधक मेहदी हसन सहित समस्त शिक्षण संस्थानों में विद्यालय परिवार एवं सीमित संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में विधि विधान से पूजन हवन संपन्न हुआ। तत्पश्चात मिष्ठान तथा प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही अबीर, गुलाल लगाकर सभी ने एक दूसरे को ऋतुराज बसंत के आगमन की बधाई भी दिया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।



जेपी कॉलेज में सरस्वती पूजन करते रामकोला विधायक विनय प्रकाश व अन्य

## स्कूलों में बसन्त पंचमी पर्व पर पूजी गई ज्ञान की देवी

**बोदरवार, कुशीनगर।** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर स्कूलों में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना किया गया और प्रसाद बांटा गया। इसी क्रम में एमडी इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर अखिलेश पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर वैदिक रीति रिवाज से पूरे स्टाफ के साथ पूजा अर्चना किया और साथ प्रसाद भी वितरित किया गया। एस आर चिल्ड्रेन्स एकेडमी के प्रबन्धक राजकुमार पाण्डेय व अनिमेष कुमार पांडेय ने शारदा मां के चित्र पर माल्यार्पण कर मां की आरती उतारी और भोग लगाकर प्रसाद बांटें।

## कृषि यंत्रों की ई-लॉटरी जनपद स्तर पर संपन्न

**अमेठी।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू (सीआरएम) योजनान्तर्गत कृषि यंत्रों की ई-लॉटरी प्रक्रिया जनपद स्तर पर संपन्न कराई गई। ई-लॉटरी जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गठित कार्यकारी समिति की उपस्थिति में पारदर्शी ढंग से कराई गई। ई-लॉटरी के अंतर्गत जनपद में विभिन्न कृषि यंत्रों हेतु प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष लक्ष्यानुसार चयन किया गया। ऑयल मिल विद फिल्टर प्रेस हेतु 02 लक्ष्य के सापेक्ष 06 कृषकों द्वारा आवेदन, कम्बाइन हार्वेस्टर (ट्रैक्टर ऑपरेटेड) 02 लक्ष्य के सापेक्ष 08 कृषकों द्वारा, पावर चेफ कटर 02 लक्ष्य के सापेक्ष 05 कृषकों द्वारा, मल्टीक्रॉप थ्रेसर 02 लक्ष्य के सापेक्ष 04 कृषकों द्वारा, हैरो 01 लक्ष्य के सापेक्ष 02 आवेदन तथा सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कंबाइंडर 01 लक्ष्य के सापेक्ष 02 कृषकों द्वारा आवेदन किया गया था। लक्ष्यानुसार पात्र कृषकों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया।

# द नालंदा इंटरनेशनल स्कूल में बास्केटबॉल कोर्ट का भव्य उद्घाटन

**एमएलसी व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह ने किया शुभारंभ**

**अवधनामा संवाददाता**



**मथौली, कुशीनगर।** बसंत पंचमी के अवसर पर द नालंदा इंटरनेशनल स्कूल मथौली के नवनिर्मित बास्केटबॉल कोर्ट (मिड-कोर्ट) का विधिवत पूजन के बाद एमएलसी व भाजपा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, खेल और अनुशासन के समन्वय को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरपर्सन प्रदीप श्रीवास्तव एवं श्रीमती रागिनी श्रीवास्तव ने की। इस मौके पर बास्केटबाल प्रतियोगिता सगीर एंड ग्रुप व अंकित एंड ग्रुप के बीच खेला गया, जिसमें सगीर ग्रुप एक नंबर पर रही।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. धर्मेंद्र सिंह एमएलसी व प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के लिए प्रेरित किया तथा संस्थान के प्रयासों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि नवरंग सिंह चेयरमैन नगर पंचायत मथौली बाजार रहे। साथ ही अजीत यादव की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधियों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिनमें नागेंद्र त्रिपाठी, अबरार, अजीत सिंह, राजीव पांडे, कुंदन उपाध्याय, ओमकार धर द्विवेदी, मनोज यादव, विजय यादव, फैयाज तथा सूर्य प्रकाश गुप्ता, विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा गुप्ता, प्राचार्य डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव, एसपी सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। समारोह के समापन पर चेयरपर्सन प्रदीप श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, मीडिया प्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि संस्था भविष्य में भी खेल एवं शिक्षा के समग्र विकास हेतु निरंतर प्रयास करती रहेगी।

# बसंत पंचमी के पर्व पर विद्यालयों में हुए विविध कार्यक्रम




बसंत पंचमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छत्राएं

**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही के सेंट जेवियर्स स्कूल में नए सत्र का वार्षिक स्कूल कैलेंडर हुआ लॉन्च**

**सेवरही, कुशीनगर।** स्थानीय उपनगर में संचालित विद्यालयों में बसंत पंचमी के अवसर पर देवी सरस्वती की वंदना व पूजन अर्चन के साथ विविध कार्यक्रम हुए।

शुक्रवार को सेवरही में संचालित सेंट जेवियर्स स्कूल, तमकुही रोड शाखा में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा विधि विधान से की गई। सभी बच्चों ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर उनसे विद्या और विनय का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर स्कूल तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ। इस दौरान विद्यालय ने अपना नए सत्र 2026-27 का स्कूल वार्षिक कैलेंडर भी लॉन्च किया तथा उसे सभी विद्यार्थियों को वितरित किया। अध्यापिका सीमा तथा समन्वयिका मंदाकिनी ने इस पावन पर्व का महत्व बच्चों से साझा किया। विद्यालय के निदेशक रणवीर जायसवाल ने मां सरस्वती से विद्यार्थियों के जीवन में विद्या के प्रकाश के निरंतर बने रहने की कामना की, वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष तिवारी ने आगामी सीबीएसई के बोर्ड एग्जाम में बच्चों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की मंगल कामना की। इसी क्रम में सेवरही में संचालित आरपी शाही मेमोरियल लिटिल फ्लॉवर स्कूल, लोकमान्य इंटर कॉलेज, एसजीएम इंटर कालेज बंती नगर आदि विद्यालयों में विधि विधान के साथ पूजन अर्चन सम्पन्न हुआ।

# समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई नेताजी की जयंती

**बृजेश कुमार शुक्ल**

**नेताजी का योगदान सदैव याद किया जाएगा : महेंद्र नाथ यादव**

**बस्ती।** बसन्त पंचमी के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती संकल्पों के साथ मनायी गई। शुक्रवार को नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद सपा जिलाध्यक्ष और सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि नेताजी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी और देशवासियों के बीच देशभक्ति और बलिदान की भावना को जागृत किया।

सुभाष चंद्र बोस का योगदान केवल उनके द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने भारतीयों के आत्मसम्मान, साहस और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया। उनका नारा ‘ तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा’ आज भी युवाओं में लोकप्रिय है। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, विधायक कविन्द्र चौधरी ‘अतुल’ दयाशंकर मिश्र, मो. स्वालेह, जावेद पिण्डारी, मो. सलीम, निजामुद्दीन, समीर चौधरी, राजेन्द्र चौरसिया, संजय गौतम, रन बहादुर यादव, अभिषेक यादव, शंकर यादव आदि ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्व अर्पित किया।

उनकी प्रेरणा हमें देश और समाज के प्रति कर्तव्य निभाने की सीख देती है। साथ ही ये सीख भी मिलती है कि जब उद्देश्य महान हो, तो हर बाधा को पार किया जा सकता है। उनके विचार सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।कार्यक्रम में भीम आमी के जिला संयोजक अजय कुलश्रेष्ठ समर्थकों विनय गौतम, आनन्द कुमार, राज यादव के साथ अनेक लोग सपा में शामिल हुये

# शिक्षण संस्थानों में पूजी गई मां शारदे, हुए कार्यक्रम



सरस्वती पूजन करते शिक्षक व छात्रा

**अवधनामा संवाददाता**

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** क्षेत्र के घोड़ादेउर, जगदीशपुर, बरडीहा, टीकर, अहिरौली बाजार, तुर्कडीहां, भैसही आदि जगहों पर कई शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती की पूजन विधि विधान से की गई।

आरके पाण्डेय घोड़ादेउर, वंशराज सिंह इंटर कालेज लखिमा, जीएस वर्ड स्कूल अहिरौली, गंगा सिंह इंटर कालेज टीकर, केपी लघु माध्यमिक विद्यालय बरडीहा आदि शिक्षण संस्थानों में विद्या की अधिष्ठात्री देवी का पूजन कर लोगों में प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आरके पाण्डेय शिशु शिक्षा निकेतन घोड़ादेउर की प्रधानाध्यापिका सरिता पाण्डेय कही कि आज शिक्षण संस्थानों में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या, बुद्धि और संगीत की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ की जाती है। इस दिन स्कूलों, कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों को सजाया जाता है। और विद्यार्थी ज्ञान, सफलता व सद्बुद्धि प्राप्त करने के लिए मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा करते हैं। शिक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि मां शारदे को ज्ञान, कला, संगीत और वाणी की अधिष्ठात्री माना जाता है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई में एकाग्रता और सफलता के लिए उनकी पूजा करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रामसहाय, अश्विनी, विपिन यादव, अजीत कुमार, शिक्षिका गीतांजलि कन्नौजिया, खुश्बू उपाध्याय, उर्मिला चौधरी, रोशनी कनौजिया, खुश्बू कुमारी, संजू सिंह सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पीएम शहरी आवास के लाभार्थियों से हो रही वसूली रोके प्रशासन : मदन गोविन्द राव

**डूडा के कुछ कर्मचारी व स्थानीय प्रतिनिधियों के गठजोड़ से हो रहा वसूली**

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** पूर्व विधायक मदन गोविन्द राव ने ज़िला प्रशासन एवं शासन से जुड़े अधिकारियों से प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में हो रही अवैध वसूली को कड़ाई से रोकने हेतु प्रभावी तंत्र स्थापित करने का अनुरोध किया है।

पूर्व विधायक राव ने जिलाधिकारी एवं निदेशक सूडा को पत्र के माध्यम से बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी हेतु लाभार्थियों को प्रथम किस्त जारी हो गई है, लेकिन लाभान्वित पात्रों से प्रथम किस्त में ही 30 से 35त्न वसूली किए जाने की जानकारी प्राप्त हो रही है। डूडा के कुछ कर्मचारी, स्थानीय प्रतिनिधि तथा कुछ अन्य बिचौलियों ने गठजोड़ कर के पात्रों को भविष्य की किस्तों को रोक देने की धमकी देकर उनसे वसूली कर रहे हैं तथा आपत्ति करने वाले लाभार्थियों को योजना के लाभ से वंचित करने की भी धमकी दे रहे हैं। अनेक लाभार्थियों के घरों पर जाकर उनका आधार कार्ड, बैंक पासबुक भी लिया जा रहा है तथा कम पढ़े-लिखे एवं निरक्षर पात्रों से घरों पर ही बैंक के धन निकासी फार्म पर दस्तखत भी कराया जा रहा है। रामकोला सहित लगभग सभी नगरों में ऐसे ही हालत हो गए हैं। आवास से वंचित कर दिए जाने के डर से लाभार्थी खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे हैं वसूली की चर्चा पूरे नगर में फैला हुआ है। पूर्व विधायक ने अविलंब प्रभावी तरीके से वसूली पर रोक लगाने, वसूली करने वालों की पहचान कर उन पर कड़ी कार्रवाई करने हेतु उचित तंत्र बनाने का अनुरोध किया है। साथ ही प्रशासन से योजना के लाभान्वितों (पात्रों) को आवास कट जाने के आशंका से मुक्त कराने का भी अनुरोध किया है, जिससे लाभार्थी भय मुक्त होकर वसूली के खिलाफ शिकायत कर सके।

## सेन्ट्रल एकेडमी में उल्लास के साथ मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व

**बस्ती।** शुक्रवार को बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर सेन्ट्रल एकेडमी सीनियर सेकेन्डरी स्कूल में श्रद्धा, संस्कृति और राष्ट्रभाव का संगम देखने को मिला। विद्या की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना और हवन-पूजन हुआ। शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की आराधना की। प्रबन्धक जय प्रकाश तिवारी, सीमा तिवारी, प्रधानाचार्य दीपिका तिवारी ने विद्या, अनुशासन और भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना से सर्वस्व प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं मानसी, राजश्री तिवारी, रौनक, शिवाकान्त, फरहान, अभिज्ञान बाल्मीकि, अलका, आराध्या, श्रेया, साक्षी, अंजली, एन्जल, मोहिनी, अलका, आदिति मिश्रा, दिव्यांशी, अन्वी, निषिका, गरिमा, मानसी, खुशी आदि ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया। मुख्य रूप से आबिद अरशद, द्विजेन्द्र मिश्र, प्रियंका त्रिपाठी, ए.के. मिश्र, रानी, प्रतिमा, शिखा, जैवी, श्रेया, सुधा गौड़, सीमा सिंह, महेश, रूचि आदि ने नेताजी के योगदान की जानकारी दिया।

# सुभाष चंद्र बोस का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और साहस का प्रतीक है : पी एन पाठक

**सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण, रोटरी क्लब की ऐतिहासिक पहल**

**अवधनामा संवाददाता**



**कसया, कुशीनगर।** देश की आज़ादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का भव्य अनावरण शुक्रवार को रोटरी क्लब कुशीनगर के सौजन्य से किया गया। प्रतिमा का अनावरण कुशीनगर विधायक पी.एन. पाठक एवं नगर पालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष श्रीमती किरन राकेश जायसवाल के कर-कमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विधायक पी.एन. पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और साहस का प्रतीक है। युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष किरन राकेश जयसवाल ने नेताजी के योगदान को याद करते हुए कहा कि यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। कार्यक्रम में रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष अजय सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि समाज में राष्ट्रीय चेतना और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से यह प्रतिमा स्थापित की गई है। रोटरी क्लब भविष्य में भी ऐसे सामाजिक व राष्ट्रहित के कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया जिसमें भूतपूर्व सैनिक कैप्टन डी एस पाण्डेय, सूबेदार हरेंद्र राय, हवलदार राजेश राव, हवलदार यशवंत राव, हवलदार सत्येंद्र राय, हवलदार विनोद सिंह, हवलदार पारस कुशवाहा, हवलदार ओपी कुशवाहा, हवलदार राम दरस गुप्ता, हवलदार जय श्री कुशवाहा, हवलदार जनार्दन, हवलदार चंद्रिका प्रसाद, हवलदार मस्त राज गुप्ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मजीबुल्लह द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रोटरी क्लब कुशीनगर के सह संरक्षक वाहिद अली ने प्रस्तुत किया। इसके साथ ही नगर पालिका परिषद कुशीनगर की ओर से एक आकर्षक सेल्फी पॉइंट का भी लोकार्पण किया गया, जिसे आम नागरिकों ने सराहा।

## बसपा ने की बूथ कमेटियों की बैठक

**जगदीशपुर/अमेठी।** शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी की ओर से गठित वक्तावरनगर सेक्टर के मुहद्दीपुर गांव में बसपा की बूथ कमेटियों की बैठक हुई। बैठक में पार्टी समर्थकों को मतदाता सूचियों की जांच करके छोटे हुए लोगों के नाम बढ़वाने और पोलिंग बूथ पर सर्वसमाज का संगठन मजबूत कर2027के विधानसभा चुनाव में बूथ जीतने के संदेश दिए गए। बहुजन समाज पार्टी के मंडल प्रभारी शिवराम ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी, राजनीतिक दल के साथ एक विचारधारा भी है जो समतामूलक समाज की स्थापना कर देश में भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था चाहती है। बहुजन समाज पार्टी देश की एक मात्र राष्ट्रीय पार्टी है जिसका संगठन कार्यकर्ताओं के खून पसीने की कमाई से चलता है। बसपा ने कभी पूंजीपतियों का सहारा नहीं लिया। जिला प्रभारी अरुण कुमार गौतम ने सुश्री मायावती के शासन काल की उपलब्धियों गिनाई और कहा कि बहन? मायावती ने गरीबों के बच्चों की शिक्षा के लिए पांच हजार स्कूल खोले थे। कक्षा दस उत्तीर्ण करने वाली बालिकाओं की आगे की शिक्षा के लिए सावित्रीबाई फुले शिक्षा मदद योजना चलाई थी। सपा और भाजपा की सरकारों ने जनहित की सभी योजनाओं को बंद कर दिया। योगी सरकार मर्जर के नाम पर स्कूल बंद कर रही है। बैठक को विधानसभा प्रभारी जितेन्द्र कुमार पासी, जिला कार्यकारिणी सदस्य मनीराम गौतम और अवधेश कुमार ने भी सम्बोधित किया। राजेन्द्र कुमार, रमेश कुमार, रामचंद्र , रंजीत, बाबादीन, सरोज कुमारी, मीना कुमारी आदि मौजूद रहे।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती की पर याद किये गये आजाद हिन्द फौज के सेनानी रामू उपाध्याय




**बस्ती ।** शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जयन्ती की पर आजाद हिन्द फौज के सेनानी रामू उपाध्याय को याद किया गया।कलेक्टेऽट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समिति के महासचिव और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वंशज श्याम प्रकाश शर्मा ने कहा कि नेताजी ने देश की गुलामी को निकट से महसूस किया और विश्व भ्रमण कर आजादी के संघर्ष के लिये जो वातावरण सृजन किया संसार में ऐसा दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। कहा कि ‘तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा’ के आवाहन पर सैकड़े लोग एकत्र हो गये। बस्ती जनपद के फेटवा निवासी रामू उपाध्याय इसी संकल्प को लेकर नेताजी से जुडे। संयोग ही है कि दोनों महापुरूषों की जयंती एक ही दिन है।अध्यक्षता करते हुये बटुकनाथ शुक्ल ने नेताजी के योगदान पर विस्तार से चर्चा करते हुये कहा कि उन्होने कठिन समय में देश को जो मार्ग दिखाया आजादी उसी का प्रतिफल है। ऐसे महापुरूषों को सदैव याद किये जाने की जरूरत है। पं. चन्द्रबली मिश्र ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और उनके सहयोगी रामू उपाध्याय के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुये कहा कि नयी पीढी को ऐसे बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिये। नेताजी का योगदान युगों तक याद किया जायेगा।

## बसंत पंचमी पर चित्रांश क्लब ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को किया नमन

**बस्ती।** बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती अवसर पर चित्रांश क्लब अध्यक्ष शेष नारायण गुप्ता और महिला विंग अध्यक्ष संजू श्रीवास्तव के संयोजन में नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और कम्पनी बाग शिव मंदिर में विधि विधान से मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया।क्लब संस्थापक राजेश चित्रगुप्त और प्रदेश अध्यक्ष रत्नाकर श्रीवास्तव ‘आदर्श’ ने कहा कि संसार में ज्ञान ही सर्वोच्च है और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पर मां सरस्वती की विशेष कृपा थी। उनकी शक्ति से ही उन्होने अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिये विवश किया। महिला विंग अध्यक्ष संजू श्रीवास्तव, रेखा चित्रगुप्त, संध्या दीक्षित, लक्ष्मी अरोरा, प्रतिमा श्रीवास्तव, शैल पाण्डेय, शीला पाठक ने कहा कि बसंत पंचमी जीवन में शरद ऋतु के बाद नव उल्लास लेकर आता है। ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना से जीवन संवरता है।

# अपर जिलाधिकारी ने की जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** शुक्रवार को जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अर्पित गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विद्यालय वाहनों की फिटनेस जांच, सुरक्षा मानको और परिवहन व्यवस्था को लेकर व्यापक समीक्षा की गई।

बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद के सभी सरकारी/अर्ध सरकारी और मान्यता प्राप्त विद्यालयों के वाहनों की नियमित फिटनेस जांच कराई जाती है मानक के अनुरूप न पाए जाने वाले वाहनों पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही भी की जाती है। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में प्रयुक्त होने वाले वाहनों की लापरवाही से यदि कोई दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी सीधे विद्यालय प्रबंधन और चालक की होगी। उन्होंने सभी विद्यालय प्रबंधकों को निर्देश दिया कि वह अपने वाहनों की नियमित फिटनेस जांच करते रहें और शासन-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक विद्यालय में परिवहन सुरक्षा समिति की नियमित बैठक किये जाए और जहां गठन नहीं हुआ है वहां तत्काल कार्रवाई की जाए। वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाया जाए तथा वाहन चालक के पास सभी वैद्य दस्तावेज उपलब्ध रहें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाने वालों या ड्राइविंग के दौरान मोबाइल, इयरफोन का प्रयोग करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने विद्यालय के प्रबंधकों को निर्देश दिया कि मानक के विपरीत ऑटो और ई रिक्शा से बच्चों को विद्यालय भेजने से अभिभावकों को रोके और बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करें साथ ही नाबालिक बच्चों द्वारा बाइक या स्कूटी चला कर विद्यालय आने की प्रवृत्ति पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरा भी लगवाने को कहा। बैठक में उन्होंने कहा कि नाबालिक बच्चों को वाहन चलाते हुए पाए जाने पर उनके वाहन जप्त किए जाएंगे उन्होंने यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए की सभी विद्यालयों में यातायात नियमों को लेकर कार्यशाला और जागरूकता अभियान संचालित कराए जाएं जिसमें बच्चों व उनके अभिभावकों को यातायात नियमों का पालन करने की जानकारी दी जाए।

## यूनीक साइंस एकेडमी में वैदिक मंत्र के साथ मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व

**बस्ती।** प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान यूनीक साइंस एकेडमी बस्ती में आज बसंत पंचमी का पावन पर्व अत्यंत भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर मां सरस्वती के जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार से गुंजायमान रहा।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर संतोष कुमार श्रीवास्तव तथा प्रधानाचार्य राजेश कुमार श्रीवास्तव ने मां शारदे के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय में वैदिक ऋचाओं के साथ मां सरस्वती का आह्वान किया गया तथा पूरे विद्यालय परिवार के कल्याण की मंगलकामना की। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने सुमधुर सरस्वती वंदना और भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डायरेक्टर संतोष कुमार श्रीवास्तव जी ने बसंत पंचमी की बधाई दी और विशेषकर बोर्ड परीक्षार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा यह पर्व हमारे भीतर की चेतना को जगाने का उत्सव है।

# जनपद के सभी शासकीय कार्यालयों में दिलाई गई मतदाता जागरूकता की शपथ



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** 25जनवरी को रविवार होने के कारण इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रम दो दिन पहले ही शुरू हो गये है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शुक्रवार को पराक्रम दिवस के दिन राष्ट्रीय मतदाता दिवस भी मनाया गया। सभी स्कूलों और सरकारी कार्यालयों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन ही मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला है। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारा कर्तव्य भी है। प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भय, दबाव, प्रलोभन या भेदभाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। जागरूक मतदाता ही स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान होता है।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे स्वयं मतदान अवश्य करें और साथ ही आमजन को भी मतदान के लिए प्रेरित करें, जिससे अधिक से अधिक नागरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागी बन सकें। शपथ दिलाते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** आज़ाद समाज सेवा समिति द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वी जयंती के अवसर पर मेडिकल कॉलेज स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन कर संस्था के 48 पदाधिकारियों द्वारा रक्तदान महादान कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को अपनी श्रदांजलि अर्पित की। रक्तदान शिविर का सुभारंम्भ वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव द्वारा मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर शलिल श्रीवास्तव मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर. के मिश्रा ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर संजय सिंह वरिष्ठ चिकित्सक एस. के गोयल की उपस्थिति में किया गया तथा उपरोक्त अतिथियों द्वारा रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में रक्तदानियों का उत्साह वर्धन करने हेतु संस्था संस्थापक व राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव ने कहा कि देश को आज़ाद कराने वाले वीर सपूतों की स्मृति में रक्तदान जैसे कार्यक्रम का जो आयोजन आज़ाद समाज सेवा समिति द्वारा किया गया है जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सलिल श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान दुनिया का सबसे बड़ा दान कहा जाता है क्योंकि रक्तदान करने से रक्तदानी को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होता बल्कि वह स्वस्थ रहता है और दूसरी तरफ जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे मरीज की जान बचाई जाती है। संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के ऐसे वीर महान सपूत थे जिन्होंने देश को आज़ाद कराने के लिए अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया हमें उनके सपनों को पूरा करने के लिए देश मे एकता और अखंडता बनाये रखना ही इस महान सपूत को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। रक्तदानियों में प्रमुख रूप से मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर राघवेंद्र सोनकर, डॉक्टर मनीष श्रीवास्तव, डॉक्टर नीरज सिंह,डॉक्टर एस. के तिवारी, रजनी सिंह, विनय सिंह, मोईद अहमद, शरदत्रिपाठी, सुशील त्रिपाठी, प्रवीण, श्यामशंकर, पवन शर्मा, जितेंद्र सिंह, कुलदीप कुमार, अमित शर्मा, रंजीत कुमार सहित कुल 48 लोगों ने रक्तदान महादान कर नेताजी को अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था उपाध्यक्ष बब्लू सिंह प्रधान, ओम प्रकाश गौड़, मयंक पांडेय, आलोक निषाद, विनोद पांडेय, विक्रम जायसवाल, दीपक सिंह, शमशाद अहमद, अरविंद यादव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# बसंत पंचमी पर 'विद्यारंभ संस्कार' आयोजन

■ 51 नन्हे बच्चों ने की शिक्षा की शुरुआत

अवधनामा संवाददाता



**जयसिंहपुर/सुल्तानपुर।** जयसिंहपुर के सरोजपुरम राघवपुर स्थित अनारकली युग निर्माण इंटरमीडिएट कॉलेज में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को सामाजिक व शैक्षिक महत्व का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ÷विद्यारंभ संस्कार÷ के अंतर्गत 51 नन्हे बच्चों को शिक्षा और संस्कारों की औपचारिक शुरुआत कराई गई।

कार्यक्रम में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए विशेष रूप से विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। कॉलेज परिसर में हवन-पूजन के साथ सरस्वती वंदना की गई। प्रबंधक, प्रधानाचार्या, शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों ने सामूहिक रूप से धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की। इस अवसर पर बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और शिक्षा के प्रारंभिक संस्कारों से परिचित कराया गया। संस्थान प्रबंधन का कहना रहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शुरू से ही संस्कार, अनुशासन और शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करना है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम में प्रबंधक राममूर्ति मिश्र, प्रधानाचार्या रेखा मिश्र, शिक्षक संतोष मिश्र के साथ शिक्षिकाएं सीमा साहू, रंजना पाण्डेय, शोभनाथ सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और ऐसे आयोजनों को समाज के लिए आवश्यक बताया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की भी सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने कालेज के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। अंत में अतिथियों ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों के सफल जीवन की कामना की।

## शाहजहांपुर में प्लाटिंग पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर



**शाहजहांपुर।** जनपद में फिर प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई भेदपुर में देखने को मिली जहां प्राधिकरण के अधिकारी अपना बुलडोजर लेकर पहुंचे और कई जगह कार्रवाई को अंजाम देते हुए 30000 वर्ग मीटर से अधिक अनाधिकृत प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया साथ ही प्राधिकरण अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि बगैर अनुमति प्राधिकरण क्षेत्र में कोई भी आवासीय कॉलोनी या प्लाटिंग नहीं की जाएगी इस दौरान प्राधिकरण के सचिव अजय कुमार त्रिपाठी अवर अभियंता रमेश चंद्र वर्मा और काफी पुलिस फोर्स मौजूद रहा प्राधिकरण के सचिव ने जनमानस से अपील की है कि प्राधिकरण क्षेत्र में प्लांट खरीदने से पहले यह जानकारी अवश्य ले लें कि जिस व्यक्ति द्वारा कालोनी काटी जा रही है उस व्यक्ति ने प्राधिकरण से ले आउट स्वीकृत ली है अथवा नहीं वरना आपका बना हुआ मकान भी अवैध माना जाएगा उन्होंने कहा अगर कोई कॉलोनी/प्लांट विक्रेता यह कहता है कि मेरी प्राधिकरण में ले आउट हेतु स्वीकृत की फाइल पहुंच चुकी है जल्द हो जाएगी तब भी प्लांट बिल्कुल ना खरीदें।

## उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति सदस्य कामरान खान ने ट्रेनरों से की मुलाकात

**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** जनपद फिरोजाबाद के सर्किट हाउस में 23 जनवरी 2026 को सदस्य उ0प्र0 राज्य हज समिति कामरान खान द्वारा जनपद के हाजियों एवं हज ट्रेनरों के साथ मुलाकात-बैठक की गयी जिसमें हज पर जाने वाले लोगों को मिलने वाली सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। इस दौरान सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तथा जनपद के आलम मुस्तफा याकूबी अपने कई हाजी साथियों के साथ उपस्थित रहे।

## नारायण महाविद्यालय, शिकोहाबाद में हर्षोल्लाष के साथ वसंतोत्सव (वसंत पंचमी) संपन्न



**शिकोहाबाद (अवधनामा संवाददाता)** नारायण कॉलेज में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, जिससे संपूर्ण परिसर भक्तिमय वातावरण से ओतप्रोत हो गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य श्री विजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, विद्या और सृजनात्मकता का प्रतीक पर्व है, जो विद्यार्थियों को शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से परिश्रम, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। कॉलेज के उपप्राचार्य प्रो. मनोज ने कहा कि माँ सरस्वती की आराधना से जीवन में विवेक और ज्ञान का विकास होता है। कार्यक्रम में प्रो. अनुपमा, प्रो. विनीता, प्रो. विवेक, प्रो. कविता, डॉ. स्वीटी सहित कॉलेज के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पूजा के उपरांत प्रसाद एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## सुदिती ग्लोबल अकेडमी में धूमधाम से मनाया बसंत पंचमी पर्व

**टूंडला (अवधनामा संवाददता)** सुदिती ग्लोबल अकैडमी में बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुदिती ग्लोबल अकैडमी फिरोजाबाद रोड में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती की पूजा एवं हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। जिसमें विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ सदस्यों ने श्रद्धा भाव से भाग लिया। इस अवसर पर मां सरस्वती से ज्ञान, बुद्धि और विवेक की कामना की गई। हवन कार्यक्रम के दौरान वातावरण मंत्रोच्चारण से भक्तिमय हो गया। विद्यालय प्रबंधन ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा और संस्कार के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। विद्यालय परिसर में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर स्कूल स्टॉफमौजूद रहा।

## भाजपाइयों ने सुभाष चन्द्र बॉस की जयंती मनाई

**टूंडला (अवधनामा संवाददता)** भारतीय जनता पार्टी टूंडला नगर स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर मालार्पण कर उनको याद किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा उनके प्रसिद्ध नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा ने पूरे देश को एकजुट किया। और भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष को प्रज्वलित किया।भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने कहा स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भागीदारी उल्लेखनीय थी वे एक साहसी एवं निडर नेता थे।

# ऑनलाइन शादी के बहाने 15 लाख से ऊपर की ठगी

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद में एक युवती से कनाडा में रहने वाले एक व्यक्ति ने ऑनलाइन शादी करने के नाम पर 15 लाख रुपए से भी ज्यादा की ठगी की है, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शुक्रवार को बताया कि शाहजहांपुर की रहने वाली एक युवती को जीवन साथी डाट काम से विशाल अग्रवाल नामक व्यक्ति की रिक्वेस्ट आई जिसे युवती ने स्वीकार कर लिया बाद में बातचीत होने लगी विशाल ने बताया कि वह कनाडा में रहता है और कारोबारी है उसने बताया कि वह अपना कारोबार समेट कर फरवरी माह में दिल्ली में ही स्थाई रूप से रहेगा इसके बाद दोनों की शादी ऑनलाइन तय हो गई। युवती द्वारा साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से एसपी ने बताया कि आरोपी ने शादी तय होने के बाद उपहार में एक अंगूठी तथा सोने का हार तथा एक एआई फोन भेजने के लिए युवती का पता मांगा युवती के पता भेजने के बाद 11 दिसंबर को एक व्यक्ति ने फोन करके बताया कि उसका पार्सल आया है तब उसे 26000 मांगे गए इस तरह से विभिन्न तरीकों से कभी गोल्ड भेजना कभी सर्टिफिकेट के नाम पर उससे 15 लाख से ऊपर की ठगी की गई है।

द्विवेदी ने बताया की युवती ने कहा है कि अब विशाल से उसकी बात नहीं हो रही है उसने आरोप लगाया कि उसमें शादी के नाम पर ठगी की गई है। पुलिस ने आरोपी विशाल अग्रवाल के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत धोखाधड़ी एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एसआईआर सुनवाई स्थलों का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में अनमैप्ड मतदाताओं को जारी की गई नोटिस की सुनवाई के लिए विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र-286 बहराइच के 02 सुनवाई स्थलों तहसील सदर बहराइच एवं नगर पालिका परिषद बहराइच का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने औचक निरीक्षण किया। सुनवाई स्थलों के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने सुनवाई कर रहे अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि समयबद्धता के साथ प्रकरणों का निस्तारण किया जाय तथा इस बात विशेष ध्यान रखा जाये कि आमजनमानस को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। सुनवाई स्थलों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौजूद नागरिकों से भी फीड बैक प्राप्त किया। मौजूद लोगों द्वारा बताया गया कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं है।

सुनवाई स्थल तहसील सदर के निरीक्षण के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-286 बहराइच की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ एसडीएम पूजा चौधरी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कुल 06 स्थानों तहसील सदर, नगर पालिका परिषद बहराइच, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय हुजूरपुर, पयागपुर, चित्तौरा व खण्ड शिक्षा अधिकारी चित्तौरा के कार्यालय पर नामित अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा सुनवाई की जा रही है। चौधरी ने बताया कि तहसील सदर में 05 अधिकारियों जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी तथा सीडीपीओ नगर द्वारा सुनवाई की जा रही है। जबकि नगर पालिका परिषद बहराइच में जिला कृषि रक्षा अधिकारी व ई.ओ. नगर पालिका द्वारा सुनवाई की जा रही है। डीएम ने एसडीएम व तहसीलदार सदर को निर्देश दिया कि विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत समस्त सुनवाई स्थलों पर आमजन के लिए बैठने व पेयजल इत्यादि के माकूल बन्दोबस्त किये जायें ताकि सुनवाई केन्द्र पर आने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये।

## संत रविदास जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

**सुलतानपुर।** संत शिरोमणि सदगुरु रविदास जयंती के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 01 फरवरी 2026, दिनङ्करविवार को प्रातः 11 बजे से सायं तक आयोजित होगा। आयोजन स्थल ग्राम व पोस्ट इटौंली (पारा बाजार), बल्दीराय, सुलतानपुर निर्धारित किया गया है। समारोह में संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास जी के विचारों एवं संदेशों पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, समाजसेवियों एवं धर्मगुरुओं की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयोजन समिति ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयंती समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण भजन कीर्तन व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, जिनके माध्यम से संत रविदास जी के आदर्शों को जनङ्कजन तक पहुंचाया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## चारों पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य धर्म संसद पर करेंगे सवाल : बिसेन

**सुल्तानपुर।** प्रयागराज मौनी अमावस्या माघ मेला के दौरान ज्योतिषपीठ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की शोभा यात्रा रोककर शिष्यों अनुयायियों के साथ कथित मारपीट की घटना पर समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य बार एसोसिएशन सुल्तानपुर ने कहा कि सनातन धर्म ध्वज जगतगुरू स्वामी अविमुक्तेस्वरानंद के साथ अभद्र टिप्पणी अमानवीय कृत्य से सर्व संत समाज के साथ हिंदू आस्था को अपमानित कृत्य हुआ। जिसका समाजवादी पार्टी घोर निंदा करती हैं ये सनातनियों का अपमान हैं प्रशासन ने शंकराचार्य महराज पर सवाल खड़ा कर नोटिस जारी करना नाकामी छुपाना मात्र, ये राजधर्म, ध्वज, राष्ट गौरव, गुरु परंपरा पर अत्याचार उत्पीड़न भारत बंशियों का अपमान जनता माफ़ नहीं करेगी।

# आस्था और भाईचारे का प्रतीक दाता करीम शाह धूनी मेला शुरू

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर/बल्दीराय।** भवानी शिवपुर गांव के निकट स्थित दाता करीम शाह की मजार क्षेत्र में आस्था, विश्वास और आपसी सौहार्द का प्रमुख केंद्र मानी जाती है। यहां हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों के श्रद्धालु समान भाव से चादर चढ़ाते हैं और मथ्था टेककर मन्नत मांगते हैं। लोगों की मान्यता है कि दाता करीम शाह की दरगाह पर मांगी गई मुरादें अवश्य पूरी होती हैं।

वसंत पंचमी के पावन अवसर से मजार परिसर में लगने वाला ऐतिहासिक धूनी मेला आज से शुरू हो गया है, जो लगभग एक माह तक चलेगा। मेले के दौरान क्षेत्र के साथ-साथ दूरदराज के जनपदों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेला क्षेत्र में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ दुकानों और सांस्कृतिक गतिविधियों की भी रौनक दिखाई देने लगी है। मजार से जुड़े सेवादारों के अनुसार दाता करीम शाह का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। बताया जाता है कि बाबा करीम शाह एक फकीर थे, जो यहां कुटिया बनाकर रहते थे। उन्होंने एक धूनी प्रज्वलित की थी, जो बारहों महीने निरंतर जलती रहती थी। इसी धूनी के कारण यह स्थान 'धूनी स्थल' के रूप में प्रसिद्ध हुआ। किवदंतियों के अनुसार अमेठी के तत्कालीन राजा की मन्नत पूरी होने पर उन्होंने बाबा करीम शाह की मजार पर गुम्बद सहित अन्य निर्माण कार्य करवाया था। तभी से यह स्थल धार्मिक आस्था का बड़ा केंद्र बन गया। मेले को लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# मेडिकल कॉलेज मे रंगोली-पूजन के साथ हर्षोल्लास से मनी बसंत पंचमी



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** स्वशासी (ऑटोनॉमस) मेडिकल कॉलेज परिसर में विद्या, संस्कार और संस्कृति के प्रतीक पर्व बसंत पंचमी को सनातन परंपरा और श्रद्धा के साथ अत्यंत उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। विद्या की देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर ज्ञान, विवेक, उत्तम स्वास्थ्य तथा संस्थान की निरंतर उन्नति की कामना की गई। इस पावन अवसर पर कॉलेज परिसर को पीले रंग की साज-सज्जा और आकर्षक रंगोलियों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत नजर आया। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.के. मिश्रा, महिला चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.के. यादव, एडमिनिस्ट्रेशन विभाग से डॉ. सुरभि, डॉ. मीनू पाल एवं डॉ. आशीष की गरिमामयी उपस्थिति रही। नर्सिंग ऑफिसर प्रेमलता, लीड रिसोर्स सुपरवाइजर रजनी सिंह सहित समस्त नर्सिंग स्टाफ ने भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। पूजा-अर्चना के उपरांत आयोजित सामूहिक भोज में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं कर्मचारियों ने एक साथ बैठकर सहभागिता की, जो आपसी सौहार्द और टीम भावना का सुंदर उदाहरण बना। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्राचार्य एवं चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि बसंत पंचमी भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है, जो ज्ञान, अनुशासन और सकारात्मक सोच का संदेश देता है। ऐसे आयोजन कार्यस्थल पर सहयोग, समर्पण और मानवीय मूल्यों को और मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का समापन माँ सरस्वती से सभी के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य तथा मेडिकल कॉलेज की निरंतर प्रगति की मंगलकामना के साथ किया गया।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### महत्वपूर्ण जानकारी

### उधना जं.-अयोध्या कैंट-उधना जं. के बीच विशेष रेलगाड़ी का संचालन

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा उधना–अयोध्या कैंट–उधना के बीच एक विशेष रेलगाड़ी संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:

09093/09094 उधना जं.-अयोध्या कैंट-उधना जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09093 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09093 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09094 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09094 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 07:25 | उधना | 17:15 | --- |
| 08:19 | 08:21 | भरुच जं. | 15:41 | 15:43 |
| 09:55 | 10:00 | वडोदरा जं. | 14:20 | 14:30 |
| 11:05 | 11:07 | गोधरा जं. | 12:20 | 12:22 |
| 13:35 | 13:45 | रतलाम जं | 09:40 | 09:50 |
| 14:23 | 14:25 | नागदा जं | 08:58 | 09:00 |
| 15:25 | 15:30 | उज्जैन जं. | 07:58 | 08:03 |
| 16:30 | 16:32 | मक्सी जं. | 07:21 | 07:23 |
| 18:00 | 18:02 | सीहोर | 06:19 | 06:21 |
| 18:45 | 18:50 | संत हिरदाराम नगर | 05:55 | 06:00 |
| 22:00 | 22:05 | बीना जं | 03:20 | 03:25 |
| 00:55 | 01:00 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. | 00:45 | 00:50 |
| 02:15 | 02:17 | उरई | 22:25 | 22:27 |
| 05:45 | 05:50 | कानपुर सेंट्रल | 20:45 | 20:50 |
| 07:35 | 07:45 | लखनऊ जं. | 18:30 | 18:40 |
| 08:25 | 08:30 | बाराबंकी जं. | 17:10 | 17:15 |
| 10:30 | --- | अयोध्या कैंट | --- | 14:45 |

चलने के दिन: 09093 उधना से दिनांक 13.02.2026 से 27.03.2026 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को और 09094 अयोध्या कैंट से दिनांक 14.02.2026 से 28.03.2026 तक (प्रत्येक शनिवार) को।

स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

268/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# राजकीय हाई स्कूल बसई में पुरस्कार वितरण का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** राजकीय हाई स्कूल बसई मुहम्मदपुर फिरोजाबाद में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार, विशिष्ट अतिथि सोनवीर सिंह जिला समन्वयक, श्रीमती निहारिका ग्राम प्रधान एवं योगेंद्र सिंह एस.आर.जी. रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को भविष्य निर्माण को ध्यान में रखते हुए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।कड़ी मेहनत से ही श्रेष्ठ सफलता प्राप्त की जा सकती है। एस आर जी योगेन्द्र सिंह द्वारा अपने संबोधन में नवीन तकनीक का प्रयोग करते हुए नवीन संभावनाओं को तराशने पर बल दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक अनुरागी द्वारा भी बच्चों को संबोधन के माध्यम से प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को शील्ड, मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं स्वेटर भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन किशनवीर सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के स्टाफ तृप्ति बंसल, अश्विनी कुमार, राम प्रताप, पीयूष द्वारा सराहनीय योगदान दिया। वार्षिकोत्सव में बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं सीएम युवा उद्यमी की बैठक सम्पन्न हुई। एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 से अब तक जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 193 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए हैं। जिनका निवेश मूल्य रू. 2865.99 करोड़ है। जिसके सापेक्ष इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर रू. 2217.10 करोड़ लागत के 153 एम.ओ.यू. अपलोड किये गये थे, जिसका सत्यापन उद्यमी मित्र तथा जिलाधिकारी के स्तर से पूर्ण हो गया है। अब तक 100 इकाईयां क्रियाशील हो गयी है। अवशेष इकाईयों की स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही प्रगति पर है।

निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर चर्चा के दौरान बताया गया कि 44 विभागों से सम्बन्धित अनापत्ति एवं सहमति प्राप्त करने हेतु 01 अप्रैल से 22 जनवरी 2026 तक 3348 आवेदन प्राप्त हुए है जिसके सापेक्ष 2982 आवेदन स्वीकृत, 64 आवेदन पत्र अण्डर क्वेरी तथा 120 आवेदन पत्र समय अन्तर्गत तथा 04 आवेदन पत्र समय उपरान्त लम्बित हैं। डीएम श्री त्रिपाठी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं साथ ही निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन कराएं। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि एम.ओ.यू. के माध्यम से निवेश को बढ़ायें तथा सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय कर अवशेष को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें और जो एमओयू रेडी हैं उनका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाय।

बैठक के दौरान कृष्ण मोहन साल्वेक्स प्रा.लि. के पार्टनर विजय केडिया द्वारा अवगत कराया गया कि इकाई ग्रा. वजीरपुर परगना व तहसील बहराइच में निर्माणाधीन है उक्त बाउण्ड्री के अन्दर कोई निर्माण नही है। मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि आयुक्त महोदय द्वारा कतिपय क्वेरी करते हुए पत्रावली वापस कर दी गयी है। प्रेच्छा का निवारण करते हुए पुनः पत्रावली कार्यालय देवीपाटन मण्डल गोण्डा प्रेषित की दी गयी है। मे. केपीबीएल एंड कम्पनी की प्रोपराइटर सुशील श्रीवास्तव द्वारा समिति को अवगत कराया कि उनकी एग्रो टूरिज्म प्रोजेक्ट विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम मीरपुर कस्बा में पक्की सड़क से उक्त साइट तक जाने हेतु 200 मी. कच्चा मार्ग है जिसपर खडन्जा निर्माण कार्य के लिए बीडीओ चित्तौरा से सम्पर्क करने पर पता चला कि इसे जिला पंचायत की कार्य योजना में सम्मिलित करा लिया गया है जल्द कार्य शुरू करा दिया जायेगा। उद्यमियों एवं व्यापारियों द्वारा डीएम श्री त्रिपाठी से बिस्वरियां में दूर संचार नेटवर्क क्षीण रहने के कारण नवीन टावर स्थापना की मांग कराये जाने का भी अनुरोध किया गया। बैठक के दौरान डीएम ने समिति के सदस्यों, अधिकारियों, व्यापारियों एवं उद्यमियों से अपील की कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण एवं एसआईआर के कार्य में सहयोग प्रदान करें।

बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने किया।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में त्रुटिवश मेरा नाम इफ़्फत रिज़्वी अंकित हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य सभी वैधानिक दस्तावेजों में मेरा सही नाम सैय्यदा इफ़्फत सकीना रिज़्वी अंकित है। इफ़्फत रिज़्वी एवं सैय्यदा इफ़्फत सकीना रिज़्वी दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं।

सैय्यदा इफ़्फत सकीना रिज़्वी, पत्नी नज़र मेहंदी निवासिनी, 165/162, लाट कल्लन, अमीनाबाद, पीछे गुलमर्ग होटल, अमीनाबाद पार्क लखनऊ।

## सूचना

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2006, अनुक्रमांक -2097573 का प्रमाणपत्र एवं अंकपत्र वास्तव में खो गया है। नाम- शिवसागर पुत्र - कर्मराज, ग्राम -बसौना, पोस्ट - कोड़रा ग्रांट जिला - सिद्धार्थनगर

## सूचना

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2014, अनुक्रमांक -2742848 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। नाम- रमाकान्त कनौजिया पुत्र- महाजन प्रसाद, ग्राम - पिपरा भड़ेहर पोस्ट - भड़ेहर ग्रांट, जिला - सिद्धार्थनगर

# उधमिता कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

**स्वरोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** विकास आयुक्त कार्यालय, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार), निर्माण भवन नई दिल्ली द्वारा संचालित उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम (ESDP) के अंतर्गत सोमवार को छःसप्ताह के कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU), क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अजय वर्धन आचार्य (क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू अलीगढ़) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.अकीलुर्रहमान (सहायक प्रोफेसर, एएमयू अलीगढ़) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन एम. एम.तारिक शम्सी (निदेशक, शम्सी इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग) द्वारा किया गया। कौशल विकास से उद्यमिता की ओर विषय पर उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ.अजय वर्धन आचार्य ने कहा कि देश में आत्मनिर्भरता का मार्ग कौशल विकास और उद्यमिता से होकर जाता है। कंप्यूटर आधारित कौशल, डिजिटल कंटेंट निर्माण, अकाउंटिंग, डिजिटल मीडिया तथा ई-गवर्नेंस जैसे क्षेत्र स्वरोजगार के लिए नए अवसर प्रदान कर रहे हैं। IGNOU का यह प्रयास MSME मंत्रालय के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने में सार्थक भूमिका निभाएगा। डॉ.आचार्य ने स्स्स्ध मंत्रालय की इस पहल को सराहते हुए कहा कि ESDP जैसे कार्यक्रम भारत को स्किल-संपन्न और उद्यमी-संपन्न बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं डॉ.अकीलुर्रहमान ने अपने वक्तव्य में कहा कि उद्यमिता अब केवल व्यापार या दुकान खोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि IT आधारित सेवाएँ जैसे कंटेंट क्रिएशन, डिजिटल मार्केटिंग, अकाउंटिंग सॉल्यूशंस, ई-लर्निंग और डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन आधुनिक अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुके हैं। ऐसे प्रोफेशनल्स की मांग लगातार बढ़ रही है। प्रशिक्षण में कई आधुनिक कोर्स शामिल हैं। प्रशिक्षु पूरे मनोयोग से इसका लाभ प्राप्त करें।

कार्यक्रम समन्वयक तथा संस्थान के निदेशक एम.एम.तारिक शम्सी ने कहा कि इस 6-सप्ताह के इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को कंप्यूटर फंडामेंटल्स के साथ-साथ ई-कंटेंट राइटिंग, डिजिटल मीडिया, डीपी अकाउंटिंग, डेटा मैनेजमेंट एवं स्वरोजगार आधारित डिजिटल टूल्स की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कौशल विकास केवल प्रशिक्षण का नाम नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार-योग्य तथा आत्मनिर्भर बनाने का साधन है। आज का युवा नौकरी देने वाला बन सकता है, बशर्ते वह सही प्रशिक्षण व मार्गदर्शन प्राप्त करे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि MSME सेक्टर में उद्यमिता भविष्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य इंजन बनने जा रही है। डिजिटल तकनीक के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। ऑनलाइन बिज़नेस मॉड्यूल विकसित हो रहे हैं। महिलाओं व ग्रामीण युवाओं के लिए नए क्षेत्र खुल रहे हैं। सीखने व कमाने के विकल्प एक साथ उपलब्ध हैं।

कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षुओं ने भी उद्यमिता आधारित प्रशिक्षण को अपने भविष्य के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम के अंत में सीनियर फैकल्टी शिवा गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## सरस्वती विद्या मंदिर ककरी में सरस्वती पूजन का कार्यक्रम विधि विधान के साथ संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** एनसीएल ककरी परियोजना आवासीय परिसर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ककरी के प्रांगण में आज विद्या की देवी माँ सरस्वती का पूजनोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माँ शारदे की आराधना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरुण कुमार दुबे विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ एवं विद्यालय के व्यवस्था प्रमुख श्रीमान सत्येंद्र कुमार पांडे द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया और भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि मां सरस्वती आप सभी लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती रहे जिससे हम लोग एक अच्छे सुयोग्य नागरिक के रूप में देश का निर्माण कर सके। आज का दिन नई ऊर्जा और ज्ञान के प्रकाश के संकल्प का दिन है।

# सामूहिक विवाह में 228 जोड़ों की शादी कराई गई, 06 मुस्लिम जोड़े भी शामिल थे

वहाज अली निहाल



**इटावा।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उ0प्र0 धर्मवीर प्रजापति की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम नुमाइश पंडाल में सम्पन्न कराया गया। जिसमें कुल 228 जोड़ों की शादी करायी गयी, जिसमें से 06 मुस्लिम जोड़े शामिल थे। सभी जोड़ों की कन्याओ ने अपने-अपने वर को मालायें पहनाई, मुस्लिम कन्याओं का काज़ी द्वारा मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार एवं हिन्दू कन्याओ का विवाह हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार सभी रस्में अदा कर करायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि सामूहिक विवाह में शादी करने में कभी संकोच नहीं करना चाहिए बल्कि इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मंत्री, अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण सभी जोड़ो को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित रहते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बेटियों की शादी की चिंताओं से मुक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनार्न्तगत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमन्द, निराश्रित, निर्धन परिवारों को शासन द्वारा 1 लाख रू0 की धनराशि स्वीकृत है, जिसमें कन्या को अनुदान के रूप में 60, 000 हजार रू0 खाते के माध्यम से प्रदान किये जा रहे है, इसके साथ 25000 हजार रू0 का सामान दिया जाता है एवं 15000 रुपए खाना आदि व्यवस्था में किया जाता है साथ ही उन्होंने कहा कि अब गरीब परिवारों को बेटियों की शादी के लिए घर से रुपया लगाने की जरूरत नहीं है। विधायक सदर श्रीमती सरिता भदौरिया ने सभी वर, बधुओ को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी जोड़े सलामत रहें आगे आने वाला आप सबका जीवन सुखमय हो यही कामना है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीब, निर्धन, परिवारो की पुत्रियों की शादी कराने का लिया गया निर्णय बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 निर्मल चन्द्र बाजपेई द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर विधायक सदर श्रीमती सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, महामंत्री शिवाकांत चौधरी, महामंत्री प्रशांत राव चौबे, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास प्रिया शर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सोनभद्र का इतिहास पुस्तक का लोकार्पण समारोह संपन्न



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** वसन्त पंचमी के पावन अवसर पर रॉबर्ट्सगंज के होटल डीआर ड्रीम्स लग्जरी बैंक्वेट में आयोजित भव्य समारोह में ''सोनभद्र के इतिहास'' पुस्तक का लोकार्पण हर्षोल्लास के साथ किया गया, इस मौके पर सभाध्यक्ष पूर्वकुलपति पद्मश्री अभिराज राजेन्द्र मिश्र, मुख्य अतिथि ओडिशा के पूर्व डीडीजी अरुण कुमार उपाध्याय, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डीजीपी डॉ. धर्मवीर सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद, राजा चन्द्र विक्रम पद्मशरण शाह, युवराज देवांशब्रह्म की उपस्थित रहें। इस पुस्तक के सम्पादक जिलाधिकारी बद्री नाथ सिंह हैं व लेखन रघुनाथ-मन्दिर देवगढ़ तीर्थक्षेत्र न्यास के तत्वावधान में प्रख्यात इतिहासकार डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह संजय द्वारा सोनभद्र का इतिहास पुस्तक का लेखन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से प्रारम्भ किया गया, इस समारोह में सर्वप्रथम ग्रन्थकार डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह संजय ने सोनभद्र के गौरवपूर्ण इतिहास को विस्तारपूर्वक रेखांकित करते हुए इतिहास के औचित्य पर प्रकाश डाला। उत्तरप्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. सरजीत सिंह डंग ने सोनभद्र को प्राचीनता और आधुनिकता का संगम बताते हुए 'सोनभद्र का इतिहास' के वैशिष्ट्य को रेखांकित किया। 'सोनभद्र का इतिहास' के सम्पादक एवं सोनभद्र के जिलाधिकारी बद्री नाथ सिंह ने सोनभद्र को मानवता के इतिहास का साक्षी बताते हुए सलखन के जीवाश्म, अगोरी, विजयगढ़, शिवद्वार, गोठानी, नलराजा आदि के प्रामणिक इतिहास को रेखांकित करते हुए कहा कि सोनभद्र का इतिहास अत्यन्त प्राचीन और समृद्ध है, यह पुस्तक न केवल शोधार्थियों के लिए मददगार साबित होगी।

## एनटीपीसी सिंगरौली में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्रनायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन शक्तिनगर टाउनशिप स्थित नेताजी सुभाष चंद्र पार्क में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप नायक, परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली रहे। उनके साथ इस अवसर पर प्रज्ञा नायक, अध्यक्षा (वनिता समाज) की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपने संबोधन में नायक ने नेताजी के साहस, नेतृत्व क्षमता एवं अद्वितीय राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए कहा कि नेताजी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का दृढ़ संकल्प तथा 'आजाद हिंद फौज' के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम में दिया गया योगदान भारत के इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है। उनके विचार एवं आदर्श आज भी हमें राष्ट्र निर्माण के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देते हैं।

# बसंत पंचमी केवल धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक महत्ता रखती है : विनीत यादव

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** करवाखेड़ा, ज्ञानस्थली विद्यालय में बसंत पंचमी व नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती को बड़े ही हर्ष के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में ज्ञानस्थली विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष (वाइस चेयरमैन) विनीत यादव ने मां सरस्वती व सुभाषचन्द्र बोस की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पहार किया। अवकाश के चलते विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं सोशल मीडिया के माध्यम से पावन दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पूरा देश महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी नेता, सच्चे देशभक्त सुभाष चंद्र बोस की 129 वीं जयंती मना रहा है। नेताजी की जयंती 23 जनवरी को पूरा देश पराक्रम दिवस के तौर पर मनाता है। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्?हें आजादी दूंगा, जय हिन्द, जैसे नारों से आजादी की लड़ाई को नई ऊर्जा देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी, 1897 को उड़ीसा के कटक शहर में हुआ था। स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान का कोई सानी नहीं है। वे एक साहसी और स्वतंत्रता के प्रति अति उत्साहित नेता थे। तत्पश्चात कार्यक्रम में बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार, बसंत पंचमी माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। यह त्योहार बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। बसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा कहा जाता है, क्योंकि इस समय प्रकृति अपने पूरी गरिमा में होती है। बसंत पंचमी का त्योहार केवल प्रकृति का उत्सव नहीं है, बल्कि यह ज्ञान और विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा का भी दिन है। बसंत पंचमी का महत्व केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी है। बसंत पंचमी का त्योहार हमें यह भी याद दिलाता है कि हमें अपने पर्यावरण का ध्यान रखना चाहिए। बसंत पंचमी हमें यह संदेश देती है कि हमें पेड़-पौधे लगाने चाहिए। बसंत पंचमी के दिन कई लोग नए कार्यों की शुरुआत करते हैं। यह मान्यता है कि इस दिन शुरू किया गया कार्य सफल होता है। बसंत ऋतु के आगमन के साथ प्रकृति में नवजीवन का संचार होता है, उसी तरह हमें भी अपने जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में विधि-विधान के साथ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना व हवन किया गया तथा प्रसाद में मिष्ठान्न आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी, विद्यालय प्रबंधन समिति प्रमुख शिवमंगल सर, खेल विभाग प्रमुख वासिफ खान सर, वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी सर व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## शिवपाल सिंह का 71 वाँ जन्मदिन केक काटकर मनाया



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** समाजवादी पार्टी के महासचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव का 71 वाँ जन्मदिन रामसेवक यादव पूर्व मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चचेरे भाई आर्यन यादव एवं सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के नेतृत्व एवं वरिष्ठ सपा नेताओं, पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उत्साह पूर्वक मौजूदगी में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बहुत धूम-धाम से केक काटकर जन्मदिन मनाया। आर्यन यादव ने कहा शिवपाल यादव चाचा ने हमेशा हर वर्ग के लोगों की आवाज उठाई है और आगे भी उठाते रहेंगे। उन्होंने हमेशा लोगों की मदद की है।

## तीन दिवसीय उर्स का कुल की फातिहा के साथ समापन



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के मोहल्ला हैदरिया स्थित विख्यात सूफी संत हजरत पीर सुर्खरू बाबा का सालाना उर्स शुक्रवार को संपन्न हो गया। उर्स के अंतिम दिन सुबह कुल की फातिहा और जुमे की नमाज के बाद भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पूर्व बुधवार को शानदार नातिया मुशायरा हुआ, जबकि गुरुवार को कुरान ख्वानी, लंगर और चादरपोशी की रस्म अदा की गई। चादरपोशी के दौरान अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। गुरुवार रात क्षेत्रीय और बाहरी कव्वालों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधे रखा। इस सफल आयोजन के साथ ही तीन दिनों से चल रहा उर्स शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## सुमेरपुर में तनावः आरोपियों के गुर्गों पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने का आरोप

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कस्बे में बीते 15 जनवरी को हुई लव जिहाद और गैंगरेप की घटना के बाद अब नया विवाद खड़ा हो गया है। हिंदूवादी संगठनों ने आरोप लगाया है कि मुख्य आरोपी अबान उर्फ अफान खान के गुर्गे अब उन युवाओं को निशाना बना रहे हैं जिन्होंने इस मामले में आवाज उठाई थी। ताजा मामले में गौ रक्षा दल के कार्यकर्ता शुभम द्विवेदी पर अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमलावरों ने शुभम को मौलाना खान प्रकरण में चुप रहने की धमकी दी है। इससे पहले शिव शक्ति अखाड़ा के जिला शस्त्र प्रमुख आदर्श तिवारी को भी जान से मारने की धमकी मिली थी। पुलिस ने शुभम की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, हालांकि संगठनों में प्रशासन की शिथिलता को लेकर भारी आक्रोश है।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती व वसंत पंचमी पर्व श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया

**इटावा।** पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं ज्ञान, विद्या और संगीत की देवी माँ सरस्वती को समर्पित वसंत पंचमी पर्व श्रद्धा, उल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के माननीय चेयरमैन डॉ.कैलाश चंद्र यादव एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर जी द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। साथ ही माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं ज्ञानमय हो उठा। इसके उपरांत शिक्षकगणों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्र के प्रति अद्वितीय योगदान, उनके त्याग, साहस और देशभक्ति से ओतप्रोत जीवन पर प्रकाश डाला।

# विकास के नाम पर लूट! नगरपालिका के कार्यों में भ्रष्टाचार का काला खेल उजागर



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में चल रहे विकास कार्य अब जनता के लिए सुविधा नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का उदाहरण बनते जा रहे हैं। नगरपालिका द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी धन की जमकर बंदरबांट की जा रही है, जबकि निर्माण की गुणवत्ता पूरी तरह से सवालों के घेरे में है।

फत्तेपुर मोहल्ले में बन रहे नाले के निर्माण में प्रतिबंधित डस्ट का खुलेआम इस्तेमाल किया जा रहा है। यही नहीं, इस निर्माण कार्य में बाल मजदूरों से काम कराया जा रहा है, जो कानूनन गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। हैरानी की बात यह है कि काम कर रहे अधिकांश बाल मजदूरों के आधार कार्ड में जन्मतिथि एक जनवरी दर्ज है, जिससे उम्र में हेराफेरी की आशंका और गहरी हो गई है।

लगभग एक पखवाड़ा बीत जाने के बावजूद नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों की इस ओर कोई नजर नहीं पड़ी, जिससे उनकी भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। वहीं ठेकेदार का दावा है कि कार्य योजना में डस्ट का प्रावधान है, जो साफ तौर पर नियमों और मानकों की अनदेखी को दर्शाता है।

घटिया निर्माण को लेकर मोहल्ले के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह के निर्माण कार्यों की पोल अक्सर छह महीने के भीतर ही खुल जाती है, लेकिन तब तक सरकारी धन ठिकाने लग चुका होता है। लोगों ने जल्द ही उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की चेतावनी दी है।

यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले कोतवाली के पीछे बनी सड़क में भी बड़े भ्रष्टाचार की पोल खुल चुकी है, बावजूद इसके जिम्मेदारों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि गुणवत्ता की बजाय मोटे कमीशन की होड़ में निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। कुल मिलाकर, नगरपालिका द्वारा कराए गए अधिकांश विकास कार्य अब सवालों के घेरे में आ चुके हैं। जनता यह जानना चाहती है कि क्या इन गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच होगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती मनाई गई



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती 23 जनवरी 2026 को श्रद्धा, सम्मान एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर लेक पार्क परिसर में एक स्मरणीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नेताजी के अदम्य साहस, राष्ट्रप्रेम और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया गया। कार्यक्रम में सतीश कुमार, निदेशक (थर्मल), विद्युत मंत्रालय ने पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल), ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एम. सुरेश, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम), एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी. के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं), देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ), रुमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारीगण तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन साहस, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा का अद्भुत उदाहरण है।

# श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/रेणुकूट।** विद्या की देवी माँ सरस्वती को समर्पित बसंत पंचमी के पावन अवसर पर हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज, आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट-2, हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट-3 रेणुकूट में बसंतोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय परिसर पूरे दिन आध्यात्मिक ऊर्जा और उत्सव के रंग में रंगा रहा।

जहां आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के विधिवत पूजन से हुआ, जिसका नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानंद शुक्ल एवं उप-प्रधानाचार्य विजय भगवत पाटिल ने किया। वहीं आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्या स्मिता शाही, हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट-2 में प्रधानाचार्या ऋतु भारद्वाज तथा हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट-3 तनुश्री दत्ता पॉल ने मां शारदे की विधिवत पूजा अर्चना कर देवी मां शारदे को पुष्पांजलि अर्पित की वहीं इस अवसर पर अन्य सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने देवी मां को माला पहना कर एवं भोग के साथ उनकी आराधना की।

पूजन के उपरांत वातावरण को भक्तिमय बनाने हेतु सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की प्रगति, शैक्षणिक उन्नयन तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ सामूहिक हवन एवं प्रार्थना संपन्न हुई। सभी ने माँ सरस्वती से सद्बुद्धि, ज्ञान और सन्मार्ग की प्रेरणा प्रदान करने की प्रार्थना की।इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शैक्षिक एवं गैर-शैक्षिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी सिंगरौली में कर्मचारी विकास केंद्र एवं टाइनी टॉट्स, वनिता समाज में सरस्वती पूजन का भव्य आयोजन

**सोनभद्र/शक्तिनगर (अवधनामा संवाददाता)** एनटीपीसी सिंगरौली में विद्या, ज्ञान, संगीत एवं कला की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के पावन अवसर पर कर्मचारी विकास केंद्र एवं टाइनी टॉट्स, वनिता समाज परिसर में सरस्वती पूजन का श्रद्धापूर्वक एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, शिक्षा तथा ज्ञान की परंपरा को सुदृढ़ करते हुए नई पीढ़ी में संस्कार एवं सकारात्मक मूल्यों का संचार करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप नायक, परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रज्ञा नायक, अध्यक्षा, वनिता समाज, सी. एच. किशोर कुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) तथा रश्मि रंजन मोहंती, महाप्रबंधक (परियोजना) की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सिद्धार्थ मंडल, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं डी. सी. गुप्ता, अपर महाप्रबंधक (टीएडी) की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। साथ ही कार्यक्रम में वनिता समाज की सदस्याओं, मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों का सहयोग एवं सहभागिता अत्यंत सराहनीय रहा। पूजन कार्यक्रम विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। उपस्थित अतिथिगणों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर संस्थान, कर्मचारियों एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु मंगलकामना की गई।

# नगरपालिका में टेंडर को लेकर घमासान

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर पालिका परिषद में विकास कार्यों को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता नजर आ रहा है। नगरपालिका में पंजीकृत आधा दर्जन से अधिक ठेकेदारों ने अध्यक्ष पर भेदभाव और भाई-भतीजावाद का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायती पत्र देने वाले ठेकेदारों में श्री साई कृपा कांट्रैक्टर एंड सप्लायर, मे0 चौधरी कांट्रैक्टर एंड सप्लायर, मे0 बी0एल0 कां0, मे0 सत्यम कां0, शिवेंद्र सिंह कां0 एवं अभारती बिल्डर्स शामिल हैं। ठेकेदारों का कहना है कि वे लंबे समय से नगरपालिका के विकास कार्यों को पारदर्शिता के साथ कराते आ रहे हैं और सभी विधिवत पंजीकृत हैं। ठेकेदारों के अनुसार 20 जनवरी को ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद मुहरबंद लिफाफा जमा किया जाना था, लेकिन नेशनल हाईवे पर लगे लंबे जाम के कारण वे समय से नगरपालिका कार्यालय नहीं पहुंच सके। इसी का फायदा उठाकर उनके टेंडर स्वीकार नहीं किए गए और कथित रूप से अध्यक्ष के करीबी ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि यह पूरा मामला जानबूझकर किया गया भेदभाव है और नगरपालिका में टेंडर प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है। ठेकेदारों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। वहीं इस पूरे मामले पर नगरपालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इन्हें बेहद निराधार और दबाव बनाने का तरीका बताया है। अध्यक्ष का कहना है कि जिन टेंडरों को लेकर विवाद किया जा रहा है, वे पहले ही निरस्त किए जा चुके हैं और शीघ्र ही दोबारा टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि टेंडर प्रक्रिया पंद्रह दिन की थी, यदि ठेकेदार समय रहते लिफाफे जमा कर देते तो यह स्थिति ही नहीं आती। अध्यक्ष ने कहा कि जब पूरी टेंडर प्रक्रिया ही निरस्त हो चुकी है, तो भाई-भतीजावाद का सवाल ही नहीं उठता। अब यह मामला प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। ठेकेदारों की शिकायत और अध्यक्ष की सफाई के बाद सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या टेंडर प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच होगी या फिर यह मामला भी फाइलों में ही सिमट कर रह जाएगा।

# मुख्यमंत्री योगी ने 'पराक्रम दिवस' पर 'ब्लैकआउट मॉकड्रिल' का किया अवलोकन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रिजर्व पुलिस लाइन्स में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती 'पराक्रम दिवस' के अवसर पर आपातकालीन स्थिति से बचाव एवं जागरूकता हेतु आयोजित 'ब्लैकआउट मॉकड्रिल' का अवलोकन किया।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पूरा देश आज भारत माता के महान सपूत एवं स्वाधीनता आन्दोलन के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की पावन जयन्ती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मना रहा है। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने आजादी के आन्दोलन में हम सभी को नेशन फर्स्ट का भाव दिया था। उन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए आजाद हिन्द फौज का गठन किया था तथा भारत की नारी शक्ति की सामर्थ्य को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने के लिए रानी लक्ष्मीबाई ब्रिगेड गठित की थी। भारत की आजादी के लिए नेताजी ने देश व विदेश में जो योगदान दिया, उसके लिए हर भारतवासी उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है और एक 'राष्ट्रनायक' के रूप में उन्हें सम्मान देता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नेताजी के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने के लिए उत्तर प्रदेश नागरिक सुरक्षा संगठन की ओर से इस मॉकड्रिल का आयोजन किया गया है। यह मॉकड्रिल हम सभी को सम और विषम परिस्थितियों के साथ युद्धकाल व शान्तिकाल, आपदा या आकस्मिक दुर्घटना के प्रति हमेशा तैयार रहने के लिए प्रेरित करती है। आज यहां आयोजित मॉलड्रिल की तरह सभी जनपदों में भी मॉकड्रिल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मॉकड्रिल अच्छा प्रयास है। इस प्रकार की मॉकड्रिल का निरन्तर अभ्यास करते रहना चाहिए, क्योंकि किसी घटना, दुर्घटना के होने पर एन.डी.आर.एफ., एस.डी.आर.एफ. इत्यादि के पहुंचने से पूर्व लोगों की मदद के लिए वहां पर नागरिक सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवक व आपदा मित्र खड़े होते हैं। समाज के सहयोग से हम जनहानि व धनहानि को न्यूनतम करने में सफल हो सकते हैं। इसलिए ऐसी मॉकड्रिल नियमित प्रैक्टिस का हिस्सा बननी चाहिए। जब कोई संकट आ जाए, तभी हम तैयार हां, तो सफलता नहीं मिलेगी। हमें सामान्य जीवन में भी इसके लिए हमेशा तैयार रहना होगा।

फर्स्ट रिस्पॉण्डर के रूप में नागरिक सुरक्षा संगठन की भूमिका निर्विवाद रूप से लोगों ने स्वीकार की है। इसके महत्व को ध्यान में रखकर प्रदेश सरकार ने सभी 75 जनपदों में नागरिक सुरक्षा संगठन का गठन किया है। सभी जनपदों में अब नागरिक सुरक्षा संगठन में भर्ती प्रक्रिया पूर्णता की ओर बढ़ रही है।

## राष्ट्र प्रेरणा स्थल में 3 दिन प्रवेश शुल्क नहीं

**लखनऊ।** बसंतकुंज योजना स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आने वाले पर्यटकों के लिए खुशखबरी है। यूपी दिवस व गणतंत्र दिवस के तहत प्रेरणा स्थल में 3 दिन प्रवेश शुल्क नहीं लगेगा।

लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किये। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को यूपी दिवस पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल में भव्य समारोह का आयोजन होना है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने बताया कि प्रेरणा स्थल में प्रवेश के लिए प्रति व्यक्ति दर निर्धारित है जो 1 जनवरी 2026 से लागू है। लेकिन यूपी दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रेरणा स्थल देखने का यह नागरिकों के लिए खास मौका है। इसे ध्यान में रखते हुए 24 जनवरी से 26 जनवरी तक राष्ट्र प्रेरणा स्थल में प्रवेश पूरी तरह निशुलक कर दिया गया है। इन तीन दिनों में सभी आगंतुक बिना टिकट लिए प्रेरणा स्थल में प्रवेश कर भ्रमण कर सकेंगे।

# अब केजीएमयू की मज़ारों पर चलेगा बुलडोज़र

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** धर्मान्तरण मामले में चर्चा केजीएमयू अब मज़ारों को हटाने की तैयारी में है जिसके लिए आज नोटिस चस्पा कर दिया 15 दिन में यदि मज़ार नहीं हटाए जाते तो इसको गिराया जाएगा। केजीएमयू प्रशासन का कहना है इस अभियान का धर्मानान्तरण की घटना से कोई लेना-देना नहीं है।



धर्मानान्तरण मामले के बाद राज्य महिला आयोग एवं कई संगठनों की ओर से अवैध ढांचों को हटाने का मामला उठाया गया था। पिछले साल पुलिस मदद से परिसर में मजार के पास अवैध निर्माण को ढहाया गया था। हालाँकि केजीएमयू के प्रवक्ता प्रो. केके सिंह के अनुसार इसका धर्मानान्तरण मामले से कोई मतलब नहीं है यह एक अवैध क़ब्ज़े के खिलाफ कार्रवाई है शताब्दी और ट्रामा सेण्टर के एक्सटेंशन और एम्बुलेंस व मरीज़ों के आवागमन में यह अवैद्य निर्माण बाधक बन रहे हैं। केजीएमयू के प्रवक्ता प्रो. केके सिंह के अनुसार, संस्थान परिसर में कोई भी अवैध धार्मिक ढांचा नहीं रहेगा। शुक्रवार को सभी मजारों को अवैध घोषित करते हुए आधिकारिक नोटिस चस्पा कर दी गई है। यदि 15 दिन की अवधि में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन अपने स्तर पर मजारों को ध्वस्त करने की कार्रवाई करेगा।पार्किंग का संकट भी होता है और परिसर का अनुशासन भी भंग हो रहा है। सभी अवैध मजार विश्वविद्यालय की भूमि पर हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि केजीएमयू प्रशासन मजारों को हटाता है तो पुलिस बल और बुलडोजर के खर्च की वसूली अवैध कब्जा करने वालों से होगी। नोटिस में इस बात से भी अवगत करा दिया गया है।

प्रवक्ता प्रो. केके सिंह के अनुसार विश्वविद्यालय परिसर में कई धार्मिक ढांचे अवैध रूप से बनाए गए थे। ऐसी आठ मजारों की पहचान की गई है। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद के निर्देश पर डेढ़ साल पहले भी अवैध ढांचों को हटाने की कार्रवाई की गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप सरकारी अस्पतालों को कट्टरपंथ और अवैध गतिविधियों का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा। इन अवैध ढांचों को ध्वस्त करने के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त से भी मदद मांगी गई है। इस अभियान का धर्मानान्तरण की घटना से कोई लेना-देना नहीं है।

# गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में नर्मदा अपार्टमेण्ट बनेगा

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में नर्मदा अपार्टमेण्ट बनेगा। इसमें लगभग 2100 वर्गफिट क्षेत्रफल के 300 लग्जरी फ्लैट्स और 12 पेण्ट हाउस बनेंगे। सोसाइटी में जिम, स्वीमिंग पूल, पार्क, क्लब हाउस, किड्स प्ले एरिया, पावर बैकअप, 500 से अधिक वाहनों की पार्किंग आदि की सुविधा मिलेगी। इसी के साथ लोगों की व्यावसायिक जरूरतें पूरी करने के लिए कॉमर्शियल दुकानें होंगे। फ्लैट्स की कीमत 1.4 करोड़ रुपये से शुरू होगी। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी किये, जिसके तहत शनिवार से 23 फरवरी 2026 तक फ्लैटों के लिए पंजीकरण खोला जा रहा है। पंजीकरण सिर्फ लविप्रा की वेबसाइट के जरिए कराया जा सकता है। इसके लिए फ्लैट की अनुमानित कीमत की 5 प्रतिशत धनराशि बतौर पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा, जो आरक्षित वर्ग के लिए 2.5 प्रतिशत होगी। फ्लैटों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी से किया जाएगा। लोकेशन व कनेक्टिविटी होगी खास उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि नर्मदा अपार्टमेण्ट की कनेक्टिविटी और लोकेशन बहुत प्राइम होगी। जी-20 रोड स्थित लविप्रा के रासी अपार्टमण्ट के ठीक बगल में इसका निर्माण होगा। योजना से चंद कदमों की दूरी पर शहीद पथ, इकाना क्रिकेट स्टेडियम, प्लासियो मॉल, पुलिस मुख्यालय आदि प्रमुख स्थल मिलेंगे। अपार्टमेण्ट के निर्माण के लिए ऑनलाइन डिमाण्ड सर्वे कराया गया था, जिसमें सकारात्मक परिणाम मिलने के बाद परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी गयी है। 90 मीटर ऊंचे 3 टॉवर बनेंगे उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लगभग 12,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनने वाले नर्मदा अपार्टमेण्ट में कुल 3 टॉवर होंगे, जिनकी ऊंचाई लगभग 90 मीटर होगी।

# शाम-ए-सुख़न उन्वान से मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** शाम ख़ास बारादरी, गोमतीनगर, लखनऊ में सुख़नदान फाउण्डेशन की जानिब से शाम-ए-सुख़न उन्वान के तहत एक मुशायरे/कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस मौक़े पर अन्दाज़-ए-बयॉ और के बानी मोहतरम रेहान सिददीक़ी बतौर चीफ गेस्ट के तौर पर शामिल हुए, मुशायरे की सदारत आलमी शोहरत याफ़ता शायर और नाज़िम मोहतरम वासिफ़ फ़ारूक़ी ने की और शाश्वत सिंह दर्पण ने निज़ामत के फ़राइज़ को अंजाम दिया। सुख़नदान के कल्चरल विंग के नेशनल प्रेसीडेंट मोहम्मद अली साहिल द्वारा मेहमान-ए-खुसूसी जनाब रेहान सिददीक़ी को बुके देकर उनका स्वागत किया गया एवं सुख़नदान फाउण्डेशन के चेयरमैन नदीम फ़र्रूख़ ने फाउण्डेशन के कार्य-कलापों के बारे में प्रकाश डाला और आगामी कार्यक्रमों/उददेश्यों की रूप-रेखा भी प्रस्तुत की।

मुशायरे में शायर/कवि के तौर पर ज़ीशान नियाज़ी, सलीम सिददीक़ी, नदीम फर्रूख़, मोहम्मद अली साहिल, तारा इक़बाल, कमल हाथवी, आदिल रशीद, मो0 फ़ौजान, रूबीना अयाज़, अख़्तर कानपुरी, दुर्गेश शुक्ला, आसिम काकोरवी, असद नदीम, पीयूष अग्निहोत्री ने अपना बेहतरीन और खूबसूरत कलाम पेश किया और सामइन को भरपूर दाद देने को मजबूर किया।

शायरों के मुन्तख़ब अश्आर पाठकों के लिये पेश हैं -

तेरी दुनिया जिसे हैरत से सभी देखते हैं
देख कर मुझ को बहुत दंग हुई है
इस बार वासिफ़ फ़ारूक़ी कुछ इस तरह से ज़माने पे छाना चाहता है
वो आसमान पे पहरे बिठाना चाहता है
नदीम फ़र्रुख किरदार बेच देने का अंजाम ये हुआ
दिल में उतरने वाले नज़र से उतर गये



**मोहम्मद अली साहिल**
काम ले कुछ हसीन होठों से
बातों बातों में मुस्कुराया कर

**आदिल रशीद**
कहीं पे दिन तो कहीं पर ये रात करता है
ये सूर्य न्याय नहीं पक्षपात करता है

**फौज़ान अहमद**
अभी डूबा नहीं यादों का सूरज
अभी परछाइयाँ पीछा करेंगी

**तारा इक़बाल**
एक बच्ची से ख़रीदे हैं ये गजरे हमने
लौट के हम किसी मुजरे से नहीं आए हैं

**सलीम सिद्दीक़ी**
इनायत आपकी कुछ कम नहीं है
असीर ए ग़म हूँ लेकिन ग़म नहीं है

**ज़ीशान नियाज़ी**
वो इंतज़ार की लज़्ज़त कहाँ विसाल में है
मज़ा दवा कहाँ है जो देखभाल में है

**कमल हाथवी**
इश्क़ का आखिरी मक़ाम है मौत
और मैं आखरी मक़ाम पे हूँ

**रुबीना अयाज़**
हमसे बिछड़ के खुश हो अगर तुम तो खुश रहो
तुमसे बिछड़ के हम भी कोई मर नहीं गए

**अख़्तर कानपुरी**
ये दुनिया एक दोज़ख़ है जहाँ पर
कहीं से लोग मर कर आ रहे हैं

**शाश्वत सिंह दर्पन**
कितनी आसानी से मर सकता हूँ मैं
प्यास हूँ पानी से मर सकता हूँ मैं

**पीयूष अग्निहोत्री**
ये दिल भी अपने मसाइल के हल निकालता है
उदास होता है जिस दिन ग़ज़ल निकालता है

**असद नदीम नय्यर**
तुम्हें तो रोज़ मौक़े मिल रहे हैं शेर कहने के
यहाँ रोटी की गुंजाइश में ज़ाया हो रहे हैं हम

**दुर्गेश शुक्ल**

इस कल्चरल प्रोग्राम में एड0 प्रमिला मिश्रा, डा0 उमंग खन्ना, आर0के0 सिंह, आई0एफ0एस0 (से0नि0)मेराज हैदर, सुशील दुबे, मंजू श्रीवास्तव, हाजी खुर्शीद खान राजू, मो0 शमीम, कलाम अहमद, नवाब नूरेन आलम, ज़फ़रूल सिददीक़ी, अफ़ज़ाल सिददीक़ी, इं0 वसीम अहमद, शकील सिददीक़ी, इदरीस अहमद के अलावा कई मुअज़्ज़िज़ लोगों ने मौजूद रहकर प्रोग्राम को वक़ार बख़्शा। शायरों और कवियों को श्रोताओं द्वारा दाद-ओ-तहसीन से खूब नवाज़ा गया और उनकी हौसलाअफ़ज़ाई की गयी। इस कार्यक्रम में मीडिया फोटाग्राफर्स क्लब, न्यूज़ टाइम नेशन, उजाला न्यूज़, आदि के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। शायरी का यह प्रोग्राम ख़ास बारादरी के प्रो0 महमूद उमर के विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम ख़त्म होने पर सुख़नदान फाउण्डेशन के चेयरमैन नदीम फ़र्रूख़ एवं नेशनल प्रेसीडेंट कल्चरल विंग मोहम्मद अली साहिल ने मौजूद सभी मेहमानों व मीडिया और सुख़नदान की टीम और विशेषकर ख़ास बारादरी के प्रबंधन का शुक्रिया अदा किया गया।

# हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की विलादत पर जुलूस निकालकर खुशियां मनायी

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मजलूम-ए-कर्बला की विलादत का रोज है, ऐसा हसो के आंख से आंसू निकल पड़ें। हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की विलादत के मौके पर शुक्रवार को काजमैन और मुफ्तीगंज में जुलूस निकालकर इमाम की विलादत की खुशियां मनायीं। काजमैन से निकले जुलसू में सबसे आगे जुलूस-ए-मर्सरत लिखा लाल बैनर था। जिसमें हाथी-ऊंट के पीछे घोड़ों की कतारें चल रही थी। जिस पर बच्चे हाथों में हरे-लाल झंडे लिए बैठे थे। जुलूस टापे वाली गली,हसनपुरिया, कश्मीरी मोहल्ला होता हुआ दरगाह हजरत अब्बास पहुंचा। जुलूस जिन रास्तों से गुजर रहा था वहां लोगों ने इत्र लगाकर व फूलों की पंखुड़ी डाल कर जुलूस का इस्तकबाल किया और गले मिलकर इमाम की विलादत की मुबारकबाद दी। रास्तों के दोनों ओर छतों व सड़कों पर महिलाएं बच्चें जियारत के लिए खड़े थे। जुलूस में नारे हैदरी या अली, हुसैन जिन्दाबाद, हुसैन बादशाह व जुबां के साथ दिल बोला अली मौला-अली मौला के नारे फिजाओं में गूंज रहे थे। दुनिया हुसैन की है जमाना हुसैन का, करबल में लुट गया था घराना हुसैन का÷ और हमको हुसैनी जाम पिला जाइये हुसैन, इस सर जमीन-ए-हिन्द पे आ जाइये हुसैन, की पंक्तियों को अज़हर हुसैन,गजनफर हुसैन पप्पू,शाह आलम काज़मी,ताबिश रिजवी माइक पर पढ़ रहे थे। इसे सुनकर लोगों कीआंखों से आंसू टपकने लगे लेकिन यह आंसू गम के नहीं खुशी के थे। जुलसू के दरगाह पहुंचने पर यहां महफिल व लंगर का आयोजन हुआ। उधर मुफ्तीगंज बेल वाले टीले स्थित मजायर हुसैन के आवास से जुलूसे इमाम हुसैन निकाला गया जो इमामबाड़ा मीरन साहब पहुंचा। यहां मौलाना हसन जहीर सहित अन्य उलमा ने महफिल को खिताब किया। इसके बाद शायरों ने अपने कलाम पेश किया।

## आल इंडिया शिया हुसैनी फंड द्वारा हुसैनी लंगर का आयोजन

लखनऊ ऑल इंडिया शिया हुसैनी फण्ड ने शिया पीजी कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट में आम दस्तरखान का आयोजन किया। जहां मौलाना ज़हीर अब्बास अब्बास, मौलाना एजाज़ अतहर, मौलाना जाफ़र अब्बास, मौलाना तफसीर हसन, मौलाना रज़ा अब्बास, मौलाना रज़ा अब्बास नक़वी, शिया हुसैनी फंड के अध्यक्ष अमीर आलम खां, मोहम्मद जकी, इसारुल हसन, रईस आलम, अलीम हुसैन, हुसैन ज़ामिन सहित अनेक उलमा ने नज़्र दी उसके बाद लोगों ने नज़्र चखी। ये जानकारी शाहिद काज़िम प्रचार मंत्री ने दी वही



हसनपुरिया में विभन्न इदारों की ओर से आलू-पूरी व मिठाई का वितरण किया। वहीं बजाजा, हुसैनाबाद, मुफ्तीगंज, कश्मीरी मोहल्ला, दरगाह, मौला नगरी, नक्खास, नूरबाड़ी आदि इलाकों में सबीलें लगायी गयीं जिसपर दूध व ड्राई फरूट का शर्बत, चाकलेट, फल,बिस्कुट और आइसक्रीम वितरण की।

## सबीलों व दस्तरखान का आयोजन



ऑल इंडिया शिया हुसैनी फंड ने शिया पीजी कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट में आम दस्तरखान का आयोजन किया। जहां कई उलमा ने नज़्र दी उसके बाद लोगों ने नज़्र चखी। हसनपुरिया में विभन्न इदारों की ओर से आलू-पूरी, मिठाई,फरूटी,काफी का वितरण किया। वहीं कश्मीरी मोहल्ला, बजाजा, हुसैनाबाद, मुफ्तीगंज, दरगाह, मौला नगरी, नक्खास, नूरबाड़ी आदि इलाकों में सबीलें लगायी गयीं जिस पर दूध व ड्राई फ्रूट का शर्बत, चाकलेट, फल, बिस्कुट और आइसक्रीम वितरण की।

**गहवारा-ए-हुसैन की जियारत-** जुलूस में मुख्यरूप से हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के गहवारे (झूला) की जियारत करायी गयी। झूला जैसे ही लोगों के करीब आता तो सैकड़ों हाथ झूले को बोसा देने (चूमने) के लिए बढ़ जाते थे। तमाम लोग झूले से अपने मासूम बच्चों को स्पर्ष करा रहे थे। इसके अलावा झूले के आगे लोगों ने नज़्र दी और मन्नते मांगी। अकीदतमंदों ने झूले पर बुके व फूल-हार चढ़ाये व इत्र लगया।

**या हुसैन या अब्बास के बड़े बैनर से सजाया इमामबाड़ा अबुतालिब**

हजरत इमाम हुसैन की विलादत के मौके पर हसन पुरिया स्थित इमामबाड़े अबुतालिब को या हुसैन और या अब्बास के बड़े लाल बैनर से सजाया गया था जहाँ से लोग जुलूस की जियारत कर रहे थे। शनिवार को हजरत अब्बास की विलादत मनाई जाएगी

### खुशी व अकीदत के साथ मनायी इमाम हुसैन की विलादत

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की यौमे विलादत बड़ी खुशी व अकीदत के साथ मनायी गयी। इस मौके पर घरों में नज़्र दी गयी। सुबह से देर रात तक नज़्रों में जाने का सिलसिला जारी रहा। पुराने शहर के इलाकों में विशेष तैयारियां की गयी थी। इमाम की विलादत की खुशी में लोगों ने घरों, इमामबाड़ों, कर्बलाओं और दरगाहों में बिजली की भव्य सजावट की तथा इलाकों में लाल झंडे लगा कर खुशी मनायी। इस खुशी में बड़ो व बच्चों ने खुश रंग लिबास पहने और अपने रिश्तेदारों, अजीजों व दोस्तों के यहां नज़्र चखने गये और गले लगकर इमाम की विलादत की मुबारकबाद दी।


